वर्ष 72 अंक 331 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 29 अगस्त, 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


पहले वह आप पर ध्यान नहीं देंगे फिर वह आप पर हसेंगे फिर वह आप से लड़ेंगे और तब आप दिख जाएंगे।
-महात्मा गांधी

# ओबीसी को 27% आरक्षण देने पर भाजपा-कांग्रेस 'साथ'

## सीएम हाउस में सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार की पहल पर गुरुवार को राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले पर राजनीतिक दलों में सहमति बन गई है। बैठक में तय हुआ कि इस मामले में अलग-अलग दलों और याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे अधिवक्ता 10 सितंबर को एक साथ बैठक कर आपसी निर्णय लेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर गुरुवार को सीएम निवास स्थित समत्व भवन में ओबीसी आरक्षण को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित दूसरे राजनीतिक दलों के प्रदेश अध्यक्ष व प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### हमारा लक्ष्य कोई नौकरी से वंचित न रहे

होल्ड-अनहोल्ड अभ्यार्थियों में से 14 प्रतिशत आरक्षण क्लियर हो गया था, लेकिन 13 फीसदी अभी तक लंबित है। सुप्रीम कोर्ट जल्द इसका निराकरण करेगी। हम सभी चाहते हैं कि 13 फीसदी का प्रकरण जल्द हल हो, ताकि उम्र सीमा को लेकर जो कैंडिडेट बाहर हो रहे हैं, उन्हें भी लाभ मिल जाए। उनकी नौकरी भी लगे। सरकार ने जिन विभागों में आरक्षण नहीं था, उनमें भर्ती की है। हम सभी दल चाहते हैं कि कोई भी बच्चा नौकरी से वंचित न रहें। ■ **डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री, मप्र

### हमारी सरकार ने किया आदेश जारी :हेमंत

हमारी सरकार ने ही ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने का विधिवत आदेश जारी किया था। विभिन्न दल अलग-अलग वकीलों के माध्यम से इस मुद्दे पर जो कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं, उनके बीच समन्वय का काम भी सीएम डॉ. मोहन यादव की पहल पर किया गया है। सर्वदलीय बैठक इस दिशा में एक अच्छी पहल है, जिसमें लिए मैं सीएम को धन्यवाद देता हूं।
■ **हेमंत खंडेलवाल**, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा

### भाजपा और इनसे जुड़े लोगों की तरफ से अड़ंगेबाजी थी


कमलनाथ सरकार ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून पारित किया था, किन्तु भाजपा और उनसे जुड़े लोगों ने इस पर आपत्ति जताते हुए रोड़ा अटकाया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की भी ओबीसी को 23 फीसदी आरक्षण देने की मंशा है। सर्वदलीय बैठक में हुए एकराय के बाद अब ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला खुल गया है।
■ **उमंग सिंघार**, नेता प्रतिपक्ष

### जिन्होंने रोका उन पर कार्रवाई हो

ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल स्वागत योग्य है, लेकिन इस मामले में जिन अधिकारी और अधिवक्ताओं की वजह से देरी हुई, उनके खिलाफ कार्रवाई भी होनी चाहिए।
■ **जीतू पटवारी**
प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस

### हमने भी मांग पत्र सौंपा है

सर्वदलीय बैठक में समाजवादी पार्टी ने भी सुझाव दिए हैं। हमने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपनी पार्टी की ओर से मांग पत्र सौंपा है।
■ **डॉ. मनोज यादव**
प्रदेश अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी

प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरित स्वदेशी आंदोलन का जश्न !







## 50% टैरिफ: रिश्तों में तल्खी के बीच व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार का बयान

# अमेरिका की धमकी, अगर भारत नहीं झुका तो, ट्रंप भी नहीं झुकेंगे

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने कहा कि अगर भारत ने व्यापार को लेकर रुख नहीं बदला तो ट्रंप और सख्ती करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर भारत झुकने से इनकार करता है तो ट्रंप भी पीछे नहीं हटेंगे। हैसेट ने कहा, व्हाइट हाउस भारत के रवैये से निराश है, क्योंकि अमेरिका ने भारतीय सामानों पर टैरिफ दोगुना कर दिया है, लेकिन भारत अब भी अमेरिकी उत्पादों के लिए अपना बाजार खोलने को तैयार नहीं है। अगर ऐसा ही रहा तो अमेरिका और कड़े कदम सकता है। हैसेट ने बताया कि भारत पर टैरिफ रूस पर दबाव बनाने के लिए लगाए गए हैं, ताकि रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता कराया जा सके। और लाखों लोगों की जान बच सके। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2% (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह 45% (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। दो साल से भारत हर साल 11.33 लाख करोड़ से ज्यादा का तेल खरीद रहा है।

### टैरिफ के बीच पीएम मोदी जापान रवाना, 31 को जाएंगे चीन



यूएस टैरिफ तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार से दो देशों के अहम दौरे पर रवाना हो गए। 29-30 अगस्त को जापान की यात्रा के बाद मोदी शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने चीन भी जाएंगे। 29 अगस्त को मोदी टोक्यो पहुंचेंगे। यहां जापान के पीएम शिगेरु इशिबा के साथ 15वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। मोदी का जापान दौरा कई मायनों में अहम होगा। मोदी ने 2018 में जापान की यात्रा की थी। मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग 31 अगस्त को तियानजिन शहर में एससीओ समिट में मिलेंगे। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह दूसरी औपचारिक मुलाकात होगी। दोनों आखिरी बार पिछले साल अक्टूबर में ब्रिक्स समिट में रूस के कजान में मिले थे। इसमें भारत और चीन में सीमा विवाद को बातचीत से सुलझाने पर सहमति बनी थी। मोदी इस दौरे में जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और कई सेंट्रल एशियाई देशों के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

### ट्रंप के सलाहकार बोले-यूक्रेन जंग 'मोदी वॉर'

ट्रंप के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने यूक्रेन जंग को 'मोदी वॉर' बताया है। नवारो ने बुधवार को ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में भारत पर जंग को बढ़ावा देने और दोहरा खेल खेलने का आरोप लगाया। नवारो ने कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है। नवारो ने कहा, रूस-चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा-भारत तुम तानाशाहों के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया। और रूस जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं। उन्होंने मोदी पर एरोगेंट (घमंडी) होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भारत का हर रोज 15 लाख बैरल रूसी तेल खरीदना, यूक्रेनी लोगों को मारने हथियार, ड्रोन और बम खरीदने के लिए काफी है।

### इधर, सेंसेक्स 706, निफ्टी 211 अंक लुढ़का

गुरुवार, 28 अगस्त को सेंसेक्स 706 अंक गिरकर 80,081 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में करीब 211 अंक की गिरावट रही, ये 24,501 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में गिरावट और 6 में तेजी रही। निफ्टी के 50 में 36 शेयर्स गिरे, जबकि 14 चढ़कर बंद हुए। एनएसई के सभी इंडेक्स में गिरावट रही।

### टैरिफ बेहद चिंताजनक भारत सावधानी से कदम उठाए: रघुराम राजन



आरबीआई के पूर्व गवर्नर और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने 50 फीसदी टैरिफ को बेहद चिंताजनक बताया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर हमें किसी एक देश पर बहुत अधिक निर्भर नहीं रहना चाहिए। हमें पूर्व की ओर, यूरोप की ओर, अफ्रीका की ओर देखना चाहिए और ऐसे सुधारों को लागू करना चाहिए जो हमें अपने युवाओं को रोजगार देने के लिए जरूरी 8 से 8.5 प्रतिशत की विकास दर हासिल करने में मदद करे। अमेरिका के फैसले पर कहा कि आज की वैश्विक व्यवस्था में व्यापार, निवेश, वित्त को तेजी से हथियार बनाया जा रहा है। ऐसे में भारत को सावधानी से कदम उठाने चाहिए। हालांकि, उन्होंने रूस से तेल आयात करने की नीति का फिर से मूल्यांकन का सुझाव दिया।

## एक वर्ष और रहेंगे सीएस जैन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** वरिष्ठ आईएसएस अधिकारी अनुराग जैन अगले एक वर्ष तक प्रदेश के मुख्य सचिव बने रहेंगे। केंद्र सरकार ने कार्यकाल एक साल बढ़ाने का गुरुवार को आदेश जारी कर दिया। अब जैन अगस्त 2026 तक इस पद पर रहेंगे। सीएम डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की है और उनसे अपनी व सरकार की मंशा से अवगत कराया था। राज्य सरकार के प्रस्ताव पर केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय ने 1989 बैच के आईएएस जैन का कार्यकाल एक साल बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया। सीएम डॉ. यादव ने स्वयं इस निर्णय की जानकारी सोशल मीडिया पर ट्वीट कर दी। उन्होंने जैन के सेवा विस्तार की घोषणा करते हुए लिखा, मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन को सेवा विस्तार के लिए हार्दिक बधाई। उनके अनुभव और नेतृत्व से राज्य को और मजबूती मिलेगी।




## राम मंदिर: अब आरती में शामिल हो सकेंगे श्रद्धालु

**अयोध्या, जेएनएन।** अब राम मंदिर के प्रथम तल पर प्रतिष्ठित राजा राम के दरबार की आरती में भी श्रद्धालु सम्मिलित हो सकेंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने भक्तों को आरती में सम्मिलित कराने के लिए वॉक इन सुविधा शुरू की है। अब भक्तों को यात्री सेवा केंद्रों से ही भौतिक उपस्थिति के आधार पर आरती पास जारी किए जा रहे हैं। प्रथम तल पर स्थानाभाव के कारण अभी तीनों आरतियों के लिए रोजाना सिर्फ 15-15 आरती पास ही दिए जा रहे हैं। निर्माण कार्य पूरा होने और कारिडोर बनने के बाद आरती में भक्तों की संख्या भविष्य में बढ़ाई जा सकती है। परिसर के परकोटे के मध्य निर्मित छह पूरक मंदिरों में प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ राम मंदिर के प्रथम तल पर पांच जून को ही राम दरबार को भी प्रतिष्ठित किया गया था।

### ऑफ बीट

## इंसान में लगाया सूअर का फेफड़ा



*विज्ञान दिन पर दिन तरक्की करता जा रहा है और वैज्ञानिक हमेशा नए-नए अध्ययन करने में लगे रहते हैं। इसी बीच वैज्ञानिकों को एक ऐसी उपलब्धि हासिल हुई है, जो लाखों लोगों की जान बचाने में मदद कर सकती है। पहली बार वैज्ञानिक किसी ब्रेन डेड इंसान में सूअर का फेफड़ा लगाने में सफल हुए हैं। इसकी मदद से वह व्यक्ति 9 दिनों तक सांस ले सका था। यह अंग प्रत्यारोपण यानि ऑर्गन ट्रांसप्लांट चीन के गुआंगझोउ मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रथम संबद्ध अस्पताल में किया गया। इसके जरिए पहली बार एक इंसान के अंदर सूअर का फेफड़ा लगाया गया था। इससे पहले इंसानों के शरीर में सूअर का दिल और किड़नी लगाने के प्रयास किए जा चुके हैं।*

## वाट्सएप का एआई मैसेज भी लिखेगा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** वाट्सएप पर जब भी आप किसी को मैसेज भेजते हैं तो कई बार नॉर्मल टेक्स्ट टाइप करना भी ज्यादा मुश्किल लगता है। इसी समस्या दूर करने कंपनी कमाल का फीचर लेकर आई है। इससे अब मैसेज लिखना और आसान होगा। कंपनी ने नए एआई राइटिंग हेल्प टूल पेश किया है। यह तब काम आता है, जब आप यह तय नहीं कर पाते कि क्या कहना सही रहेगा या अच्छे तरीके से कैसे कह सकते हैं। इन सभी में यह टूल काफी ज्यादा हेल्प कर सकता है। टूल की मदद से आप न सिर्फ किसी मैसेज को प्रोफेशनल टोन में लिख सकते हैं, बल्कि किसी को खुश करने मजेदार वन-लाइनर, खास पर्सन को स्पेशल मैसेज भी लिख सकते हैं।

### राष्ट्रपति, गवर्नर की पावर पर बहस, केंद्र ने पूछा

## क्या सैन्य बल तैनात करने से पहले सुप्रीम कोर्ट आएं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राज्यपालों और राष्ट्रपति की ओर से किसी विधानसभा से पारित बिल पर लंबे समय तक निर्णय न लेने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल में एक आदेश दिया था। बेंच ने विधेयकों पर फैसले के लिए 90 दिन की लिमिट तय कर दी थी, जिस पर राष्ट्रपति ने अदालत में रेफरेंस दाखिल किया है। उन्होंने पूछा है कि क्या सुप्रीम कोर्ट की ओर से राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए टाइमलाइन तय की जा सकती है। इसी पर 5 दिन सुनवाई चल चुकी है और गुरुवार को फिर से दिलचस्प बहस देखने को मिली।

केंद्र सरकार के वकील तुषार मेहता ने कहा कि इस तरह यदि बिलों को रोकने की बात अदालत में आई है तो क्या किसी विधेयक को मंजूरी पर भी ऐसा हो सकता है। यही नहीं उन्होंने राज्यपाल और राष्ट्रपति के विवेकाधिकार एवं परिस्थितिजन्य निर्णय लेने की क्षमता पर अदालत में विचार होने पर भी सवाल उठाया।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मान लीजिए कि किसी राज्य में कानून व्यवस्था की समस्या हो गई है। स्थानीय पुलिस स्थिति को संभाल नहीं पा रही है। ऐसे में क्या अर्धसैनिक बलों की तैनाती से पहले केंद्र सरकार को अदालत में अर्जी दाखिल करनी चाहिए। मेरा तो जवाब है कि ऐसा नहीं हो सकता। यही नहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आर्टिकल 32 के तहत तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों की ओर से अर्जी दाखिल करने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 32 में मूलभूत अधिकारों की रक्षा की बात कही गई है।

## बिहार में 3 पाकिस्तानी आतंकी घुसे, अलर्ट



**पटना, जेएनएन।** बिहार में नेपाल के रास्ते 3 पाकिस्तानी आतंकियों ने घुसपैठ की है। पीएचक्यू ने तीनों की फोटो रिलीज की हैं। सभी के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने की खबर है। पुलिस ने जिन आतंकियों की फोटो जारी की है, उनमें हसनैन अली, आदिल हुसैन व मोहम्मद उस्मान हैं। हसनैन रावलपिंडी, आदिल उमरकोट व उस्मान बहावलपुर का रहने वाला है। पुलिस ने सभी जिलों को खुफिया तंत्र को एक्टिव रखने, इनपुट जुटाने व संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। मोतिहारी पुलिस ने तीनों आतंकियों पर 50 हजार रुपए इनाम की घोषणा की है। बिहार में घुसे तीनों आतंकियों का पासपोर्ट भी सामने आया है। बताया जाता है कि तीनों आतंकी मोतिहारी के रक्सौल बॉर्डर से बिहार में घुसे हैं।

## तेलांगना के मुख्यमंत्री की शैली में गणेश प्रतिमा



हैदराबाद में तेलांगना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की पोशाक शैली में गणेश प्रतिमा स्थापित की है। 'तेलंगाना राइजिंग' थीम पर आधारित इस प्रतिमा में गणेश जी को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की तरह सफेद शर्ट, काली पतलून और हरे रंग का शाल पहने हुए दिखाया गया है। उल्लेखनीय है कि ऐसी पोशाक सीएम रेड्डी ने पदयात्रा के दौरान पहनी थी, जिसमें तस्वीर खूब वायरल हुई थी।

## गेमिंग बिल के खिलाफ हाईकोर्ट में कल सुनवाई

**बेंगलुरु, जेएनएन।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनी ए23 की याचिका पर कर्नाटक हाई कोर्ट 30 अगस्त को सुनवाई करेगा। इस याचिका में भारत में ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूरी तरह बैन लगाने वाले नए कानून को चुनौती दी गई है। याचिका को तुरंत सुनवाई के लिए बुधवार को सीनियर वकील सी. आर्यमा सुंदरम और धन्य चिनप्पा ने कोर्ट के सामने पेश किया। 22 अगस्त को ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी। अब ये कानून बन गया है। 21 अगस्त को राज्यसभा ने और उससे एक दिन पहले लोकसभा ने प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 को मंजूरी दी थी। इस बिल को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पेश किया था। ए23 की पैरेंट कंपनी हेड डिजिटल वर्क्स का कहना है कि ये कानून उन गेम्स को भी बैन करता है, जो स्किल-बेस्ड हैं, जैसे रमी और पोकर। भारत में 70 सालों से सुप्रीम कोर्ट और कई हाईकोर्ट ने स्किल-बेस्ड गेम्स को गैंबलिंग से अलग माना है।

### सुरक्षा

### एनएआरआई की सालाना रिपोर्ट: पटना और दिल्ली में महिलाएं सबसे कम सुरक्षित

# मुंबई और कोहिमा देश में महिलाओं के लिए सबसे सेफ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोहिमा, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई देश में महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर हैं। वहीं, पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर और रांची महिलाओं के लिए सबसे कम सुरक्षित शहरों में से हैं।यह जानकारी नेशनल एनुअल रिपोर्ट एंड इंडेक्स ऑन वुमेंस सेफ्टी (एनएआरआई) 2025 में सामने आई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कोहिमा और दूसरे सबसे सुरक्षित शहरों में महिलाओं को ज्यादा समानता, नागरिक भागीदारी, बेहतर पुलिस व्यवस्था और महिलाओं के लिए अनुकूल ढांचा मिला। वहीं, पटना और जयपुर जैसे शहरों में संस्थागत प्रतिक्रिया कमजोर, पैट्रियार्क (पितृ सत्तात्मक) सोच और शहरी ढांचे में कमी के कारण महिला सुरक्षा की स्थिति खराब है। यह सर्वे 31 शहरों में 12 हजार 770 महिलाओं के सर्वे पर किया गया था। रिपोर्ट गुरुवार को जारी की गई। इसमें नेशनल सिक्योरिटी स्कोर 65% बताया गया है। शहरों को इस स्कोर के आधार पर अलग-अलग कैटेगरी में रखा गया है।

**3 में से 2 महिलाएं उत्पीड़न की शिकायत नहीं करतीं:** सर्वे से पता चला कि सिर्फ 25% महिलाओं को ही सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई होने का भरोसा है। 69% महिलाओं ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा उपाय कुछ हद तक पर्याप्त हैं। वहीं 30% से ज्यादा ने बड़ी कमियों पर सवाल उठाए। केवल 65% ने 2023-2024 के दौरान महिला सुरक्षा में सुधार महसूस किया। 7% महिलाओं ने कहा कि उन्होंने 2024 में पब्लिक प्लेस पर हैरेसमेंट का अनुभव किया। 24 साल से कम उम्र की महिलाओं में यह आंकड़ा बढ़कर दोगुना यानी 14% हो गया। पब्लिक ट्रांसपोर्ट (29%) और पड़ोस (38%) को अक्सर उत्पीड़न होने वाली जगहों के रूप में बताया गया फिर भी 3 में से सिर्फ 1 पीड़ित ने ही घटना की शिकायत की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 3 में से 2 महिलाएं उत्पीड़न की शिकायत नहीं करती हैं। इसका मतलब है कि एनसीआरबी को ज्यादातर घटनाएं पता ही नहीं चलतीं। इसमें अपराध डेटा को एनएआरआई जैसे सर्वेक्षणों के साथ जोड़ने की बात कही गई।

### 91 फीसदी महिलाओं ने वर्किंग प्लेस पर खुद को बताया सुरक्षित



सर्वे से शामिल 10 में से 6 महिलाओं ने अपने शहर में सुरक्षित कहा, लेकिन 40% अभी भी खुद को ज्यादा सुरक्षित नहीं या असुरक्षित मानती हैं। सर्वे से पता चला कि महिलाएं रात के समय पब्लिक ट्रांसपोर्ट और घूमने की जगहों पर कम सुरक्षित महसूस करती हैं। एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में 86% महिलाएं दिन में खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। हालांकि, रात में या कैंपस के बाहर सुरक्षा की भावना काफी कम हो जाती है। करीब 91% महिलाएं वर्किंग प्लेस पर सुरक्षित महसूस करती हैं। फिर भी इनमें से आधी महिलाओं को यह जानकारी नहीं है कि उनके ऑफिस में महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकने (पीओएसएच) की कोई पॉलिसी है या नहीं, जिन जगहों पर ऐसी नीतियां हैं, वहां की महिलाओं ने उन्हें प्रभावी बताया।

### आरोपी की तलाश में बायपास पर गश्ती


## आरोपी को पकड़ने पहुंचे हेड कांस्टेबल को बोलेरो ने उड़ाया



**जागरण, जबलपुर।** मुखबिर की सूचना पर अपराधी की धरपकड़ करने पहुंची टीम में शामिल हेड कांस्टेबल को एक तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हेड कांस्टेबल कई फीट ऊपर उड़कर सड़क पर गिर पड़ा, जिस समय गाड़ी ने पुलिस कर्मी को टक्कर मारी वह बायपास पर घूमकर अपराधी को पकड़ने की फिराक में था। हेड कांस्टेबल ने अस्पताल पहुंचने के पहले ही दम तोड़ दिया। टक्कर मारने वाला चालक गाड़ी सहित फरार हो गया। पुलिस इसे संदिग्ध मामला मान रही है। जानकारी के मुताबिक, जबलपुर के संजीवनी नगर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक अभिषेक शिंडे अपराधी की तालाश में अंधमूक बायपास के पास सक्रिय थे, तभी तेज रफ्तार एक बोलेरो जीप ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत ही भेड़ाघाट थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद संजीवनी नगर थाना पुलिस सहित भेड़ाघाट पुलिस पहुंची और इलाज के लिए अभिषेक को मेडिकल कॉलेज ले गई, जहां डाक्टरों की टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही जबलपुर एसपी संपत उपाध्याय उन्हें देखने के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचे। अभिषेक कई बार अपराधियों से अकेले भी भिड़ चुके थे। टीआई ने टास्क दिया था कि अंधमूक बायपास के पास अपराधी सक्रिय हैं, जिन्हें पकड़ना है। पुलिस इसे साजिश मानकर जांच कर रही है। पुलिस ने बोलेरो जब्त कर ली है।

# मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिवों से मिल सांसद ने सतना, मैहर के लिए रखे विकास के प्रस्ताव

## टाइगर सफारी सहित मैहर जिले से नहीं पृथक हो गांव, किसानों को खाद की सुगमता खेल प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग



**जागरण, सतना।** लोकसभा क्षेत्र सतना में विकास के कई प्रस्तावों को लेकर सतना सांसद गणेश सिंह ने गुरूवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर सांसद व सीएम के बीच बातचीत हुई। सांसद द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री की सहमति मिली तो कई मुद्दों पर अधिकरियों को निर्देश दिए कि इन प्रस्तावों पर कार्य कैसे किए जाएंगे इस पर सांसद श्री सिंह के साथ बैठ पूरी योजना समझ कर जानकारी देने की बात भी कही गई। सीएम से मिलने और अपने प्रस्ताव रखने के बाद सांसद ने इस बात का पुरजोर विरोध मुख्यमंत्री के सामने किया कि उनके लोकसभा क्षेत्र में आने वाले मैहर जिले से मुकुंदपुर टाइगर सफारी समेत अन्य गांव गुपचुप तरीके से रीवा में जोड़ने की योजना बनाई गई जो नहीं होना चाहिए। सफारी समेत सभी गांव मैहर जिले में रहें। बरगी नहर को लेकर भी सीएम से सांसद ने चर्चा कर सतना में हो रही यूरिया खाद की समस्या के बारे में जानकारी देकर अपने मोबाइल से कुछ तस्वीरे दिखाई और बताई कि आखिर खाद के लिए उनके लोस क्षेत्र में किसानों को कैसी परेशानी हो रही है। सांसद ने सीएम से कहा कि किसानों को खाद सुगमता से उपलब्ध हो इसके इंतजाम किए जाएं । इसके बाद विभागों के प्रमुख सचिवों से अलग.अलग मुलाकातें कीं। इन मुलाकातों में सतना जिले के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें जल संसाधन खेल प्रशिक्षण केंद्र और राष्ट्रीय राजमार्ग शामिल हैं। सांसद सिंह ने केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता और समर्थन प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार से प्रस्ताव तैयार करने भी कहा है।

### पीएस खेल विभाग से मिले सांसद वर्ल्ड क्लॉस इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रेनिंग सेंटर की दरकार

मुख्यमंत्री डॉ यादव को अपना प्रस्ताव देने के बाद सांसद गणेश सिंह ने प्रमुख सचिव खेल विभाग मनीष सिंह से मुलाकात की और सतना में खेल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि सतना शहर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 36 करोड़ रुपये की लागत से एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया गया हैए जो अंतरराष्ट्रीय खेल संघों के मानकों पर खरा उतरता है। इसके अलावाए दादा सुखेंद्र सिंह के नाम से 11 करोड़ रुपये की लागत से एक स्टेडियम तैयार किया गया हैए जिसमें फुटबॉल वॉलीबॉल और एथलेटिक्स के सभी खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है।

# डेयरी व आवारा मवेशियों को शहर से किया जाये बाहर

## तकनीकी एवं समन्वय सलाहकार ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सतना।** शहर के अंदर संचालित डेयरियों और आवारा मवेशियों को शहर से बाहर किये जाने के लिए तकनीकी एवं समन्वय सलाहकार ससंदीय क्षेत्र सतना रमाकान्त शुक्ला ने कलेक्टर के नाम एक पत्र डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा को सौपा है। पत्र में उन्होने उल्लेख किया है कि आवारा मवेशियो के चलते जहां आये दिन दुर्घटनाए हो रही है वहीं गंदगी भी फैल रही है। शहर के अंदर डेयरिया संचालित होने से भी शहर में जमकर गंदगी फैल रही है। अब तक शासन स्तर से कोई प्रयास नही किये गये जिसके चलते शहर वासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। श्री शुक्ला ने सन 2017 में भारत सरकार द्वारा सतना शहर को स्मार्ट सिटी को दर्ज दिया गया था स्मार्ट सिटी के अन्दर डेरी फार्म होने से अनेंक परेशानी उत्पन्न हो रही है। स्मार्ट सिटी शहर में डेरी फार्म नहीं होना चाहिए उसका मुख्य कारण है कि जब रोड पर जानवर डेरी से बाहर निकलते हैं उस समय पूरी रोडो में गोबर करते हुए जाते हैं साथ ही डिवाइडरों में लगे पेड़.पौधों को भी बहुत नुकसान पहुँचाते है। वर्तमान समय में सतना शहर के अंदर पाँच हजार से भी अधिक आवारा जानवर होने से आए दिन दुर्घटना के साथ.साथ शहर की रोड़ों पर बहुत गंदगी फैल रही है। इसके साथ.साथ शौन्द्रीकरण के रूप में डिवाइडर एवं रोडों पर लगे पौधों को भी नुकसान पहुँचाया जा रहा है। शहर से आवारा जानवरो एवं डेरी फार्म को पूरी तरह से शहर से बाहर शिफ्ट किये जाने से एक नवीन पहल होगी और आये दिन जानवरो के कारण हो रही दुर्घटना भी कम होगी। शहर के भीतर पालतू जानवरों को आवारा छोड़े जाने पर मध्यप्रदेश नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा 358 के तहत जुर्माना की कार्यवाही करने का प्रावधान भी है। श्री शुक्ला ने कहा कि जबलपुर में आज से 20 वर्ष पूर्व सभी डेरी फार्म शहर से दूर पनागर में शिफ्ट कर दिया गया था। उसी आधार पर सतना शहर के बाहर शासकीय भूमि आवंटित कर डेरी फार्म शिफ्ट कर आमजन की समस्याओं को समाप्त किया जाये।

# नवरात्रि की तैयारियों को लेकर देवी चौकी में नगर पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

**जागरण, मैहर।** आगामी नवरात्रि पर्व को देखते हुए मैहर सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान एवं चौकी प्रभारी अरविंद द्विवेदी के सानिध्य में देवी जी चौकी परिसर में व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधाओं यातायात व्यवस्था सुरक्षा प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण जैसे अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि नवरात्रि के दौरान आने वाले दर्शनार्थियों के साथ व्यापारियों का व्यवहार सौहार्दपूर्ण होना चाहिए ताकि नगर में अमन.चैन और शांति का माहौल बना रहे।

# भाषाई एकात्मता के लिए ग्रामोदय उड़िया भाषा सिखाएगा



**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय भाषाई एकात्मकता के लिए उड़िया भाषा सिखाएगा। इस आशय का निर्णय उच्च शिक्षाए तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में संपन्न प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों की बैठक में दिए गए निर्देश के क्रियान्वयन के क्रम में लिया गया है। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा स्वयं भी इस बैठक में मौजूद रहे हैं। कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि भाषाई एकात्मता के लिए ग्रामोदय विश्वविद्यालय की अकादमिक शाखा को एनईपी 2020 के प्रावधानों के अनुरूप उड़िया भाषा में पाठयक्रम सृजन , पाठ्यक्रम के स्तर निर्धारणए उड़िया भाषा में अध्ययन, अध्यापन, शोध के लिए सैद्धांतिक व व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करने के आदेश दिए हैं। कुलगुरु प्रो मिश्रा ने बताया कि उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार का मानना है कि देश के हृदय प्रदेश की संज्ञा से सुशोभित हिंदी भाषी मध्यप्रदेश भारत की अनेकता में एकता की संस्कृति को चरितार्थ करते हुए एक नई पहल कर रहा है। श्री परमार का कहना है कि हम इस नवाचार के माध्यम से सभी भाषाओं के प्रति अपना प्रेम संदेश भी प्रेषित करना चाहते हैं।

# नगरपालिका कर्मचारी से की गई मारपीट



**जागरण, मैहर।** नगर पालिका के अतिक्रमण प्रभारी प्रवीण तिवारी पर आज अतिक्रमण हटाते वक्त कुछ लोगों द्वारा मारपीट की गई जिस पर नगर पालिका के समस्त कर्मचारी मैहर थाने पहुंचकर मारपीट करने वाले व्यक्तियों के खिलाफएफआई आर दर्ज कराई वहीं प्रवीण तिवारी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा आज जब कटरा बाजार पर अतिक्रमण हटाया जा रहा था तो वहां पर अतिक्रमण किए हुए कुछ लोग वहां आकर उनसे गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे हालांकि मारपीट करने वालों के खिलाफमैहर थाने में विभिन्न धाराओं पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है वहीं नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों का कहना है कि यदि मारपीट करने वाले व्यक्तियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके पुलिस उन पर कड़ी कार्रवाही नहीं करती है तो समस्त नगर पालिका कर्मचारी अपना काम बंद करके धरने पर बैठ जाएंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मैहर जिले के प्रशासन की होगी।

# एकेएस सतना में पद्मश्री डॉ बीके जैन का शॉल, श्रीफल से सम्मान



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के दीक्षारंभ समारोह 2025 में पद्मश्री डॉ बुधेन्द्र कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें शाल श्रीफल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। समारोह का संचालन लॉ विभाग के डीन सुधीर जैन ने किया जबकि स्वागत भाषण सूर्यनाथ सिंह गहरवार ने दिया। डॉ जैन जो चित्रकूट स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के संस्थापक निदेशक एवं ट्रस्टी हैंए को वर्ष 2025 में ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदान करने हेतु पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया गया है। यह भारत का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना की और बताया कि अब तक उनके प्रयासों से 17 लाख से अधिक लोगों को नेत्रज्योति प्राप्त हुई हैए तथा प्रतिवर्ष 1.65 लाख से अधिक ऑपरेशन संपन्न किए जाते हैं। मप्र और उप्र में 130 प्राथमिक नेत्र जांच केंद्रों का सुदृढ़ नेटवर्क दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहा है। उन्होंने गुरु रणछोड़दास महाराज द्वारा स्थापित सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट का उल्लेख करते हुए युवाओं को सेवा करुणा और अनुशासन की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो.चांसलर अनंत कुमार सोनीए कुलपति प्रो बीए चोपड़े प्रो आरएस त्रिपाठी एवं प्रति कुलपति डॉ हर्षवर्धन सहित अनेक गणमान्यजनों ने विचार व्यक्त किए।

# प्रजापति संघ के पदाधिकारी बनाये गये



**जागरण, सतना।** जिला प्रजापति कुम्हार संघ सतना मैहर की बैठक संपन्न बैठक के मुख्य अतिथि मनीलाल प्रजापति शिक्षक एवं अधिकारी. कर्मचारियों संघ विधानसभा अध्यक्ष अमरपाटन बैठख की अध्यक्षता गोरेलाल प्रजापति संघ जिला अध्यक्ष पूर्व जनपद पंचायत सदस्य रामपुर बघेलान विशिष्ट अतिथि कुंजीलाल प्रजापति अ भ कु संघ जिला अध्यक्ष बीड़ी भगवानदीन प्रजापति जिला उपाध्यक्ष संतोष गिब्बा प्रजापति जिला कोर कमेटी सदस्य रामेश प्रजापति पूर्व पार्षद मैहर रामसजीवन प्रजापति महामंत्री राजीव चक्रवर्ती सचिव अमृतलाल प्रजापति युवा क्रांतिकारी जनसेवक प्रमोद प्रजापति मीडिया प्रभारी मझगवां संतोष प्रजापति सरपंच लालपुर अमरपाटन दुलीचंद प्रजापति ब्लाक अध्यक्ष अमरपाटन झुरुलाल प्रजापति ब्लाक अध्यक्ष मैहर ज्ञानी प्रजापति सचिव मैहर राकेश प्रजापति चोरहटा सहित अन्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया से चुनाव कराया गया ब भी पदों के लिए एक एक आवेदन आएं जहां राजकुमार प्रजापति भरौली जिला अध्यक्ष एवं उत्तम प्रजापति युवा जिला अध्यक्ष संतोष प्रजापति लालपुर उपाध्यक्ष रामलखन प्रजापति बरकुला कोषाध्यक्ष भीमसेन प्रजापति तिंदूहटा सचिव झुर्रूलाल प्रजापति उमरीफीफ्री संगठन मंत्री पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया से चुनाव किया गया जहां 6 माह के लिए निर्विरोध नव.निर्वाचित हुए और 6 माह के अंदर प्रजापति समाज मैहर जनकल्याण उत्थान के लिए रजिस्ट्रेशन बैक खाता चुनाव समिति का गठन करके समाज को समर्पित करेंगे तथा समाज की जनसमस्याओं तथा दुःख सुख में मदद सहयोग करने का प्रयास करेंगे वहीं बैठक में उपस्थित रमेश प्रजापति पूर्व पर्षद तीरथ प्रजापति अरुण प्रजापति भल्लू प्रजापति शिवरतन प्रजापति ज्ञानी प्रजापति कुचची लाल प्रजापति रामलखन प्रजापति दीपक प्रज्वलित कोडूलाल प्रजापति नरेश विवेक राजेश धनीलाल लेखनी अमृतलाल,संतोष प्रजापति गिब्बा कपिल प्रवीण मनी लाल राजीव राम सजीवन राकेश प्रमोद सहित अन्य पदाधिकारीगण सदस्यगण वरिष्ठ गणमान्य जन उपस्थित रहे ।

# कलेक्टर ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण



**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने गुरूवार को संबंधित अधिकारियों के साथ सोहावल और नागौद विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन तथा विभागीय गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस मौके पर सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी, अशोक मिश्रा, कृषि यंत्री एवं कृषि से संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सबसे पहले सोहावल विकासखण्ड के ग्राम बराकला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र की गतिविधियों तथा लोगों को प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने आरोग्य मंदिर में संधारित दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम तूमिन और मुडहा कला में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कस्टम हायरिंग योजना के तहत हितग्राही जगदीश सिंह चौहान और अमित तिवारी के स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटर का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कस्टम हायरिंग की गतिविधियों नरवाई प्रबंधन और कृषि यंत्रों के किसानों द्वारा लिये गये लाभ के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने सोहावल विकासखण्ड के ग्राम मुडहा कला में शासकीय माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों के पास किताबों एवं पाठ्य सामग्री की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय की पठन-पाठन की गतिविधियों के बारे में भी पूंछतांछ की। मुडहा विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मध्यान्ह के पूर्व कक्षा 6 में संस्कृत का एक पीरियड केवल पढाये जाने और कुछ बच्चों को किताबें नहीं मिलने की स्थिति में शाला के प्रधानाध्यापक कल्याणपति चतुर्वेदी, जन शिक्षक उदय तिवारी और बीआरसीसी दिवाकर तिवारी की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। प्रधानाध्यापक स्वयं गणित विषय के शिक्षक है लेकिन विद्यालय में आज तक गणित विषय का अध्यापन शुरू नहीं करने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। मुडहा कला के सरपंच प्रमोद सिंह ने बताया कि विद्यालय की बाउंड्री बाल और मध्यान्ह भोजन की किचेन शेड क्षतिग्रस्त हो गया है। कलेक्टर ने मरम्मत का प्रस्ताव तैयार कर जिला स्तर पर भेजने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने उचित तरीके से स्कूल का संचालन नहीं पाये जाने पर प्रधानाध्यापक और जन शिक्षक तथा बीआरसीसी की वार्षिक वृद्धि रोकने नोटिस जारी करने के निर्देश डीपीसी को दिये।

# श्याम समिति द्वारा भजनों से गूंज उठा शहर, हजारों श्रद्धालु हुए भावविभोर



**सतना।** श्याम समिति सतना द्वारा पुरानी आबकारी सराफ बाजार रोड मे आयोजित खाटू श्याम जी के भव्य जन जागरण भजन संध्या में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में न केवल पुरानी आबकारी बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचे और देर रात तक श्याम बाबा के भजनों का आनंद लिया। भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत किए गए मधुर भजनों से पूरा पंडाल बाबा खाटू श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम और खाटू श्याम नाम की महिमा अपरंपार जैसे जयकारों से गूंज उठा। भक्त भावविभोर होकर नृत्य करते रहे और वातावरण पूर्णतः श्याम रंग में रंग गया। महिलाओं बच्चों और युवाओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। आयोजकों ने श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी कीए जिसका सभी ने लाभ उठाया। कार्यक्रम का समापन खाटू श्याम बाबा की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजकों ने बताया कि श्याम बाबा के आशीर्वाद से यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल रहा और भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# माँ शारदा रोपवे पर सुरक्षा एवं शिष्टाचार प्रशिक्षण आयोजित



**जागरण, मैहर।** श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए माँ शारदा रोपवे पर दामोदर इन्फ्रा लिमिटेड और सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज द्वारा विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में रोपवे पर तैनात सुरक्षा कर्मियों और भीड़ से सीधे संवाद करने वाले स्टाफ को व्यवहार शिष्टाचार भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा प्रोटोकॉल से जुड़ी बारीकियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि रोपवे पर आने वाले श्रद्धालुओं को न केवल सुरक्षित यात्रा मिले बल्कि उन्हें सहयोगपूर्ण और सकारात्मक अनुभव भी प्राप्त हो। स्टाफ को यह भी सिखाया गया कि किसी भी आपात स्थिति में कैसे त्वरित और प्रभावी ढंग से कार्रवाई की जाए। दामोदर इन्फ्रा लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिषेक चमारिया ने कहारू माँ शारदा रोपवे पर हर दिन हज़ारों श्रद्धालु आते हैं। उनकी सुरक्षा और सुखद अनुभव हमारी पहली जिम्मेदारी है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से हमने अपनी टीम को न सिर्फ तकनीकी और सुरक्षा मानकों के प्रति सजग किया हैए बल्कि उन्हें शिष्टाचार और सहानुभूति के साथ श्रद्धालुओं की सेवा करने के लिए भी तैयार किया है। हमें विश्वास है कि इससे श्रद्धालुओं का विश्वास और भी मजबूत होगा।

# सामाजिक अंकेक्षण के दौरान अनुपस्थित रहीं नोडल अधिकारी

## कलेक्टर के आदेश से लगाई गई थी ड्यूटी



**जागरण, सतना।** सामाजिक अंकेक्षण की विशेष ग्राम सभा का आयोजन जीएसएस के सहयोग से जनपद पंचायत नागौद की ग्राम पंचायत जसो में ग्राम सभा अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा के अनुमति से ग्राम सभा का संचालन किया गया। जिसका वाचन पुष्पा प्रजापति के द्वारा किया गया जिसमें पीएम आवास 4 ऑन गोइंग 35 पूर्ण, 1 पर्कोलेशन टैंक निर्माण कार्य,1 डग पोंड निर्माण कार्य , 1 पीसीसी रोड निर्माण कार्य 1 पक्की नाली निर्माण कार्य 1 सुदूर सड़क निर्माण कार्य, 1 खेत तालाब निर्माण कार्य, 4 कपिलधारा कूप निर्माण कार्य, 1 वसुधा वंदन अमृत वाटिका तालाब के पास, 3 सामुदायिक स्वच्छता पार्क, 1 रंग मंच निर्माण कार्यए और 1 खेल मैदान निर्माण कार्य उक्त सभी कार्य पाए गए। जिसमे सरपंच सचिव रोजगार सहायक सचिव एवं ग्राम वासी उपस्थित रहेए जिसमें ग्राम सभा का अभिमत सहमत रहा। लेकिन नोडल अधिकारी सुश्री आंचल पटनहा अनुपस्थित रहीं। अन्य कोई बिन्दु न होने के कारण सामाजिक अंकेक्षण की विशेष ग्राम सभा का समापन अध्यक्ष की अनुमति से 03: 00 बजे किया गया ।

# गाजे -बाजे के साथ निकली महर्षि कश्यप ऋषि की शोभायात्रा




**जागरण, सतना।** महर्षि कश्यप जयंती गुरुवार को जिलेभर में बड़े धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। श्री वैश्य परिषद के नेतृत्व में कश्यप चौक टिकुरिया टोला से गाजे.बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कशोधन धर्मशाला में संपन्न हुई। जगह.जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा प्रसाद एवं फलों का वितरण किया गया। आकर्षक झांकियां इस शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहीं। इससे पूर्व प्रातःकाल पुराना पावर हाउस से प्रभात फेरी निकाली गईए जो विभिन्न चौक.चौराहों से होती हुई कशोधन धर्मशाला पहुंची। वहां शिव मंदिर में प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया गया। श्री वैश्य परिषद अध्यक्ष कमलेश प्रसाद गुप्ता एवं संयोजक छबि गुप्ता ने बताया कि सुबह कश्यप चौक को झालरों लाइटों और पुष्प सज्जा से सुसज्जित किया गया। वहीं परिषद महामंत्री घनश्याम केसरी ने जानकारी दी कि ऋषि कश्यप सृष्टिकर्ता माने जाते हैं और वे सप्तऋषियों में प्रमुख हैं। वहीं कशोधन वैश्य समाज खरे केसरवानी समाज नगर सभा महिला परिषद युवा परिषद और तरुण सभा के प्रतिनिधियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शोभायात्रा के दौरान जयकारों से शहर गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ महर्षि कश्यप जयंती को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। शोभायात्रा में हरिओम गुप्ता कमलेश गुप्ता लखनलाल केसरवानी सागरचंद गुप्ता विनोद गुप्ता बालकृष्ण गुप्ता राजेश गुप्ता रूपाली रामजी गुप्ता रामावतार गुप्ता जगदीश गुप्ता राधिका गुप्ता ओमप्रकाश गुप्ता गणेश गुप्ता बलराम गुप्ता बनारसी लाल गुप्ता सी एल गुप्ता विकास गुप्ता ओमप्रकाश केसरवानी बालकृष्ण गुप्ता श्याम लाल गुप्ता श्यामू सौभाग्य केसरी श्री मति सीमा केसरवानी शोभना गुप्ता गायत्री गुप्ता वन्दना गुप्ता आरती गुप्ता शशि गुप्ता कौशल्या गुप्ता किरण गुप्ता माया गुप्ता कामता गुप्ता धनेश गुप्ता रामफल गुप्ता विजय गुप्ता आलोक गुप्ता संजय गुप्ता माधवगढ़ अनमोल गुप्ता प्रेम गुप्ता कृष्ण अध्यक्ष केसरवानी नगर सभा शिवम केसरवानी अध्यक्ष केसरवानी तरुण सभा दुर्गेश गुप्ता उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय कार्यालय
म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
रीवा रोड मैहर बाई पास, सतना (म.प्र)
E-Mail-romppch_satna@rediffmail.com, website-www.mppch.nic.in
भूल सुधार सूचना
26 अगस्त को मेसर्स मेसर्स एस.एन.एस (मिनिरल्स) प्रा.लि. तमोरिया लाइम स्टोन एण्ड रिजेक्ट स्टोन माइन माइनिंग आफ मिनिरल्स, ग्राम.तमोरिया, तहसील मैहर जिला मैहर (म.प्र.) के लिए होने वाली जनसुनवाई 25.09.2025 दिन गुरुवार समय 11:00 बजे दिन से प्रस्तावित माइन स्थल पर होगी। त्रुटिवस तारीख 12.09.2025 प्रकाशित हो गई थी। लोक सुनवाई का आयोजन 25.09.2025 को होगा।
(एस.पी. झा) क्षेत्रीय अधिकारी
म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सतना (म.प्र.)

# मझौली बाईपास सड़क में लगा भ्रष्टाचार का ग्रहण

जागरण भ्रष्टाचार

## संविदाकार द्वारा किया जा रहा है घटिया कार्य

### क्रेशर की गिट्टी के स्थान पर पुल निर्माण में डाले जा रहे पहाड़ी के पत्थर

जागरण, सीधी





जिले के लोक निर्माण विभाग उप संभाग मझौली के अंतर्गत जितने भी सड़क के निर्माण कार्य चल रहे हैं उन सब में गुणवत्ता एवं अनियमितता का मामला आए दिन उजागर हो रहा है। मझौली बाजार में सड़क संकरी होने व भीड़भाड़ के कारण आवागवन प्रभावित हो रहा था। जिसको देखते हुए धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम द्वारा आम जनता को सुलभ यातायात उपलब्ध कराने के लिए मझौली बाईपास मार्ग स्वीकृत कराया था। जिसके तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त कार्य की देखरेख में किया जा रहा है। मझौली बाईपास सड़क का निर्माण रमेश ट्रेडर्स सीधी द्वारा किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति 4 करोड़ 6 लाख 94 हजार रुपए की राकेश ट्रेडर्स द्वारा 25.11 प्रतिशत का बिलो टेंडर डालने के कारण उक्त सड़क की लागत 2 करोड़ 91 लाख 29 हजार हो गई। उक्त कार्य को 6 माह के अंदर पूर्ण कर लिया जाना था किंतु भूमि अधिग्रहण के चलते उक्त कार्य में देरी हो रही है। हालांकि काफी दिनों से बंद सड़क का निर्माण कार्य संविदाकार द्वारा गुरुवार से प्रारंभ करा दिया गया है। मझौली बाईपास सड़क निर्माण में बन रही पुलियों में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। क्रेशर की सामग्री के स्थान पर पहाड़ी के ढोका पत्थरों से पुल की नीव भरी जा रही है। उपयंत्री एवं सहायक यंत्री निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान न देकर अपने कमीशन पर ध्यान दे रहे हैं और ठेकेदार के घटिया एवं गुणवत्ताविहीन कार्यों को सत्यापित कर लाभान्वित करने का प्रयास कर रहे हैं। मझौली बाईपास को लेकर धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम काफी गंभीर हैं और वह उक्त कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति के संबंध में कई बार सहायक यंत्री को निर्देशित कर चुके हैं। किंतु सहायक यंत्री विधायक तक के निर्देशों का पालन नहीं करती और मनमानी तरीके से अपने अनुरूप ठेकेदारों के इशारे पर निर्माण कार्य कराती हैं। यही कारण है कि उप संभाग मझौली के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता की जांच जब विभाग के वरिष्ट अधिकारियों द्वारा की जाती है तो सारी हकीकत सामने आ जाती है। निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता पर सहायक यंत्री द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### दो उप संभाग की प्रभारी हैं सहायक यंत्री स्तुति गौतम

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाले उप संभागों में पृथक-पृथक सहायक यंत्री पदस्थ हैं। किंतु सहायक यंत्री स्तुति गौतम को उप संभाग सीधी एवं उप संभाग मझौली का प्रभारी बनाया गया है। उप संभाग मझौली के अंतर्गत निर्माणाधीन ठोंगा मैर टोला से जमुआ नंबर 2 सड़क एवं खाम्ह-गिजवार उक्त दोनो सड़कों की गुणवत्ता एवं अनियमितता पर लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता के द्वारा उप यंत्री एवं सहायक यंत्री दोनो को दोषी माना गया था। किंतु उक्त दोनो सड़कों के अनियमितता के मामले में उपयंत्रियों को विभाग के द्वारा निलंबित कर दिया गया किंतु अभी तक सहायक यंत्री स्तुति गौतम पर कार्यवाही नहीं की गई। जबकि उक्त मामले में जितने दोषी उपयंत्री थे उससे कहीं दोषी सहायक यंत्री थीं। सहायक यंत्री पर विभाग की मेहरबानी पर सवाल उठ रहे हैं।

# विघ्नहर्ता की स्थापना के साथ गणेश उत्सव की हुई शुरुआत



**जागरण, सीधी।** शहर के नई गल्ला मंडी पटेल पुल प्रांगण में गणेश चतुर्थी के अवसर पर न्यू गल्ला मंडी उत्सव समिति द्वारा आयोजित गणेशोत्सव का भाव्य शुभारंभ विधि विधान से गणेश जी की मूर्ति स्थापना कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद सीधी विधायक श्रीमती रीति पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह, विश्वबंधु धर द्विवेदी, पुनीत नारायण शुक्ला, कमल कामदार, सुनीता रानी वर्मा, पंकज पाण्डेय, पुष्पराज सिंह, बृजेश सिंह, श्रीमती रुचि सिंह, महेंद्र श्रॉफ, मुनिराज विश्वकर्मा, अवधेश वर्मा, समिति के नवयुवक सदस्य मुख्य यजमान शेषमणि गुप्ता, राम चतुर्वेदी पूजा कर्ताधर्ता शामिल रहे। प्रथम दिव्य दर्शन 9 बजे आद्या प्रसाद शास्त्री, प्रदीप शुक्ला के मुखारविंद से वैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ गणेश वंदना, गणेश आरती हुई। गरबा महोत्सव, हनुमान चालीसा कार्यक्रम हुए मूर्तिकार श्रीकांत सिंह द्वारा गणेश भगवान को महाराजा का रूप देकर भव्यता प्रदान किये जिसकी बहुत सराहना हुई। गणेश उत्सव में जान डालने मैं मुख्य रूप से रश्मि रमेश गुप्ता जो हर विधा में शामिल रहते हैं। प्रांगण को डेकोरेशन, पंडाल में मुख्य भूमिका छोटू द्वारा निभाई जा रही है। शहर के पटेल पुल स्थित एक प्रतिष्ठान में रखी गई भगवान गणेश की प्रतिमा को लेकर जब भक्त नेहा त्रिपाठी से उनकी इस विशेष पूजा के संबंध में चर्चा की गई तो नेहा ने कहा कि वैसे तो भगवान गणेश जी की पूजा से सभी पूजा शुरू होती हैं लेकिन यह समय उनकी आराधना का विशेष हैं। नेहा त्रिपाठी के बड़े भाई आशीष त्रिपाठी ने कहा कि भगवान गणेश को बुद्धि, ज्ञान और समृद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत सबसे पहले गणपति पूजन से की जाती है। गणेश चतुर्थी का त्यौहार केवल धार्मिक महत्व ही नहीं रखता, बल्कि ये एक ऐसा उत्सव है जो आपसी भाईचारे और एकता का भी संदेश देता है।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## विशाल भंडारे में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**जागरण, सीधी।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणेश मंदिर संस्थापक परिवार की ओर से पूजा पार्क में अखंड मानस समापन पश्चात भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तगण प्रसाद ग्रहण किये। इस दौरान सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, पूर्व सांसद सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, कई राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों सहित कई हजार लोगों ने विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण के साथ पूण्य लाभ प्राप्त किये। भंडारे को संपन्न कराने में केसरवानी परिवार के बसंत लाल केशरवानी, हजारीलाल केसरवानी, जवाहरलाल केसरवानी, भोला प्रसाद केसरवानी, भजन लाल केशरवानी, रोहित, जितेंद्र, राजेश, दीपक, राकेश महेंद्र, वीरेंद्र, विपिन, विक्रम, राज एवं समस्त केसरवानी परिवार। भंडारे में पुरुष जनों एवं महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था किए गए थे, जहां अलग-अलग पंगत बनाए गए थे एवं शांतिपूर्ण ढंग से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी थे। भंडारा शुरू होते ही जमकर श्रद्धा का जन सैलाब उमड़ा बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते रहे, वहीं गणेश दरबार में पहुंचे और भगवान गणेश के दर्शन कर अपनी और अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। हजारों की तादाद में आए भक्त गण गणपति बाप्पा का जयकारा लगाते रहे। जयकारे में पूजा पार्क गूंजयमान रहा ऐसा लग रहा था जैसे विशाल मेला लगा हुआ है। गणेश मंदिर संस्थापक परिवार के सदस्य वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री भोला प्रसाद गुप्ता ने बताया कि गणेश भगवान की स्थापना दिवस पर यह उत्सव और भंडारा किया जाता है। जहां पूरे सीधी जिले को निमंत्रित किया जाता है और सभी आए हुए श्रद्धालु भक्तगण प्रसाद ग्रहण कर पूण्य लाभ प्राप्त करते हैं।

## 4 किशोरियों को अलग-अलग राज्यों से किया दस्तयाब

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा एवं एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा संबंधित थाना प्रभारियों के नेतृत्व में सीधी पुलिस ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिक किशोरियों एवं एक बालिग किशोरी को देश के अलग-अलग राज्यों से सकुशल दस्तयाब कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सुपुर्द किया। थाना मझौली क्षेत्र में नाबालिक बालिका के गुमशुदगी के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जिला बहराइच उत्तर प्रदेशसे बालिका को दस्तयाब कर सकुशल परिजनों को सौंपा। इसी क्रम में एक अन्य बालिग किशोरी को गुजरात के अहमदाबाद निकोल से दस्तयाब किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी मझौली उपनिरीक्षक विशाल शर्मा, सउनि कमलेश त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक शंकर सिंह परिहार, विजय परस्ते तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक आनंद कुशवाहा, आरक्षक प्रदीप मिश्रा व कृष्ण मुरारी द्विवेदी का विशेष योगदान रहा। 23 अगस्त 2025 को दर्ज रिपोर्ट पर पुलिस ने महज 5 दिनों में लापता किशोरी को खोज निकाला और सकुशल परिजनों को सौंप दिया इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय, सउनि संतोष कुमार बैश्य, सउनि सोहागवती सिंह, आरक्षक चैतन्य मिश्रा, संदीप गुर्जर तथा महिला आरक्षक प्रियंका बेलदार का उल्लेखनीय योगदान रहा। 17 अगस्त 2025 को लापता हुई एक नाबालिक किशोरी को चौकी सिहावल ;थाना अमिलियाद्ध में दर्ज रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने दिल्ली सुकुरपुर से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस, सउनि अजीत पाण्डेय, प्रआरक्षक विक्रम सिंह, आरक्षक विकास सिंह एवं साइबर सेल से आरक्षक प्रदीप मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## प्रधानमंत्री कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**जागरण, सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में प्राचार्य डॉ. पीके सिंह के निर्देशन में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय से आई हुई टीम द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं जॉच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं हेतु एनीमिया स्क्रीनिंग, सिकल सेल, ब्लड प्रेशर, शुगर, लेप्रोसी का टेस्ट और अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज का जांच किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. पीके सिंह ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को पूरे उत्साह के साथ सहभागिता करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि आजकल के समय में किसको कौन सी बीमारी हो जाए यह पता नहीं चलता तो इसके लिए अति आवश्यक है कि आप सभी लोग इस अवसर का जरूर लाभ उठाएं और अपनी-अपनी जांच कराए। चिकित्सालय से आए हुए पुष्पेंद्र पांडे, प्रोग्राम ऑफिसर ने सभी छात्र-छात्राओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए जांच करने की बात कही। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रविंद्र नाथ सिंह, क्रीड़ा अधिकारी थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार सोनी कार्यक्रम अधिकारी ( पु.) राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकाधिक मात्रा में शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ के साथ-साथ छात्रों छात्राओं ने परीक्षण कराया।

## एक पेड़ अभियान अंतर्गत हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सीधी के जिला समन्वयक श्री शिवदत्त उरमलिया के मुख्य आतिथ्य एवं विकासखंड समन्वयक अनिल पाठक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुचवाही के प्राचार्य के विशिष्ट आतिथ्य में जीवन ज्योति हाई स्कूल कुचवाही में मां के नाम एक पेड़ अभियान अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में आम नीम अमला कटहल करंज सहजन आदि पौधे रोपित किए गए जिसमें नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति सीधी से रविशंकर मिश्रा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कुचवाही से शिवेंद्र गुप्ता, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रजडीहा से शुभम तिवारी, परामर्शदाता गोविंद प्रसाद गौतम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मरशरहा से राजेश सिंह, जीवन ज्योति हाई स्कूल के समस्त शिक्षक छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण जन की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। जिला समन्वयक द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी से आग्रह किया गया कि हर शुभ कार्य जैसे जन्मोत्सव शादी की सालगिरह आदि अवसर पर हर व्यक्ति को एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और उसका संरक्षण अनिवार्य रूप से करना चाहिए। इन्हीं पौधों से प्राप्त हवा द्वारा सभी सांस लेते हैं और जीवन निर्भर है। एक वृक्ष 100 पुत्र समान का नारा लगवाते हुए पौधा रोपण कराया गया। साथ ही एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम अभियान कार्यक्रम अंतर्गत हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

# स्कूल सभी के लिए मंदिर के समान है: नीरज



**जागरण, सीधी।** गणेश चतुर्थी के पहले दिन श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूलए पड़रा की शाखा किड्स गणेश प्ले स्कूल की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नवीन भवन का उद्घाटन भव्य समारोह के बीच किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण लार्ड गणेशा नृत्य ने सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया। मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद शिक्षाविद व अभिभावक इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा हवन समारोह के साथ हुई, जिससे इस शुभ अवसर को आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त हुआ। स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी तथा सभी अतिथियों और अभिभावकों ने मिलकर विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। तत्पश्चात छात्रों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। किंडरगार्टन के नन्हे बच्चों द्वारा मनोहारी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात, विद्यालय के औपचारिक उद्घाटन की घोषणा की गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में अभिभावक और बच्चे नये परिसर को देखने पहुंचे। मुख्य अतिथि संस्था के निदेशक नीरज शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूल के छात्रों के द्वारा मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। गणेश स्कूल के प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी ने अतिथिगणों का स्वागत करते हुए कहा कि सर्वसुविधायुक्त भवन होने से बच्चों को शिक्षा की समुचित सुविधा मिल सकेगी। मुख्य अतिथि नीरज शर्मा ने कहा कि किड्स गणेश की नई इमारत बनने की उपलब्धि से मैं आज बहुत गौरवान्वित हूं। यह स्कूल मेरे लिए एक मंदिर के समान है। बच्चों को सभी सुविधाएं देकर उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचाने का हमने दृढ़ निश्चय किया है। उसे हम पूरा अवश्य करेंगे। श्री शर्मा ने कहाए हमारा उद्देश्य एक आनंदमय और सुरक्षित वातावरण बनाना है जहाँ बच्चे अपनी गति से खोज, अन्वेषण और विकास कर सकें। हम शुरू से ही रचनात्मकता, जिज्ञासा और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने में विश्वास करते हैं। इस शुभ अवसर पर गणेश विद्यालय अमहा प्राचार्य जेएन मिश्र, कमला कॉलेज प्राचार्य रोहित सिंह चौहान, शिक्षा संकाय के प्राचार्य बीके सिंह, गणेश स्कूल चुरहट के प्राचार्य अंकित सिंह चौहान, गणेश स्कूल की एचएम माएमा सिमन्स एवं एचएम पुष्पराज मिश्र समेत कई अन्य शिक्षाविद, गणमान्य अतिथियों एवं अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति और आशीर्वाद से समारोह की शोभा बढ़ाई।

# कांग्रेस ने मतदाता सूची शुद्धिकरण एवं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर सौंपा ज्ञापन

जागरण, सीधी

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अगुवाई में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रभावी करने कि मांग को लेकर एवं मतदाता सूची 2025 के शुद्धिकरण बाबत महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन एसडीएम गोपदबनास को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के बाद जवाहर कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित कर संबंधित मुद्दों को उठाया गया। आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण संबंधी लंबित प्रकरणों के समाधान हेतु सरकार कोई कदम नहीं उठा रही। कांग्रेस आपका और जनता का ध्यान अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि दिनांक 8 मार्च 2019 को राज्य सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया। इस अध्यादेश को न्यायालय में चुनौती दी गई, परिणामस्वरूप उच्च न्यायालय द्वारा केवल सीमित अंतरिम आदेश दिया गया। तत्पश्चात 14 अगस्त 2019 को विधानसभा में संशोधन अधिनियम पारित कर अधिसूचित किया गया। आज तक इस अधिनियम पर न तो उच्च न्यायालय और न ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कोई स्थगन आदेश पारित किया गया है। अतः यह कानून राज्य में शिक्षा एवं रोजगार दोनों क्षेत्रों में प्रभावी है। वर्तमान में लगभग 70 याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं। इनमें से अधिकांश याचिकाएँ ओबीसी वर्ग द्वारा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दायर की गई हैं। परंतु राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना स्वयं कानून के विपरीत है, जिससे विवाद की स्थिति बनी हुई है। अतः राज्य सरकार तत्काल उक्त अधिसूचना को वापस ले। यदि ऐसा किया जाता है तो 90 प्रतिशत समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी और ओबीसी वर्ग को उसका विधिसम्मत लाभ मिल सकेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि हमारा दूसरा मुद्दा मतदाता सूची के शुद्धिकरण का है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा जनवरी 2025 में मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है, जिसमें कई प्रकार की त्रुटियां प्रतीत हो रही है तथा मतदाता सूची को लेकर भ्रम की स्थिति निर्मित है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा कर्नाटक एवं बिहार में वोट चोरी रोकने के संबंध में मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है एवं बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं को उजागर किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार सभी कांग्रेसजनों से आव्हान किया गया है कि राहुल गांधी की मंशानुसार प्रदेश में मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण होना चाहिए जिससे कि भविष्य में आने वाले चुनावों में मतदाता सूचियों में किसी भी तरह की अनियमितताएं न रह सके। इसलिए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज ज्ञापन सौंपा कर मांग की गई है कि जनवरी 2025 को जारी मतदाता सूची में अभी तक प्रारूप 6 के आधार पर जो भी नाम जोड़े गए है उनकी सूची बूथवार एवं विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जाये।

# मजदूर संघ ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जागरण, सीधी।** भारतीय मजदूर संघ जिला सीधी द्वारा अमृता देवी बलिदान दिवस के अवसर पर पर्यावरण दिवस का आयोजन जीडीसी कॉलेज सीधी में किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की गई एवं परिसर में फलदार वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कार्यसमिति सदस्य संध्या मिश्रा रहीं। उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि अमृता देवी का बलिदान हमें यह प्रेरणा देता है कि पर्यावरण और वृक्षों की रक्षा के लिए हमें हमेशा तत्पर रहना चाहिए। यदि पेड़ बचेंगे तो धरती पर जीवन बचेगा। आज जब जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग गंभीर समस्या बन चुके हैं। ऐसे समय में वृक्षारोपण और हरियाली का विस्तार ही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दे सकता है। साथ ही उन्होंने उपस्थित जनसमूह को वृक्ष बचाने और उनकी देखभाल करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ जिला उपाध्यक्ष विकाश नारायण तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि मजदूर वर्ग ही प्रकृति से सबसे अधिक जुड़ा होता है। कार्यक्रम में राजेश सिंह संभागीय मंत्री, कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ कल्पना जिला मंत्री, भारतीय मजदूर संघ, भूपेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, प्रदीप साहू कार्यालय मंत्री, कौशलेंद्र सिंह, गणपति द्विवेदी, देवांशिक सिंह, दिनेश कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में मजदूर संघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



# मतदाता सूचियों में शुद्धिकरण के लिए कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**जागरण, कटनी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा जनवरी 2025 में मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है जिसमें कई प्रकार की त्रुटियों प्रतीत हो रही है तथा मतदाता सूची को लेकर भ्रम स्थिति निर्मित है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुज गांधी द्वारा कनार्टक एवं बिहार वोट चोरी रोकने के संबंध में मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है एवं बड़े पैनामें पर हुई आंनयमितताओं को उजागर किया गया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार सभी कांग्रेसजनों से आव्हान किया गया है कि राहुल गांधी की मंशानुसार प्रदेश में मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण होना चाहिए जिससे कि भविष्य में आने वाले चुनावों में मतदाता सूचियों में किसी भी तरह की अनियमितताएं स्थिर ना रह सके। इसलिए जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा बताया गया कि जनवरी 2025 को जारी मतदाता सूची में सभी तक प्रारूप 6 के आधार पर जो भी नाम जोड़े गए है उनकी सूची बूथवार एवं विधान सभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जावे, जनवरी 2025 को जारी मतदाता सूची में अभी तक प्रारूप 7 के अनुसार जो नाम हटाये गये है उनकी सूची बूधवार एवं विधान सभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जाये। जनवरी 2025 को जारी मतदाता सूची में अभी तक जिन मतदाताओं द्वारा अन्य विधान सभा में अपना नाम स्थानांतरण किया गया है उनकी सूची विधान सभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जाये जनवरी 2025 को जारी मतदाता सूची के अनुसार जिन मतदाताओं का स्वर्गवास हो गया है उनका विवरण उनकी सूची बूथवार एवं विधानसभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जावे वर्तमान मतदाता सूची 2025 में एक ही मकान के पते पर 10 मतदाताओं से अधिक मतदाताओं के नाम होने की स्थिति में उनकी सूची बूधवार एवं विधान सभा क्षेत्र अनुसार प्रकाशित की जावे जिससे कि कांग्रेस पार्टी के द्वारए नियुक्त बीएलए उपरोक्त वस्तु स्थिति को व्यक्तिगत रूप से सत्यापित कर सके। वर्तमान मतदाता सूची में दोहरे मतदाताओं के नामों की संख्या अधिक होने के कारण पूर्व की भांति डुप्लीकेट वोट डिलीशन साफ्टवेयर का उपयोग कर दोहरे मतदाताओं के नाम एक स्थान से विलोपित करने की कार्यवाही की जावे। मतदाता सूची में मतदाताओं के फोटो सहित प्रकाशन कराकर उपलब्ध कराई जाए। मतदाता सूची डीजिटल मशीन रिडेबल फॉरमेट में उपलब्ध कराई जावे। उपरोक्त ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई उपरोक्त सभी मांगो के संबंध में शीघ्र उचित कार्यवाही कर मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण किया जावे जो कि न्यायोचित होगा ज्ञापन देने मे जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, जिला महिला कांग्रेस ग्रामीण माधुरी जैन, प्रदेश प्रवक्ता सुनील मिश्रा, पिछड़ा वर्ग ग्रामीण अध्यक्ष सुनील कुशवाहा, बीएम तिवारी, जिला युवा कांग्रेस अंशु मिश्रा, जालिम यादव, ईश्वर दास वहरानी, नीरज पांडे, बिहारी यादव, सुरेंद्र यादव, सचिन शर्मा आदि कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

## बिलहरी पुलिस की सख्त कार्रवाई से अवैध शराब पैकारी संचालकों में हड़कंप

**कटनी।** थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा के निर्देशन में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष कार्रवाई की गई। कार्रवाई में ग्राम पिपरिया परोहा से आरोपी राजेन्द्र कुशवाहा से 35 पाव देशी प्लेन शराब बरामद, ग्राम खरखरी बर्मन ढाबा से 23 पाव देशी प्लेन शराब जब्त।

## गांजे की खेती कर रहे आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने की कार्यवाही

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के व्दारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.संतोष डेहरिया एवं डीएसपी हेड्क्वाटर उमराव सिंह के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो के विरूद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। अधिकारियो के मार्गदर्शन में अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु क्षेत्र का लगातार भ्रमण कराया जा रहा था।



### न्यायालय तहसीलदार तहसील हुजूर नगर जिला रीवा (म.प्र.)

प्र.क्र. –2521/अ–6/2025–26
पेशी दिनांक 08.09.2025

शेषधर शुक्ला पिता स्व. चन्द्रशेखर शुक्ला निवासी ग्राम बाबूपुर, पोस्ट चोरहटा तह. हुजूर नगर जिला रीवा (म.प्र.) वगै0

..............आवेदकगण

बनाम

अविनाश शुक्ला पिता स्व. चन्द्रशेषर प्रसाद शुक्ला, सरस्वती तिवारी पिता स्व. चन्द्रशेषर प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम बाबूपुर, पोस्ट चोरहटा जिला रीवा, राजेश पाण्डेय माता गायत्री पाण्डेय, ज्योती पाण्डेय माता गायत्री पाण्डेय, कीर्ति पाण्डेय माता गायत्री पाण्डेय निवासी वार्ड क.8 पड़रा खैरी, नईबस्ती, थाना चोरहटा जिला रीवा, अशोक शुक्ला पिता स्व. चन्द्रशेषर शुक्ला निवासी ग्राम बाबूपुर, पोस्ट चोंरहटा जिला रीवा (म.प्र.)

..............अनावेदकगण

यह कि आवेदकगण ने आप लोगों के विरुद्ध भूमि खसरा क. 75/1 रकवा 0.965 हे. स्थित ग्राम खोभर, प.ह. चोरहटा, रा.नि.म. रीवा, तहसील हुजूर नगर जिला रीवा (म.प्र.) का किये जाने वारिसाना नामांतरण का आवेदन पत्र पेश किया है। आप लोगों को इस न्यायालय की सूचना पर आगामी दिनांक 08.09.2025 को आवेदन का उत्तर देने के लिए उपसंजात, हाजिर होने के लिए नोटिश, सम्मन जारी किया जाता है। अतः आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो जो इस प्रकरण से सम्बंधित सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी अवधि में इस न्याायलय में उपस्थित नहीं होगे तो प्रकरण की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह आज तारीख 28.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें– यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय में अवकाश रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

(तेजपति सिंह)
तहसीलदार
तहसील हुजूर नगर
जिला रीवा म.प्र.

RN- 82768

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0: JHS-N-W-36-25 दिनांकः 25.08.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** नेटवर्किंग ऑफ वॉइस लॉगर इक्विप्मेंट ओवर झांसी डिवीजन।

**कार्य लागत लगभग** : ₹ 9744935.65/- **धरोहर राशि** : ₹ 194900/-

**निविदा प्रपत्र का मूल्य** : Nil. **निविदा खुलने की तिथिः** 18.09.2025 Time 15:00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि** : 09 माह

निविदा दिनांक **18.09.2025 को 15.00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **1535/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-टी.डी.-टेन्डर-2025-04 दिनांकः 26.08.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी (कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईनः (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** झॉसी मंडल के VGLJ-MKP खण्ड के CRC स्टेशन/यार्ड में KM 1255/19-21 के बीच LC No. 422 एवं MBA- BPRA खण्ड में KM 1272/18-19 के बीच LC No. 432 के स्थान पर ROB और RUB के निर्माण के सम्बन्ध में ओ0एच0ई0 मोडिफिकेशन का कार्य।

**अनुमानित लागत (रु):** ₹ 3443093.82 **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (रु):** ₹ 68900.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 19.09.2025 15.00 pm.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह

- निविदा **दिनांक 19.09.2025 को 15.00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। **1544/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना** दिनांक : 25.08.2025

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या : JHS-N-W-29-25** **कार्य लागत लगभग : Rs. 5854039.05/-**

**कार्य का नाम :** प्रोविजन/डेवलपमेंट ऑफ़ सर्कुलेटिंग एरिया ऑफ़ सेकंड एंट्री एट डबरा स्टेशन।

**धरोहर राशि : Rs. 117100/-** **निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil**

**निविदा खुलने की तिथि : 18.09.2025** Time 15:00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 12 माह**

• निविदा दिनांक 18.09.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **1539/25 (D)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं: JHS-N-W-41-25 दिनांकः 25.08.2025

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** मॉनिटरिंग ऑफ़ रेलवे एसेट्स थ्रू सीसीटीवी एट ग्वालियर यार्ड (वीआईपी साइडिंग एंड ताज साइडिंग एंड पैसेंजर यार्ड) ऑफ़ झाँसी डिवीजन।

**कार्य लागत लगभगः** ₹ 5693754.73 **धरोहर राशिः** ₹ 113900/-

**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil **निविदा खुलने की तिथिः 18.09.2025 Time 15:00**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह

निविदा **दिनांक 18.05.2025 को 15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **1536/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या 15/2025/आर.एस./जे.एच.एस. दिनांक 27.08.2025

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से **वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू सी.-टी5-2025-26

**कार्य का विवरणः** इलेक्ट्रिक लोको शेड, झाँसी में एमएंडसी लैब का उन्नयन और नवीनीकरण

**निविदा मूल्यः** ₹ 1802491.20/-, **बयाना राशिः** ₹ 36100.00/- **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 03 माह।

**निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू सी.-टी6-2025-26

**कार्य का विवरणः** टैक्शन मोटर HS15250A के स्टेटर फ्रेम की यांत्रिक मरम्मत/रिहैबिलिटेशन।

**निविदा मूल्यः** ₹ 24162841.56/-, **बयाना राशिः** ₹ 270800.00/- **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 24 माह।

**निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू सी.-टी25-2024-25-आर टी.1

**कार्य का विवरणः** विद्युत लोको शेड, झाँसी के हिटैची ट्रैक्सन मोटर टाइप एच.एस-15250 ए से इक्युप्ड कन्वेन्शनल विद्युत लोकोमोटिव में ट्रैक्शन मोटर ड्रापिंग डिटेक्शन सिस्टम (टी.एम.डी.डी.एस.) का प्रावधान।

**निविदा मूल्यः** ₹ 23750000.00/-, **बयाना राशिः** ₹ 75,000/- **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 15 माह।

**उपरोक्त सभी निविदाओं हेतु निविदा बंद होने की तिथिः 19.09.2025,** निविदाकार निविदा दिनांक **19.09.2025** को **15.00** बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। **1548/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## सोन नदी में बाढ़ जैसी स्थिति, प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से 4 लोग सुरक्षित निकाले गए

**देवलौद।** बाणसागर बांध में जल स्तर अधिकतम भराव क्षमता तक पहुँचने पर कल चार गेट खोले गए। इस दौरान सायरन एवं अन्य माध्यमों से ग्रामीणों को पूर्व सूचना दी गई थी। गेट खोलने के बाद सोन नदी में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। इसके बावजूद, मछली पकड़ने के लालच में कुछ लोग सुरक्षा निर्देशों की अनदेखी करते हुए नदी में उतर गए और बीच टापू पर फँस गए। ग्राम रमपुरवा एवं कुम्हिया के चार व्यक्ति इस जोखिमपूर्ण स्थिति में फँस गए। सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर श्री केदार सिंह तथा सभी संबंधित अधिकारी, पुलिस प्रशासन और आपदा प्रबंधन दल तुरंत मौके पर पहुँचे। त्वरित राहत कार्य और ग्रामीणों के सहयोग से चारों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। विधायक ब्यौहारी शरद जुगलाल कोल ने भी घटनास्थल पहुँचकर राहत कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना देवलौद प्रभारी सुभाष दुबे एवं समस्त पुलिस स्टाफ सक्रिय रूप से मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट अपील की है कि नदी किनारे और जोखिम भरे क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाएं और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

## 108 सुविधा का मिल रहा लाभ

**ब्यौहारी ।** उमरिया जिले के अंतर्गत 108 व्यवस्था का दिया जा रहा ध्यान पूरे मध्य प्रदेश उमरिया जिला में नितिन बाजपेई सीएमएचओ उमरिया एवं जिला प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा 108 गाड़ियों का समय पर मरीज को प्राप्त करवाई जा रही हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले पायलट धर्मेंद्र साहू लापरवाही सामने आई थी इन अधिकारियों द्वारा उसके ऊपर सख्त कार्रवाई की गई और उसे ड्यूटी से बाहर कर दिया गया है जिले में नितिन बाजपेई एवं जिला प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा की पहल से जिले में समय पर 108 एवं जननी एक्सप्रेस मरीजों तक पहुंचाई जा रही हैं।



### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)

**भवन हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बोदाबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी रीवा में आवंटित एम.आई.जी. भवन क्र0– 65 के मूल आवंटी श्रीमती प्रकाश कक्कर खुराना पति स्व. श्री ओ.पी. खुराना पता एम.आई.जी. भवन क्र0– 640 वार्ड नं. 07, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बोदाबाग रीवा (म.प्र.) के द्वारा उक्त आवंटित एम.आई.जी. भवन क्र.– 65 बोदाबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी रीवा का हस्तानान्तरण मोहम्मद असद खांन पिता अजीज खांन, निवासी– एम.आई.जी. भवन क्र.– 90 न्यू आनंद नगर, लालबहादुर शास्त्री वार्ड, आधारताल जबलपुर (म.प्र.) के नाम करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 25.08.2025 को ऑफलाइन आवेदन दिया जाकर क्रेता–विक्रेता द्वारा सभी दस्तावेजो का सत्यापन कराया गया था व दस्तावेज सत्यापन पश्चात् क्रेता द्वारा उक्त दिनांक 26.08.2025 को ऑनलाइन द्वारा भी आवेदन किया गया हैं। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त भवन को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं होगा एवं भवन का हस्तान्तरण मोहम्मद असद खांन पिता अजीज खांन के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)

RN- 84250



## गणेश चतुर्थी पर भंडारे का हुआ आयोजन

**जागरण ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत लछ्मी नारायण मंदिर के पास भंडारे का आयोजन लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति की तरफ से किया गया भंडारा सुबह 11:00 बजे से लेकर शाम को 8:00 बजे तक चलता है भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज (म0प्र0)

e-mail ID: hegskpgcmaurew@mp.gov.in, www.mphighereducation.nic.in/pgcmauganj, Mob.No.-8878121806,

इच्छुक पंजीकृत फर्म/निर्माता/डीलर्स/सप्लायर्स से खेलकूद सामग्री क्रय हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है

खुली निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा प्रपत्र
वितिय वर्ष 2025–26 हेतु विभिन्न खेल सामग्रियों के आपूर्ति हेतु निविदा।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथि 27.08.2025 समय 11 बजे दिन तक
निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अतिम तिथि 11.09.2025 समय 05 बजे सायं तक
निविदा खुलने की तिथि 15.09.2025 समय 02 बजे दोपहर

शर्ते

1. निविदा प्रपत्र से संबंधित समस्त जानकारी विभाग की वेबसाइट https://highereducation.mp.gov.in/ अथवा महावि. में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

प्राचार्य
शासकीय एस.के. महाविद्यालय
मऊगंज (म0प्र0)

### उत्तर मध्य रेलवे

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–यू.पी.–अ.–25082025–265666
CG-UP-E-25082025-265666
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3750] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 22,2025/श्रावण 31, 1947
No. 3750] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 22, 2025/SHRAVANA 31, 1947

रेल मंत्रालय
[उत्तर मध्य रेलवे (इंजीनियरिंग विभाग)]
अधिसूचना
प्रयागराज, 14 अगस्त, 2025

**का.आ. 3855(अ).**–केन्द्र सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) एवम् रेलवे (संशोधन) अधिनियम (2008 का 11) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उपधारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र असाधारण, भाग–।। खण्ड 3, उप खण्ड (ii) प्राधिकार से प्रकाशित अधिसूचना संख्या 1814 दिनांक 24 अप्रैल 2025 में भारत सरकार के रेल मंत्रालय (इंजीनियरिंग विभाग) की अधिसूचना संख्या का.आ. 1847 (अ) दिनांक 22 अप्रैल 2025 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिसूचना कहा गया है) द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को मध्य प्रदेश राज्य के रीवा जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात मानिकपुर – नैनी रेलवे स्टेशन के मध्य समपार संख्या 414 ग्राम–कुडी, तहसील–त्योंथर, पर आर.यू.बी. के निर्माण के बाबत ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी,

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 20 क की उपधारा (4) के अधीन "दैनिक समाचार पत्रों" अर्थात् पत्रिका सतना एवं टाइम्स ऑफ इंडिया भोपाल में दिनांक 01 मई, 2025 को प्रकाशित किया गया था,

और कोई भी आक्षेप प्राप्त नहीं हुआ था, और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20ड. की उप धारा (1) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

अतः अब केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 20ड. की उप धारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जायेगी;

और यह कि केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 20ड. की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि राज पत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यंतिक रुप से निहित हो जायेगी।

अनुसूची

**मानिकपुर–नैनी रेलवे स्टेशन के मध्य "विशेष रेल परियोजना" समपार संख्या 414 ग्राम–कुडी, तहसील–त्योंथर पर आर.यू.बी. के निर्माण के बाबत आने वाली अवसंरचना सहित या रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।**

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | गाटा संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अर्जित भूमि (हेक्टेयर में) | प्रभावित परिसंपत्ति | भूस्वामी का नाम (श्री/श्रीमती) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडी | 49 | शासकीय | पर्ती | 0.121 | निल | मध्य प्रदेश शासन |
| 2 | कुडी | 27/2/1 | निजी | कृषि | 0.144 | शीशम के 6 पेड़ जिसकी मोटाई 8 इंच प्रभावित हुआ है जिसकी उम्र 10 वर्ष थी। | भगवती सिंह पिता राजकिशोर सिंह |
| | | | | कुल योग | 0.265 | | |

[ई–फाईल नंबर : NCR फाईल नंबर NCR-HQ0ENGG (CORR)/13/2024-O/o Dy. CE/Br./L/ALD (कम्प्युटर नंबर 115594)]

1538/25 (C) जे.सी.चौरसिया, प्रमुख मुख्य इंजीनियर

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

क्र 04 / भण्डार/न.पा.नि./2025-26 सतना दिनांक 25.08.2025

-: निविदा सूचना :-

निम्नलिखित कार्य / सप्लाई हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। :-

| क्र. | एन.आई.टी क्रमांक व दि | निविदा क्रमांक | सामग्री का प्रकार | अनुमानित व्यय प्राक्कलन | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 25/08/2025 | 2025_UAD _447015_1 | सीसीटीव्ही कैमरा एवं सहायक सामग्री की दरें। | 10,00,000.00 | 20,,000.00 | 2,000.00 | वित्तीय वर्ष 2025-26 |

शर्तेः- 1. निविदा प्रपत्र की खरीदी ऑनलाइन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in ऑनलाइन पेमेन्ट एवं पोंटल सर्विस चार्ज के द्वारा दिनांक 26.08.2025 समय 10.30 बजे से दिनांक 25.09.25 समय 17.30 बजे तक खरीदी जा सकती है।2. निविदा मे संसोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संसोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, सतना म.प्र.

### कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग सतना (म.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 16/2025–26 सतना, दिनांक 26.08.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर ई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा की प्रपत्र लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_446339_1 | उपसंभाग सतना के रेस्ट हाउस कैम्पस प्रथम सिविल लाइन सतना के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों आर–301 एवं आर–298 में विशेष मरम्मत कार्य। | प्रथम | 02 माह | 417787.00 | 8400.00 | 2000.00 |
| 2 | 2025_PWDRB_446340_1 | उपसंभाग मझगवां अंतर्गत उपखंड मझगवां एवं कोठी के शासकीय आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत, विशेष मरम्मत, जमा कार्य, एम.ओ. डब्लू. अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 04 माह | 993159.00 | 20000.00 | 2000.00 |
| 3 | 2025_PWDRB_446341_1 | उपसंभाग मझगवां अंतर्गत बरा मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला तक मार्ग लम्बाई 1.32 किमी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 05 माह | 14953280.00 | 149600.00 | 12500.00 |
| 4 | 2025_PWDRB_446753_1 | उपसंभाग मझगवां अंतर्गत नरदहा हरिजन बस्ती मार्ग लम्बाई 2.12 किमी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 05 माह | 17321538.00 | 173300.00 | 12500.00 |
| | | योग– | | | 33685764.00 | | |

उपरोक्त वेबसाइट में आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आर्नलाइन बिड सबमीशन की अंतिम दिनांक 15.09.2025 सायं 6.00 बजे तक निर्धारित है। ई. एम. डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी., एनएक्सर एच., शपथपत्र, बिड की रसीद एवं अन्य दस्तावेज केवल आर्नलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग सतना (म.प्र.)

G-17886/25

### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

### लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - **8962086944**

### आवश्यकता है

**ग्राफिक डिजाइनर** की आवश्यकता है।
संपर्क – 8770231515
आर.एन. 84251 (31/8)

### आवश्यकता है

दीपाली टाइल्स में रिशेप्शिष्ट की जरूरत है। ग्रेजुएट टैली जरूरी वेतन–7000 प्रतिमाह डियूटी टाइम 10 एम से 7.30 तक। संपर्क–8770797938, 9406752516
आर.एन. 84511(31/8)

### मैरिज गार्डन किराये से देना है

कोष्ठा रीवा में मैरिज गार्डन किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:- मो. नं. 6260806864
आरएन. 84240 (29/8)



## नगर निगम में विराजे भगवान गणेश का पूजन कर महापौर ने लिया आशीर्वाद

**कटनी।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर निगम कार्यालय में विराजित भगवान श्री गणेश का पूजन अर्चन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से किया गया। इस अवसर पर महापौर ने नगर के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की भी विशेष मौजूदगी रही। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि भगवान गणेश विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता हैं। उनके पूजन से सभी कार्य सफल होते हैं और नगर में खुशहली का वातावरण बनता है। उन्होंने नगर वासियों से भी आह्वान किया कि गणेशोत्सव को उत्साह, श्रद्धा एवं स्वच्छता के साथ मनाएं तथा पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना करें।

## गणेश चौक से व्हीआईपी मार्ग की सड़कों पर चमक बिखेर रहीं डेकोरेटिव लाइट

**कटनी।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर गणेश चौक में विराजित भगवान श्री गणेश के दर्शन हेतु आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा बुधवार शाम गणेश चौक से व्हीआईपी मार्ग में नव स्थापित स्मार्ट डेकोरेटिव पोल का बुधवार को अनावरण किया जाकर श्रद्धालुओं को सौंपा गया। अनावरण कार्यक्रम के दौरान जैसे ही महापौर श्रीमती सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्री बिट्टू द्वारा स्विच दबाकर पोल की लाइट चालू की गई गणेश चौक से व्हीआईपी मार्ग तक की पूरी सड़कें स्मार्ट डेकोरेटिव लाइट की चमक से जगमगाने लगीं। अनावरण पश्चात महापौर श्रीमती सूरी एवं पार्षद मौसूफ अहमद बिट्टू द्वारा नगर निगम के माध्यम से लगाए गए डेकोरेटिव पोलो का निरीक्षण स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की मौजूदगी में करते हुए कहा कि नगर के प्रमुख मार्गो को और अधिक सुंदर बनाने के लिए बीडी अग्रवाल वार्ड एवं गुरुनानक वार्ड के मुख्य मार्गों में स्मार्ट डेकोरेटिव लाइट पोल लगाए जा रहे हैं। नगर की सुंदरता को बढ़ावा देने हेतु आगे भी शहर के अन्य मुख्य मार्गो और चौराहें पर भी स्मार्ट डेकोरेटिव पोल लगाए जानें की कार्यवाही की जायेगी।



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सिंगरौली (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण ई–टेन्डरिंग
म.प्र. शासन

**निविदा सूचना क्रमांक 14/ई–टेन्डरिंग/2025–26** **सिंगरौली, दिनांक 25.08.2025**

निम्नलिखित कार्यों की निविदा ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते हैं।

| स.क्र. | जिला | ऑनलाईन टेंडर क्रमांक | निविदा आमंत्रण का काल | कार्य का नाम | पी.ए.सी. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिंगरौली | 2025_PWDRB_446805 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत वर्षाऋतु में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त पुल–पुलियों का मरम्मत कार्य। | 14.18 | 28360 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| | | | | **योग–** | **14.18** | | | | |

1. ऑनलाईन पोर्टल https:mpetenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाईन बिड सबमिशन की प्रारम्भिक तिथि दिनांक 30.08.2025 से अंतिम तिथि दिनांक 10.09.2025 सायं 17:30 तक निर्धारित है। निविदा दिनांक 12.09.2025 को खोली जावेगी।
2. निविदा संबंधी दस्तावेज केवल आनलाईन ही मान्य किये जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित संशोधित समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेबसाईट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारियाँ उपरोक्त बेबसाईट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालन यंत्री**
लोक निर्माण विभाग
संभाग सिंगरौली (म.प्र.)

G-17887/25

## पंडाल में विराजमान हुए लवकुशनगर के राजा गजानन



**लवकुशनगर ।** नगर का हृदय स्थल कहे जाने वाले पुराने बस स्टेंड स्थित स्वामी विवेकानन्द पार्क में लगातार 15 वर्षों से गणेश चतुर्थी पर सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पंडित दिनेश शर्मा छतरपुर द्वारा बनाई गयी माटी गणेश प्रतिमा स्थापित कर दस दिवसीय त्यौहार बड़े ही धूम-धाम से मनाया जाता है। गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान श्री गणेश लवकुशनगर के राजा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि-विधान से जबलपुर निवासी पंडित लखन चतुर्वेदी द्वारा पूजा-अर्चना एवं दस दिनों तक सुबह शाम भगवान श्रीगणेश की आरती की जाती है शाम साढ़े सात बजे से आरती उपरांत सांस्कृतिक,एवं धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता है। दस दिनों तक चलने वाले इस गणेश चतुर्थी त्यौहार में रंगारंग सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम व् जनसहयोग से एक दिन विशाल कन्याभोज का आयोजन भी किया जाता है। गणेश उत्सव समिति के सचिव राजेश पचौरी ने बताया कि 31 अगस्त से 2 सितंबर तक बाहर से आये कलाकारों द्वारा रासलीला का कार्यक्रम किया जायेगा। इस दस दिवसीय गणेश उत्सव पर पुलिस प्रशासन,नगरीय प्रशासन एवं नगर के लोगों का भरपूर सह्योग प्राप्त होता है।

# 20 वर्षीय युवक ने प्रताड़ना से तंग आकर फाँसी लगाकर की आत्महत्या

## नाराज परिजनों और ग्रामवासियों ने बमीठा चंद्रनगर मार्ग पर शव रखकर लगाया जाम



**जागरण, खजुराहो ।** आज दोपहर लगभग 12 बजे बमीठा थाना परिसर में बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई,और कार्यवाही को लेकर नारेबाजी करने लगी,भीड़ इसके बाद एक शव को लेकर बमीठा चंद्रनगर मार्ग पर पहुंची और जाम लगा दिया,इस दौरान दोनों तरफ बड़ी संख्या में वाहनों की कतार लग गई जिसमें एंबुलेंस भी फंस गई थी,हालांकि थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों तथा मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर तथा कार्यवाही करने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया, मामले की जानकारी देते हुए मृतक भानु प्रजापति उम्र लगभग 20 वर्ष के पिता मातादीन प्रजापति ने बताया कि उसका लड़का भानु ड्राइवर है और खुद की निजी इको चार पहिया वाहन किराए पर चलाता है,परसों उसके मोबाइल पर छतरपुर से ललितपुर एक लड़का तथा लड़की को छोड़ने की बुकिंग मिली तो उसका लड़का उस बुकिंग को करके वापिस लौटा तो कल एक व्यक्ति ने मृतक के मोबाइल पर धमकी देते हुए कॉल किया कि तूने उक्त लड़के लड़की को क्यों छोड़ने गया तू लड़का लड़कियों को भगाने का धंधा करता है,मैं सिटी कोतवाली से टी.आई.बोल रहा हूं,उन लड़के और लड़की का पता बता जिसे छोड़ने गया था नहीं तेरे पूरे घर के लोगों को डंडे से मारकर जेल में डाल दूंगा,उक्त धमकी से मेरा लड़का डर गया और उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,हमारी मांग है कि धमकी देने वालों पर हत्या के लिए उकसाने तथा कड़ी कार्यवाही की जाए और पुलिस उन्हें तुरंत गिरफ्तार करे,इस मामले में बमीठा टी.आई.आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि मृतक के परिजनों का आवेदन लेकर उनके बयान के आधार पर पुलिस द्वारा तुरंत जांच शुरू कर दी गई है,और कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## एडीएम एवं एएसपी ने जिला जेल का किया आकस्मिक निरीक्षण

**छतरपुर ।** छतरपुर अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिता डागर द्वारा संयुक्त रूप से विगत सोमवार को जिला जेल छतरपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें संपूर्ण जेल का भ्रमण किया गया, बैरिक कमांक 3 की तलाशी कराई गई। जिसमें किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री प्राप्त नहीं हुई, महिला वार्ड के निरीक्षण में महिलाओं के कौशल विकास एवं उनकी बच्चों को शिक्षा प्राप्त कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। पाकशाला के निरीक्षण में कैदियों के भोजन एवं मिलने वाले नास्ते की जानकारी प्राप्त की। मिलने वाला भोजन संतोष जनक पाया गया। जेल में निरुद्ध बंदियों की न्यायालयों से पेशी हेतु वी.सी. कक्ष का निरीक्षण किया गया। जिसमें 10 नवीन वी.सी.कक्ष पेशी हेतु बनाये गये है। बंदियों की मुलाकात कक्ष एवं टेलीफोन मुलाकात का जायजा लिया गया। जेल अस्पताल का निरीक्षण किया गया जिसमें उपस्थित चिकित्सक एवं स्टाफ से बीमार बंदियों के ईलाज की जानकारी प्राप्त की। प्रभारी जेल अधीक्षक दिलीप सिंह से जेल कैंटीन, जेल में पदस्थ कर्मचारियों, निरुद्ध बंदी संख्या, जेल की क्षमता एवं आने वाली समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। एडीएम ने जेल में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ रखने एवं बंदियों को नियमानुसार गुणवत्ता अनुरूप भोजन देने के निर्देश दिए।

## बाधा डालने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार महिंद्रा ट्रैक्टर एवं ट्राली बरामद

**छतरपुर ।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बृजपुरा तरफ से आ रहे ट्रैक्टर एवं ट्राली (अवैध रूप से रेत का परिवहन) को खनिज टीम द्वारा रोक कर आवश्यक दस्तावेज चाहे गए थे, आरोपियों द्वारा विरोध किया गया, शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए ट्रैक्टर ट्राली को लेकर फरार हो गए थे। खनिज टीम की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता की शासकीय कार्य में बड़ा सहित समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी उपेंद्र यादव पिता अवध प्रसाद यादव निवासी छत्रसाल नगर छतरपुर को विधिवत गिरफ्तार किया गया, प्रयुक्त महिंद्रा 575 ट्रैक्टर एवं ट्रॉली कीमत करीब 5 लाख रुपए बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही की गई। विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, पुलिस एवं प्रशासनिक टीम की भूमिका रही।

**बे- खौफ बालू माफिया, अधिकारी मौन :** खजुराहो से बमीठा मार्ग स्थित खूड़र नदी के पुल के नज़दीक से खुलेआम ट्रैक्टरों से निकाली जा रही है रेत,बालू माफिया बीच नदी में ट्रैक्टर लगाकर भर रहे हैं बालू ,जिम्मेदार विभाग और अधिकारी जानबूझकर कर रहे अनदेखी, जबकि जिला कलेक्टर द्वारा बारिश के सीजन में नदियों से बालू निकालने पर प्रतिबंध लगाया गया है,लेकिन बालू माफिया दिन भर रेत निकलकर नगर के ही शासकीय तथा अशासकीय निर्माण स्थलों पर जाकर खुलेआम रेत बेच रहे हैं जिससे शासन को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है,बेखौफ बालू माफिया को किसी का भी डर नहीं है,सूत्र बताते हैं कि उनका कहना है कि वे परमीशन लेकर बालू निकाल रहे हैं ।



## सांसद श्री कुलस्ते निवास में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल



**मंडला ।** सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने निवास के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित निः शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को साइकिल प्रदान की। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने की राह को आसान बनाने के लिए साइकिल वितरण योजना का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों को नई ऊर्जा मिलेगी और वे अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे पाएंगे। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस दौरान कार्यक्रम में निवास विधायक श्री चैनसिंह वरकड़े, पूर्व विधायक श्री रामप्यारे कुलस्ते, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर परिषद अध्यक्ष, एसडीएम निवास श्री सीएल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक ने

# जनसुनवाई में पहुंच कलेक्टर की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**जागरण, डिंडोरी ।** जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में आये ग्रामीण अंचलों से आए ग्रामीण जनसुनवाई से असंतुष्ट होकर विधायक जी से न्याय दिलाने गुहार लगाई तो डिंडौरी जिले के विधानसभा क्षेत्र शहपुरा विधायक भाजपा ओमप्रकाश धुर्वे विगत दिन फिर जनसुनवाई में कलेक्टर की कार्यप्रणाली को लेकर भड़क उठे विधायक धुर्वे ने मीडिया को जानकारी में बतालाए की डिंडौरी में जनसुनवाई का आयोजन तो किया जा रहा है पर जनता के समस्या की सुनवाई नहीं हो रही ग्रामीण क्षेत्र से आ रहे लोग परेशान हो रहे है अब मुझे भी बर्दास्त नहीं हो रहा है. डिंडौरी के बजाग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गीधा के सेंकड़ो की संख्या में महिलाए दूसरी बार मंगलवार को जनसुनवाई में अपने पंचायत की शिकायत लेकर पहुंची हैं जहाँ उनकी शिकायत का समाधान नहीं हो रहा था और विधायक धुर्वे को फोन से बुला कर उन्हें पूरी समस्या सुनाई. गीधा पंचायत के पंच सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाये जिन्हैं एसडीएम को सौपा और मजदूरी भुगतान न होने पर जिला पंचायत सी ई ओ को शिकायत पत्र सौंपे चूकि आज हरतालिका व्रत है और महिलाओ की मजदूरी भुगतान नहीं होने से सब महिलाए भुगतान के लिए जिला पंचायत में धरने में बैठ गई थी जिन्हे विधायक धुर्वे ने समझाया और उन्हें पूजा पाठ के लिए राशि दी तब जाकर महिलाएं मानी, इसके पहले भी जनसुनवाई में लोगो की समस्या का समाधान नहीं हो रहा था तब भी भाजपा विधायक ने कलेक्टर को आड़े हाथो लिया था. विधायक धुर्वे का कहना है की हमारी सरकार अच्छा कार्य कर रही है लेकिन जिला कलेक्टर सुनवाई ही नहीं कर रही है ।



### इनका कहना है

कलेक्टर जनसुनवाई करने केवल दिखावा कर रही है जिसका वजह है की ग्रामीणों का बार बार फोन आ रहा था तो हमें आना पड़ा देखने में ये आ रहा है की ग्रामपंचायत गीधा एवं किवाड़ से ग्रामवासी एवं पंच आए हुए है गीधा की महिलाए मजदूरी भुगतान नहीं होने से परेशान होकर दो सप्ताह से आरहे हैं तो वहीं किवाड़ के पंच बहुमत के साथ अविश्वास प्रस्ताव लाने दो सप्ताह से परेशान हैं पर इन सब की समस्या का समाधान नहीं निकल पा रहा है, शिकायत पत्र को रजिस्टर में दर्ज भी नहीं किया जा रहा है ऐसा नहीं चलेगा इसमें सुधार लाया जाना आवश्यक है

**ओमप्रकाश धुर्वे, विधायक शहपुरा**

# उदय चौक के राजा गजपति गजराज का आगमन, पुष्पवर्षा आतिशबाजी से हुआ भव्य स्वागत

**जागरण, मण्डला ।** गणेश उत्सव का पर्व पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर का प्रमुख आकर्षण उदय चौक के राजा भगवान गजराज गजपति का इस वर्ष भी देर रात भव्य स्वागत किया गया। सजावटी लाइटों की जगमगाहट और फूलों की वर्षा के बीच जब गजराज गजपति की प्रतिमा उदय चौक पहुंची तो पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। भक्तों की भारी भीड़ और युवाओं का उमंग देखने लायक था। देर रात तक चले इस स्वागत समारोह में शहरभर से श्रद्धालु उमड़े और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। उदय चौक गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि यह आयोजन लगातार 18 वर्षों से किया जा रहा है। समिति हर वर्ष नए आकर्षणों और भावनाओं से भरे कार्यक्रमों के जरिए श्रद्धालुओं को गणेश भक्ति में जोड़ती है। समिति के प्रयासों का ही परिणाम है कि उदय चौक के राजा का गणेश उत्सव न केवल मंडला नगर बल्कि पूरे जिले और जिले से बाहर भी चर्चाओं में रहता है। कोषाध्यक्ष सृजल तिवारी और ने बताया कि इस वर्ष भी पंडाल सजावट और लाइटिंग में विशेष आकर्षण जोड़े गए हैं। श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है ताकि वे आसानी से दर्शन लाभ ले सकें। वहीं के समिति सक्रिय सदस्य रजनीश रज्जन उसराठे, मयंक विश्वकर्मा, सदस्य हिमांशु हनी बर्वे, ऋषभ सिंहा, अमन अग्रवाल, पंकज उसराठे, अर्जुन बरमैया, मयंक विश्वकर्मा, निलेश तिवारी, मृतुंजय तिवारी, हनि बर्वे, निशांत चौरसिया, मोनू चौरसिया, राजेश ताम्रकार, सानू डोंगसरे, असीम अग्रवाल, हिमांश भांगरे, निक्की साहू, सत्यम श्रीवास, गौरव विश्वकर्मा, आयुष बर्वे, निक्की श्रीवास, सागर वर्मा सहित सहित उदय चौंक के राजा गणेशोत्सव समिति के कार्यकर्ता व पदाधिकारी की मुख्य मौजूदगी में भव्य स्वागत किया गया।



# गांव में घुसा विशाल अजगर, मुर्गी निगली : अजगर पकड़ने खुद उतरे ग्रामीण, वन विभाग की लापरवाही से भड़के ग्रामीण

**जागरण, डिंडोरी ।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बिजौरा में बुधवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब एक विशाल अजगर गांव में घुस आया और मुर्गी को निगल गया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए।ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी, लेकिन विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचने की बजाय फोन पर ही ग्रामीणों को सलाह दे डाली कि वे स्वयं अजगर को पकड़कर बोरी में बंद कर दें। विभाग की इस लापरवाही से नाराज ग्रामीणों ने जोखिम उठाकर अजगर को पकड़ लिया और बोरी में कैद कर रातभर उसकी निगरानी करते रहे।ग्रामीणों का कहना है कि गांव में अजगर की मौजूदगी से लोग भयभीत हैं और आशंका है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो अजगर अन्य पशु-पक्षियों को भी शिकार बना सकता है। उन्होंने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग केवल कागजों में वन्यजीव संरक्षण दिखाता है, लेकिन हकीकत में लापरवाही साफ झलकती है।इस बीच, जैसे ही मामला वन मंडलाधिकारी (छ्स्न्ह्र) पुनीत सोनकर तक पहुंचा, उन्होंने तत्काल रेस्क्यू टीम भेजने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि वन विभाग ने भविष्य में ऐसी घटनाओं पर तत्परता नहीं दिखाई तो बड़ी घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने मांग की है कि विभाग गांवों में सक्रिय रहकर वास्तव में वन्य जीव संरक्षण सुनिश्चित करे।



## छात्रों को मिली सौगात : निःशुल्क साइकिल पाकर खिले चेहरे



**डिंडोरी ।** मध्यप्रदेश शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत डिंडोरी जिले के एकीकृत बालक माध्यमिक विद्यालय मानिकपुर में कक्षा 6वीं के छात्रों को साइकिलें वितरित की गईं। ग्रामीण अंचल के इन छात्रों को अब विद्यालय आने-जाने में सहूलियत मिलेगी।पहले छात्रों को विद्यालय पहुँचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था, जिससे उनका काफी समय बर्बाद होता था और थकान के कारण पढ़ाई पर असर पड़ता था। शासन की इस योजना से अब छात्रों को समय पर विद्यालय पहुँचने और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी।

## मलाजखंड क्षेत्र से वन्यप्राणी अंगों की तस्करी का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, मंडला ।** मलाजखंड क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने तेंदुए के अंगों की तस्करी का पर्दाफाश किया है। मुखबिर की सूचना पर समनापुर रेंज की टीम ने कांजन नगर से हरीशंकर उइके को पकड़ा। उसकी तलाशी में तेंदुए के 3 नाखून मिले। पूछताछ में उसने कबूल किया कि ये नाखून बेचने के लिए वह चैतराम पन्द्रे के पास ले जा रहा था। वन विभाग ने चैतराम को भी पूछताछ के लिए बुलाया। तभी राज़ खुला कि दोनों ने मिलकर पहले तेंदुए का शिकार किया और फिर शव को जंगल में दबा दिया।



### 692 फीट अंदर मिला तेंदुए का शव

दोनों आरोपियों की निशानदेही पर टीम ने किन्तला परिक्षेत्र के चुहे मैदान के पास खुदाई कराई। वहां से तेंदुए की हड्डियां और अवशेष बरामद हुए। घटना की सूचना मिलते ही एनटीसीसीए नई दिल्ली और भोपाल मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी गई।

**विशेषज्ञों की मौजूदगी में जांच :** वन्यप्राणी विशेषज्ञ, वरिष्ठ अधिकारी और चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवशेषों की जांच की। पूरी कार्रवाई की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई गई। वन अपराध प्रकरण क्रमांक 46552/01 दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय बेहर में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले की जांच जारी है।

## धरना प्रदर्शन में पहुंची प्रदेश अध्यक्ष सरकार पर लगाए नाकामी के आरोप

**जागरण, मंडला, ।** आम आदमी पार्टी के द्वारा जनहितकारी मुद्दो को लेकर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था कलेक्ट्रेट मार्ग में 25 अगस्त से 27 अगस्त तक किए गए धरना प्रदर्शन में पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस धरना प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति रानी अग्रवाल एवं प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा अपने साथियों के साथ मंडला पहुंचे और कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग है।




## शास. एवं निजी कॉलेज एक हफ्ते में छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों का निराकरण करें : कलेक्टर

**छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के संबंध में समीक्षा बैठक की।बैठक में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग मनोज अहिरवार, डीईओ अरुण शंकर पांडे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य एवं छात्रवृत्ति के नोडल उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के समस्त नोडल से दो सत्रों में लंबित आवेदनों की समीक्षा की। जिसमें कलेक्टर श्री जैसवाल ने शासकीय कन्या पीजी कॉलेज छतरपुर के नोडल के बहुत अधिक आवेदन लंबित होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। जिसमें कृष्णा यूनिवर्सिटी के अधिक आवेदन लंबित होने पर एक हफ्ते में निराकरण कराने के निर्देश दिए और कहा जो भी अपात्र है उन्हें रिजेक्ट करें। उन्होंने कहा लंबित आवेदनों के निराकरण नहीं करने और रुचि नहीं लेने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, शासकीय आईटीआई छतरपुर, शास. पॉलिटेक्निक कॉलेज नौगांव, शास. बापू महाविद्यालय नौगांव, शास.कॉलेज लवकुशनगर, शास. कॉलेज राजनगर, डाइट कॉलेज नौगांव को भी लंबित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदनों के जल्द से जल्द निराकरण कराने के निर्देश दिए । और कहा कि जो भी छात्र अपात्र हैं उन्हें रिजेक्ट कर पेंडेंसी क्लियर करें। कलेक्टर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रों के आवास भत्ते के लंबित आवेदनों में नोडल महाराज छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, शासकीय गर्ल्स पीजी कॉलेज छतरपुर, शासकीय बापू महाविद्यालय नौगांव को आवासों को वेरिफाई कराकर लंबित आवेदनों का निराकरण कराने के निर्देश दिए और यह भी निर्देश दिए कि जिन संस्थाओं के आवेदन लंबित हैं, उनके साथ मीटिंग कर पेंडेंसी क्लियर कराएं। कलेक्टर ने अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग के एमपी टास पोर्टल पर पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए नोडल पीजी गर्ल्स कॉलेज को निर्देश दिए कि श्री कृष्णा यूनिवर्सिटी जाकर उनके साथ मीटिंग कर समीक्षा करें और वेरीफाई हेतु लंबित आवेदनों को पेंडेंसी क्लियर करें और ना करने पर लिखित कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजें। इसके साथ ही छत्रसाल यूनिवर्सिटी, शास.कॉलेज बड़ामलहरा, शास पॉलिटेक्निक नौगांव, एवं शास आईटीआई नोडल को भी छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों के जल्द से जल्द निराकरण कराने के निर्देश दिए।

THE INSTITUTE OF Company Secretaries of India
भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान
IN PURSUIT OF PROFESSIONAL EXCELLENCE
Statutory body under an Act of Parliament
(Under the jurisdiction of Ministry of Corporate Affairs)

**"बल्क एसएमएस और वाट्सएप सॉल्यूशन/सेवाएं उपलब्ध कराने तथा इसके कार्यान्वयन के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध"** के लिए सक्षम सेवा प्रदाताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा की विस्तृत निबंधन एवं शर्तें आईसीएसआई वेबसाइट अर्थात **www.icsi.edu** के टेंडर पेज पर उपलब्ध हैं। इस निविदा के लिए आगे सभी सूचनाएं केवल आईसीएसआई वेबसाइट पर अधिसूचित की जायेंगी।

निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 29.08.2025 से 19.09.2025 तक है।

भारतीय गुणवत्ता परिषद्
QUALITY COUNCIL OF INDIA
QCI Creating an Ecosystem for Quality

भारतीय गुणवत्ता परिषद् (क्यूसीआई), भारत सरकार द्वारा स्थापित एक अग्रणी स्वायत्त निकाय है। परिषद्, गुणवत्ता की मानसिकता विकसित करने के लिए ज़िम्मेदार है और इसकी परिकल्पना है कि प्रत्येक नागरिक के जीवन को स्पर्श करने वाले विविध उत्पादों और सेवाओं में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। एक स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय के रूप में भारतीय गुणवत्ता परिषद्, अपने घटक बोर्डों और प्रभागों के माध्यम से अपनी गतिविधियों का समन्वय करते हुए उत्पादों, सेवाओं और प्रक्रियाओं के स्वतंत्र अन्य-पक्ष मूल्यांकन के लिए एक तंत्र तैयार करती है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), भारतीय गुणवत्ता परिषद् के लिए नोडल प्वाइंट के रूप में कार्य करता है।

भारतीय गुणवत्ता परिषद्, **सरपंच संवाद ऐप पर सरपंचों की ऑनबोर्डिंग और सहभागिता को सुगम बनाने के लिए एजेंसियों का पैनल तैयार करने हेतु**, इस विज्ञापन के माध्यम से, **अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)** आमंत्रित करती है।

अपेक्षाओं के विस्तृत विवरण सहित अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) संबंधी सूचना, क्यूसीआई की वेबसाइट www.qcin.org पर निविदा खंड (https://qcin.org/work-with-us/#tenders) के अंतर्गत देखी जा सकती है।

इच्छुक एजेंसियां अपना आवेदन, अपने प्रोफाइल और अन्य विवरण के साथ **"सरपंच संवाद ऐप पर सरपंचों की ऑनबोर्डिंग और उनकी सहभागिता को सुगम बनाने के लिए एजेंसियों का पैनल तैयार करना"** शीर्षक के अंतर्गत, पीडीएफ प्रारूप में **procurement@qcin.org** पर ईओआई दस्तावेज में उल्लिखित तिथि और समय के अनुसार भेज सकती हैं।

NABCB NABH NABL NABET NBQP
QCI'S BOARDS AND DIVISIONS
PADD PPID NDIE Strategy & Policy
ONDC FOUNDED & SUPPORTED BY QCI

Quality Council of India, World Trade Centre, J-200, Block J, Narouji Nagar, Safdarjung Enclave, New Delhi- 110029
@QualityCouncilofIndia @QualityCouncil qualitycouncilofindia quality-council-of-india-qci- info@qcin.org

IDBI BANK

**आई.डी.बी.आई. बैंक लिमिटेड**
**अंचल कार्यालय : प्रथम तल, सेन्टर प्वाइंट, कमर्शियल काम्पलेक्स**
**टी.टी. नगर, न्यू मार्केट, भोपाल-462003**
**फोन : 0755-4848320 E-mail:deepak.bundel@idbi.co.in**

**सरफेसी अधिनियम के तहत मोचन/विक्रय सूचना- अचल सुरक्षित संपत्तियों के लिए**

**प्रति,**
**1. श्री श्रीमन नारायण अग्रवाल (ऋणी एवं बंधककर्ता)**
**2. श्रीमती बबिता अग्रवाल पत्नी श्री श्रीमन नारायण अग्रवाल (सहऋणी)**
**ऋणी(यो)/सहऋणी(यो) एवं बंधककर्ता(ओ) का पता:-**
मकान नं. 128, वार्ड नं. 7, मेन रोड, राधिका कालोनी, खजुराहो, छतरपुर, (म.प्र.) - 471606

**विषय: वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (अधिनियम) की धारा 13(8) के अंतर्गत नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (नियम) के नियम 8(6) के साथ पठित।**

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (आईडीबीआई बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी आपको निम्नानुसार नोटिस देते हैं; आईडीबीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा नियम 3 के साथ पठित 13(2) के तहत दिनांक 16.12.2023 को आप **(1) श्री श्रीमन नारायण अग्रवाल (ऋणी और बंधककर्ता), (2) श्रीमती बबिता अग्रवाल (सहऋणी )** को डिमांड नोटिस जारी किया तथा इसके माध्यम से नोटिस में उल्लिखित राशि **रु. 4,57,10,279.50/- (रुपये चार करोड़ सत्तावन लाख दस हजार दो सौ उन्यासी एवं पैसा पचास मात्र)** ऋणों के संबंध में दिनांक **10.01.2024** तक बकाया राशि के लिए, साथ में दिनांक **10.01.2024** से प्रभावी ब्याज सहित उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान करें। चूंकि आप **(1) श्री श्रीमन नारायण अग्रवाल (ऋणी और बंधककर्ता), (2) श्रीमती बबिता अग्रवाल (सहऋणी )** उपरोक्त राशि चुकाने में विफल रहे हैं, नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 8(1) के साथ मिलकर **31.01.2025** को सनावद, **खजुराहो, छतरपुर (म.प्र.)** में स्थित आपकी अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों का **भौतिक कब्जा** ले लिया है, अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों का विस्तृत विवरण अनुलग्नक-। में दिया गया है। अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नियम 8 के उप-नियम (1), (2) और (2-ए) के अनुपालन में कब्जा नोटिस जारी किया है।

आपकी अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों का कब्जा लेने के बाद, अधोहस्ताक्षरकर्ता उन्हें बेचने का प्रस्ताव रखते हैं। तदनुसार, नियम 8(6) के साथ धारा 13(8) के तहत आपको नोटिस दिया जाता है कि अनुलग्नक में अधिक विस्तृत रूप से उल्लिखित अचल सुरक्षित परिसंपत्ति को इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 30 दिनों के बाद नियम 8(5) में उल्लिखित निम्नलिखित तरीकों में से किसी एक को अपनाकर बेचा जाएगा, अर्थात:
(ए) सुरक्षित परिसंपत्तियों में काम करने वाले या ऐसी परिसंपत्तियों को खरीदने में अन्यथा रुचि रखने वाले पक्षों से कोटेशन प्राप्त करके; या
(बी) जनता से निविदाएं आमंत्रित करके; या
(सी) ई-नीलामी मोड के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी आयोजित करके; या
(डी) निजी संधि द्वारा।

इस संबंध में, आप **10.01.2024** तक **रु. 4,57,10,279.50/- (रुपये चार करोड़ सत्तावन लाख दस हजार दो सौ उन्यासी एवं पैसा पचास मात्र)** के संपूर्ण बकाया का भुगतान अनुबंध दरों पर अतिरिक्त ब्याज और लागतों के साथ कर सकते हैं और ऊपर निर्दिष्ट 30 दिनों के भीतर संबंधित अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ा सकते हैं/ उनका कब्जा वापस ले सकते हैं। यदि आप/ऋणी इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 30 दिनों के भीतर ऊपर बताए गए बकाया का भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो नीचे हस्ताक्षरकर्ता आईडीबीआई बैंक के सर्वोत्तम हित में आवश्यक किसी भी उपरोक्त तरीके को अपनाकर उक्त अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए आगे बढ़ने के लिए स्वतंत्र होंगे।
कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस आपको धारा 13(8) के साथ नियम 8(6) के अनुसार जारी किया गया है, तथा अधिनियम या नियम या किसी अन्य लागू कानून के तहत आईडीबीआई बैंक को उपलब्ध अधिकारों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालता है।

**अनुलग्नक-। (अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण)**

**1 : अचल संपत्ति का समस्त भू भाग भूमि स्थित क्षेत्रफल-0.183 हेक्टेयर (खसरा नं. 1832/9/1/1/3) ग्राम-खजुराहो, पटवारी हल्का नं. 31, तहसील राजनगर, जिला-छतरपुर (म.प्र.) 471606**
**उस पर मौजूद संरचनाओं की चर्तुसीमाएँ:** उत्तर में- बालेन्द्र सिंह की भूमि, दक्षिण- रोड, पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की भूमि

**दिनांक : 29.08.2025**
**स्थान : खजुराहो, छतरपुर (म.प्र.)**

कृते/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## अनुचित है दिव्यांगों पर टिप्पणी अदालत की सख्ती तर्कसंगत

***सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के कंटेंट से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ कहा है, उसे बहुत सावधानी से लेने की जरूरत है। समय रैना समेत पांच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की टिप्पणियों को दिव्यांगों की गरिमा के खिलाफ पाया गया है।***


*इंटरनेट सेंसेशन के इस दौर में जब अपने कंटेंट को वायरल बनाने की इच्छा सब पर हावी होती दिख रही है, इस केस ने यह ध्यान दिलाया है कि हर दूसरे अधिकार की तरह अभिव्यक्ति की आजादी भी अपने साथ जिम्मेदारी लेकर आती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ठीक ही बेहद सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि किसी को भी दूसरों पर, खासकर दिव्यांगों, बीमारों, जैसे कमजोर तबकों पर हंसने की छूट नहीं दी जा सकती। अदालत का यह मानक भी तर्कसंगत कहा जाएगा कि प्रायश्चित के तौर पर की जाने वाली क्षतिपूर्ति होने वाले नुकसान के मुकाबले ज्यादा होनी चाहिए।*

*इसमें दो राय नहीं कि ऑनलाइन कंटेंट से जुड़े मामलों के लिए सरकार की ओर से गाइडलाइन होनी चाहिए। इस सिलसिले में अटॉर्नी जनरल की तरफ से बताया गया कि सभी स्टेकहोल्डर्स से बातचीत की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। लेकिन कोर्ट ने भी माना कि इस तरह की कोई भी गाइडलाइन किसी खास केस की प्रतिक्रिया में आनन-फानन तैयार नहीं की जा सकती और न ही ऐसा किया जाना चाहिए। यह कार्य न केवल मौजूदा परिस्थिति और इससे जुड़े तमाम पहलुओं का बल्कि आने वाले दौर की चुनौतियों का भी ध्यान रखते हुए करना होगा।*

*सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से यह सवाल भी सामने आया कि क्या अभिव्यक्ति की आजादी को कमर्शियल और नॉन कमर्शियल जैसी दो श्रेणियों में बांटकर देखा जा सकता है। ध्यान रहे, संविधान की ओर से सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति का एक जैसा अधिकार दिया गया है। इसके साथ जुड़ी पाबंदियां भी सबके लिए समान हैं। यहां तक कि मीडिया या मीडियाकर्मियों को भी अलग से कोई अधिकार नहीं दिया गया है। ऐसे में इस पर विचार करना होगा कि क्या किसी की अभिव्यक्ति को इस आधार पर अलग तरह से देखा जाना चाहिए कि वह कमर्शियल कंटेंट की श्रेणी में आता है या नहीं। पिछली सुनवाई की रोशनी में देखा जाए तो स्पष्ट हो जाता है कि इस मामले में अनुच्छेद 19 के तहत मिले अभिव्यक्ति के अधिकार और अनुच्छेद 21 के तहत मिले गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार दोनों पर विचार करना है। जाहिर है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शीर्ष अदालत कैसे दोनों के बीच संतुलन साधते हुए आगे बढ़ती है।*

*यह उचित है कि हास्य-व्यंग्य किसी और के सम्मान की कीमत पर नहीं हो सकता। हास्य जीवन का हिस्सा होना चाहिए, लेकिन किसी को चोट पहुंचाए बिना।*

# मन की आंखें खोल बाबा...



किसी बरसाती नदी के किनारे कोई नवयौवना स्त्री सहमी सी खड़ी थी कि वर्षा के वेग से बढ़ी हुई नदी को कैसे पार करूँ...

तभी दो सन्यासी-साधु वहाँ पहुँचे...एक प्रौढ़ पचास-पचपन की आयु का... दूसरा तरुण अठारह-बीस बरस का... प्रौढ़ साधु ने पूछा क्यों खड़ी हो देवी क्या बात है... नारी बोली डर लगता है उस पार कैसे जाऊँ... प्रौढ़ साधु बोला... मेरे काँधे पर बैठ जाओ मैं उस पार उतार दूंगा...

नवयौवना को साधु ने उस पार पहुँचा दिया... दूसरा नवयुवक साधु मन ही मन कुढ़ता हुआ चलता रहा... गुरुभाई तो रंगीला साधु है... कन्या थी तो अपने कन्धे पर बैठा लिया... अगर कोई लड़का या बूढ़ा होता तो जरूर मुझसे कहता... भाई इसे तुम जरा उस पार उतार दो... लड़की थी तो भला मुझे क्यों पूछता... अकेले ही अकेले उसके अंग स्पर्श का सुख लेता रहा... यह बूढ़ा खड़ूस... उस तरुण साधु का मन इसी कुंठामय विचारों में इतना लीन था कि कब राह में पड़ा काँटा उसे चुभ गया... उसे पता ही न चला... जब वह लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा तब प्रौढ़ साधु बोला... अब तो मन से उस लड़की को निकाल दो भाई... मैं तो उसे नदी के किनारे ही छोड़ आया... तुम भी उसे छोड़ दो...




प्रौढ़ साधु ने नवयुवक साधु को समझाते हुऐ कहा कि... अभी तुम्हारी साधना कच्ची है... देखो छोटे से पौधे को जब हम लगाते हैं... तब उसके चारों ओर काँटों की बाड़ी लगा देते हैं कि कहीं खरगोश और बकरी जैसे छोटे जानवर उसे खा न जायें... लेकिन जब एक बार पौधा बड़ा होकर महावृक्ष बन जाता है... तब क्या खतरा... भले ही बैल या हाथी उसके तने से बाँध दो... परन्तु उस महावृक्ष का कुछ नहीं बिगड़ने वाला...

तप से मन को दृढ़ कर लो... फिर स्त्री या धन की या कि सुख-सम्पदा की वासना... भला कैसे नष्ट करेगी तुम्हारी मनःस्थिति को... फिर भला कैसे वासना जगेगी तुम्हारे विचारों में...? मन को साधो... क्योंकि मन के साधे ही सब सधे...

स्व. अज्ञेय जी की एक कविता है...

**वासना को बाँधने को**
**तूमड़ी जो स्वर-तार बिछाती है**
**आह! उसी में कैसी एकांत निविड़**
**वासना थरथराती है!**
**तभी तो साँप की कुन्डली हिलती नहीं**
**फन डोलता है।**
**कभी रात मुझे घेरती है,**
**कभी मैं दिन को टेरता हूँ**
**कभी एक प्रभा मुझे हेरती है,**
**कभी मैं प्रकाश कण बिखेरता हूँ।**
**कैसे पहचानूँ कब प्राण स्वर मुखर है,**
**कब मन बोलता है?**

किस प्राचीन नगर में... एक गणिका की कोठी के सामने कहीं से भटकता हुआ एक साधु आकर... अपनी कुटिया बनाकर रहने लगा...

होते-होते वैश्या के रूप-रस की चर्चा दूर-दूर तक फैली... समय के साथ उसकी कोठी हवेली बन गई... आमोद-प्रमोद के लिए दूर-दूर से बड़े राजे-रईस आने लगे... रात-रात भर गाना-बजाना चलता रहता...

न साधु कभी गणिका, के यहाँ जाता... न गणिका कभी साधु के दर्शनों को आती... दोनों अपनी-अपनी धुन में मस्त रहते...

गणिका मन ही मन रोज दिन चढ़े जागने पर सोचती... कितना पवित्र जीवन है इस साधु का... बस तप-आराधना करता है... ईश्वर का नाम जपता है... न संसार में रमता है... न संसार उसमें रमता है... बस उसे ईश्वर की लगन है... काश कभी उसके चरणों में बैठ मैं भी भगवत भजन कर सकती... पर हाय रे मेरे भाग्य की विवशता...

साधु मन ही मन रात-रात भर कुढ़ता था... गरीब था गुरु की शरण में जा साधु बनने का व्रत ले लिया... ब्रह्मचर्य की कसम खा ली... वरना मैं भी दो-चार रातें इस रूपसी को अपनी बाहों में भरकर बिता लेता... हाय रे मेरे भाग्य की विवशता...

कालचक्र के साथ दोनों ही साधु और वैश्या एक साथ... एक ही दिन... मृत्यु को प्राप्त हुए... यम के दूत आये और दोनों की आत्माओं को यमपाश में बाँधकर ले गये... ऊपर जा कर साधु आवेग से चिल्ला उठा... यम देव-यम देव क्या भूल करते हो... वह वैश्या उसे स्वर्ग और मैं तपस्वी साधु मुझे नर्क देते हो...?

यम हंसते हुये बोला... तपी तुम नहीं तुम्हारा शरीर था... तो देखो...! जिस मृत्युलोक से तुम आये हो... और जिस शरीर की साधना में तुमने जीवन जिया है उसे कितने सारे लोग बड़े से जलूस के साथ रोते-गाते अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे हैं... और दूसरी ओर... इस गणिका के दो-चार सेवक बिना किसी दुःख के उसकी चिता फूँक रहे हैं...

किन्तु यह परलोक स्वर्ग और नर्क का लोक है... यह मन का लोक है... जैसा-जैसा तुम दोनों का मन था... वैसा-वैसा लोक तुम दोनों को दिया है... साधना और तपस्या तन से नहीं... मन से होती है...

**सासों का पुतला हूँ मैं,**
**जरा से बँधा हूँ और**
**मरण को दे दिया गया हूँ ,**
**पर एक जो प्यार है न!**
**उसी के द्वारा जीवनमुक्त मैं किया गया हूँ।**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)

https://adhyatmsanatandharma.com

# ट्रंप से आर्थिक युद्ध जीतने के लिए जापान से सीखे भारत

अर्थव्यवस्था संकट

**नौशाद फोर्ब्स**

हम जापान से कितना कुछ सीख सकते हैं जिसने 19वीं सदी के मध्य में अमेरिकी दबंगई के जवाब में खुद को चमत्कारिक रूप से बदला और एक औद्योगिक अर्थव्यवस्था बन गया। मेरे प्रमुख स्रोत हैं समाजशास्त्री रोनाल्ड डोर जिन्होंने जापानी संस्कृति और आर्थिक सफलता पर काफी कुछ लिखा है।

**विनम्रता और महत्वाकांक्षा-** हमें आर्थिक जंग जीतनी है न कि ट्रंप से कोई बहस जीतनी है। यानी हमें अपमान को विनम्रतापूर्वक नजरअंदाज करते हुए अंतिम परिणाम पर नजर रखनी है। 'पेरी घटनाक्रम' (वर्ष1853 में) से अमेरिका ने जापान पर दबाव बनाकर उसे अपनी अर्थव्यवस्था को खोलने पर विवश किया और उससे कुछ रियायतें हासिल की थीं। इन असमान समझौतों में अपनी ही शुल्क दरें तय करने का अधिकार गंवाना और विदेशियों के निवास वाले इलाकों में पश्चिमी कानूनों को लागू होने देना शामिल था। जापानियों ने इसका उत्तर कुछ महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के साथ दिया।

- 1870 का दशक- जापान औपनिवेशीकरण से मुक्त।
- 1890-1911- पश्चिम द्वारा आरोपित असमान संधियों की समीक्षा।
- 1890 का दशक- चीन को कोरिया पर नियंत्रण करने से रोकना।
- 1900 का दशक- रूस को कोरिया पर नियंत्रण करने से रोकना।
- 1930 का दशक- महाशक्तियों के साथ बराबरी हासिल करना।

डोर बताते हैं कि इन महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को सभी जापानियों के साझा लक्ष्यों के रूप में प्रस्तुत किया गया था और इन्हें हासिल करने में राष्ट्रवाद की भावना का जमकर इस्तेमाल किया गया। राष्ट्रवाद अक्सर खराब ढंग से समाप्त होता है। न केवल किसी देश के लिए बल्कि उसके पड़ोसियों के लिए भी। यहां खराब से तात्पर्य युद्ध और पेशेगत पराजय से है। चीन के लिए 1895 में, कोरिया के लिए 1905 में और जापान के लिए ऐसा 1945 में दो परमाणु बम विस्फोटों के बाद हुआ। दूसरे विश्व युद्ध के बाद कई सकारात्मक चीजें हुईं। आर्थिक वृद्धि राष्ट्रीय आकांक्षा बन गई। जापान के दैनिक अखबारों ने सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में वृद्धि की सारणी प्रकाशित करनी शुरू की। हर बार जब जापान प्रति व्यक्ति आय में किसी देश को पीछे छोड़ता तो यह सुर्खियों में आ जाता। इसका लक्ष्य राष्ट्रीय गौरव था न कि महज आर्थिक वृद्धि। 1950 और 1960 के दशक में जापान रिकॉर्ड गति से (दो दशकों में 9 से 10 फीसदी की तेज वृद्धि) विकसित हुआ। इसमें तकनीकी क्षमताओं की अहम भूमिका थी। 1950 से 1978 के बीच जापान दुनिया में तकनीक का सबसे बड़ा आयातक था। डोर के मुताबिक उसने 9 अरब डॉलर की राशि तकनीक आयात करने में व्यय की। हालांकि, 1978 में अमेरिका ने शोध एवं विकास पर 60 अरब डॉलर खर्च किए थे। जापानी कंपनियों ने आंतरिक शोध पर भी खूब व्यय किया। जापानी कंपनियों ने विदेश में विस्तार किया। होंडा, सोनी, पैनासोनिक और टोयोटा दुनिया भर में पहचानी जाने लगीं। सर्वश्रेष्ठ से सीख लेने के लिए विनम्रता जरूरी है। नई तकनीक और विश्वस्तरीय कंपनियां बनाने के लिए महत्वाकांक्षा जरूरी है। इन दोनों का मेल बेजोड़ साबित हुआ।



**अमेरिका ने जिन देशों पर सर्वाधिक शुल्क लगाया है उनमें भारत भी शामिल है। ट्रंप ने शुल्क वृद्धि के साथ-साथ हमें अपमानित करने वाली बातें भी कहीं हैं। मसलन भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम करने की बात या भारतीय अर्थव्यवस्था को एक मृत अर्थव्यवस्था बताना। ऐसे में प्रश्न यह है कि हम कहां हैं और हमारे समक्ष क्या विकल्प हैं?**

**विकास की आकांक्षा :** डोर जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान और सिंगापुर में 'विकसित होने की इच्छा' की बात करते हैं। यह इच्छा पिछड़ेपन की भावना से आई जिसे दूर करने की आकांक्षा थी। अपने इतिहास में 30 वर्ष की उच्चतम वृद्धि के बाद हम प्रति व्यक्ति जीडीपी के हिसाब से सबसे गरीब पांचवे देश से सबसे गरीब तीसरे देश बने। यह अच्छा सुधार है लेकिन पर्याप्त नहीं। चीन आज भारत से पांच गुना अमीर है और शोध एवं विकास में हमसे 25 गुना निवेश करता है। हमें अपनी इच्छाशक्ति और मजबूत करने की जरूरत है। डोर कहते हैं कि पिछड़ेपन की यह भावना पूरे समाज में साझा होनी चाहिए। हम नोबेल पुरस्कार विजेताओं और वैश्विक कंपनियों का नेतृत्व करने वाले भारतीयों के नाम पर गर्व करते हैं लेकिन अगर हम इसके साथ ही यह प्रश्न करना शुरू करें कि अमर्त्य सेन, वेंकटरमन रामाकृष्णन और अभिजित बनर्जी जैसे हमारे नोबेल विजेता विदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में काम क्यों करते हैं तथा सत्य नाडेला और सुंदर पिचाई जैसे लोग अमेरिकी कंपनियों का ही नेतृत्व क्यों करते हैं तब आग्रह पूर्णतः सकारात्मक होगा।

लेकिन अगर हमारे महान बुद्धिजीवियों और कारोबारियों पर गर्व, खेत में काम करने वाले किसानों को अपने साथ जोड़ने की हमारी इच्छा को कम कर देता है, तो हम विकास की साझा इच्छाशक्ति को कमजोर कर देते हैं। तेज आर्थिक विकास के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने से हमारी विकास की इच्छाशक्ति को बढ़ावा मिल सकता है। राजनीतिक नेताओं और उद्योगपतियों के रूप में हमें इस पिछड़ेपन की भावना को साझा करना होगा भले ही हम इसे स्वयं में महसूस नहीं कर सकें। इससे आगे बढ़ने की साझा ललक तैयार होगी।

**क्या हमें महत्वाकांक्षाएं पालनी चाहिए ? :** ऐसे में हम जहां ट्रंप के अपमान की अनदेखी कर रहे हैं वहीं हमें क्या महत्वाकांक्षाएं पालनी चाहिए? वर्ष 2047 तक विकसित होने का हमारा लक्ष्य एक अच्छा आर्थिक लक्ष्य है। इसके लिए हमें जापान की तरह दो दशक से अधिक समय तक 9 फीसदी से अधिक की वृद्धि हासिल करनी होगी। यानी मौजूदा दर से 3 फीसदी अधिक। हमारे समाचार पत्र भी ऐसी सारणी प्रकाशित कर सकते हैं कि इस दौरान हम प्रति व्यक्ति जीडीपी में किन देशों को पछाड़ते हैं। फिलहाल हम इस मामले में 136वें स्थान पर हैं। जापान से सबक लेकर हम ट्रंप के साथ आर्थिक जंग जीतने के प्रयास कर सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समन्वय के बजाए यूरोपीय संघ, जापान और अन्य देशों ने उसके साथ ऐसे समझौतों पर हस्ताक्षर किए जो अमेरिका के लिए अधिक फायदेमंद थीं, उनके लिए कम। इधर, हमारे देश की बातचीत अब तक बेनतीजा रही है।

भारतीय उत्पादों पर बुधवार से 50 फीसदी उच्च अमेरिकी टैरिफ लागू किया गया है। इससे 48.2 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर असर पड़ेगा। ट्रंप टैरिफ की वजह से भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजारों में काफी महंगे हो जाएंगे, जिससे घरेलू निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के प्रतिस्पर्धियों की स्थिति अमेरिकी बाजार में बेहतर होगी। इस चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार को बड़े स्तर पर प्रयास करने होंगे, अन्यथा भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने का लक्ष्य भी प्रभावित होगा। ट्रंप टैरिफ ने अमेरिका के साथ भारत की पसंदीदा साझेदार छवि को तगड़ा झटका लगा है। वैश्विक निवेशक भारत को व्यापार झटकों के प्रति कमजोर मान रहे हैं, जिससे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रभावित हो सकता है। रूसी तेल खरीद के कारण भारत को निशाना बनाया जाना उसकी रणनीतिक स्वायत्तता को कमजोर करने वाला कदम माना जा रहा है।

**कई बड़े सुधारों की जरूरत :** नई शिक्षा नीति को लागू करना, विनिर्माण में देश के लिए अच्छी जगह बनाना, कृषि उत्पादकता की समस्याओं को हल करना, अपने शहरों में बदलाव, औद्योगिक शक्ति का कुछ घरानों तक सीमित होने पर अंकुश, कारोबारी सुगमता की लागत कम करना, वस्तु एवं सेवा कर की एकल दर, निजीकरण पर जोर और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए शुल्क कम करना। यह एक अच्छी सूची है।

कई लोग संदेह करेंगे कि हम ऐसा कर पाएंगे या नहीं। हम चरणबद्ध सुधार जारी रख सकते हैं। यानी दो कदम आगे तो एक कदम पीछे। हम ट्रंप की धमकियों और अपमान के बदले या तो प्रतिक्रिया दें और अंतर्मुखी हो जाएं या फिर उसकी अनदेखी करें और चुनौती को अवसर में बदल लें। इसके लिए हमें पूर्ण विकसित अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चलना होगा और इसके लिए जरूरी कदम उठाने होंगे। हम क्या करेंगे इसका चुनाव हमें करना है।

**( लेखक फोर्ब्स मार्शल के को-चेयरमैन और सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष हैं )**

प्रसंगवश

## चरम पर है प्रकृति का रौद्र रूप, विशेषज्ञों की सलाह से हो समाधान

**पहाड़ों के लोग हैरत में हैं कि अचानक बादल फटने की घटनाओं में ये अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हो रही है। क्या कुदरत नाराज है? दरअसल, हमारे नीति-नियंता भूल जाते हैं कि पहाड़ों का विकास मैदानी मॉडल पर नहीं किया जा सकता।**

जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो कितना घातक व विनाशकारी हो जाता है, इस बार की मूसलाधार मानसूनी बारिश ने हमें बता दिया है। लोग अब पानी के आवेग को देखकर डरने लगे हैं। जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से कुछ श्रद्धालुओं की मौत दुखद घटना है। बांधों से आया अतिरेक पानी रावी, ब्यास व सतलुज को विकराल बना गया, जिससे पंजाब के करीब एक दर्जन जिले जलमग्न हो गए हैं। पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के हिमालयी राज्यों में बादल फटने, हिमस्खलन और मलबे के सैलाब की जो घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने हर किसी को भयभीत किया है। हालात ने बताया है कि हमेशा शांत रहने वाले पहाड़ भी कितना रौद्र रूप दिखा सकते हैं। इस अतिवृष्टि से सड़कों, पुलों व स्थायी संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी फसलें तबाह हो गई हैं। जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से कुछ श्रद्धालुओं की मौत दुखद घटना है। बांधों से आया अतिरेक पानी से हजारों एकड़ फसलें बर्बाद हो गई हैं। पुल बहने व सड़कें तबाह होने से जन-जीवन पंगु बनकर रह गया है। पहाड़ों के लोग हैरत में हैं कि अचानक बादल फटने की घटनाओं में ये अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हो रही है। क्या कुदरत नाराज है? क्या ये गहराते ग्लोबल वार्मिंग संकट की देन है? दरअसल, हमारे नीति-नियंता पहाड़ों के पारिस्थितिकीय तंत्र की संवेदनशीलता को महसूस नहीं करते। भूल जाते हैं कि पहाड़ों का विकास मैदानी मॉडल पर नहीं किया जा सकता। साथ ही राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारियों की आधी-अधूरी तैयारियां भी संकट बढ़ाने वाली साबित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में, हिमाचल सरकार ने स्वीकार किया है कि पारिस्थितिक असंतुलन से निपटने के मौजूदा उपायों में कमियां रही हैं। इन आपदाओं का खमियाजा वे लोग उठाते हैं, जिनका इस स्थिति को पैदा करने में कोई रोल नहीं होता। वास्तव में मौजूदा स्थितियों में जो कुछ करने की जरूरत है, वो किसी भी तरह कोई रॉकेट साइंस नहीं है। इस संकट के मुकाबले के लिये वैज्ञानिक व प्रशासनिक व्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले विशेषज्ञों को शामिल करने की जरूरत है। उनकी राय और सलाह नीति-निर्माताओं का मार्गदर्शन करेगी। सरकारों को राजनीतिक और व्यावसायिक हितों को दरकिनार करते हुए, पर्यावरण संवर्धन के लिये काम करना चाहिए। हिमाचल सरकार की पहल सराहनीय है, जिसमें संकट को बढ़ाने वाली खामियों की पहचान करने हेतु अधिकारियों, विषय विशेषज्ञों और सामुदायिक प्रतिनिधियों का एक कोर ग्रुप बनाने में उत्सुकता दिखायी गई है। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जोखिमों को कम करने के उपायों पर विचार-विमर्श करने हेतु विशेषज्ञों से परामर्श का आह्वान किया है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कोर ग्रुप या समितियों की सिफारिशों को गंभीरता से लागू किया जाना चाहिए। अन्यथा पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। हमें अतीत के अनुभवों से सबक लेने की भी जरूरत है। स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में भी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदाओं के बाद बचाव, राहत व पुनर्वास में राज्य सरकारों तथा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय की प्रशंसा की थी। हालिया आपदाओं के मद्देनजर ऐसा तालमेल अपरिहार्य है। जिससे आपदाओं से लोगों की आजीविका और बुनियादी ढांचे का नुकसान कम से कम किया जा सके।

## ॥गीता॥



**श्लोक**

**गुरु शुश्रुषया विद्या**
**पुष्कलेन् धनेन वा।**
**अथ वा विद्यया विद्या**
**चतुर्थो न उपलभ्यते॥**


**भावार्थ**

विद्या गुरु की सेवा से, पर्याप्त धन देने से अथवा विद्या के आदान-प्रदान से प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त विद्या प्राप्त करने का चौथा तरीका नहीं है।

जीवन दर्शन

# ईश्वर नहीं, आप खुद हैं अपने भाग्य के निर्माता

क्या हमारे भाग्य की वजह से हमारे जीवन में परिस्थितियाँ आती हैं? क्या परिस्थितियों को स्वीकार कर लेना चाहिए या फिर उनका मुकाबला करना चाहिए? क्या पूरी तरह भाग्य को अपने हाथों में ले सकते हैं? आप किस्मत के हाथों नाचने के लिए मजबूर हैं। अगर आपको मनचाही वस्तु नहीं मिल रही है तो उसके लिए आप ही पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं। जन्म के कारण तथा पालन-परवरिश की वजह से आपने कुछ बुनियादी गुणों को चाहे अनचाहे प्राप्त किया है। प्रतिकूल परिस्थिति से जूझने के बजाए उसे उसी रूप में स्वीकार कर लें तो दिमाग पर इच्छाओं की बुनियाद का जोर नहीं पड़ेगा। आज न केवल राजनीतिज्ञ, बल्कि ज्योतिषी और धर्मगुरु भी आपको अपने नियंत्रण में रखना चाहते हैं। ज्योतिषी और धर्मगुरु लोगों का दिल स्नेह सद्भावना के बल पर नहीं जीतते, बल्कि पाप और पुण्य, अच्छाई और बुराई की बातें करते हुए ये लोग आपके अंदर एक तरह का डर



और अपराध-बोध का भाव पैदा करके आपको चक्कर में डालते हैं। इन लोगों ने डंके की चोट पर अपनी बात रखते हुए आपके मन में यह विश्वास बैठा दिया है कि आपकी हार-जीत का फैसला करने वाला तत्व केवल आपका भाग्य है। आप किस्मत के हाथों नाचने के लिए मजबूर हैं। अगर आपको मनचाही वस्तु नहीं मिल रही है तो उसके लिए आप ही पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं। अपने जीवन के निर्माण में आपने यथोचित ध्यान नहीं दिया है। जिस पद या जिस वस्तु को पाने की चाह आपके मन में उठी, उसे पाने के लिए आपने स्वयं को उचित रूप से तैयार नहीं किया है। यह आपकी ही गलती है, भाग्य का खेल बिल्कुल नहीं है। अपने कंप्यूटर के सामने बैठकर आपके जीवन के प्रत्येक चरण और दशा की गणना और योजना बनाते रहने के अलावा क्या ईश्वर के पास और काम नहीं है? इस तरह की किस्से-कहानियों पर विश्वास करने के लिए क्या आप अभी भी अबोध बालक हैं? जन्म के कारण तथा पालन-परवरिश की वजह से आपने कुछ बुनियादी गुणों को चाहे अनचाहे प्राप्त किया है। आपके पथ का निर्णय करने वाले ये ही गुण-विशेष हैं। यह बात भी एक हद तक ही सही है। वर्ना यदि आप ध्यानपूर्वक काम करेंगे तो अपनी तथाकथित भाग्यरेखा को इच्छानुसार बदल सकते हैं।

**सद्गुरु जग्गी वासुदेव**

## संक्षिप्त खबरें

### दबाव में आकर सरकार ने बदली रणनीतिः जीतू

**विसं, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर उनकी पार्टी किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि दवाब में आकर सरकार को रणनीति को बदलना पड़ा है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय की लड़ाई को हर संभव तरीके से लड़ेगी और संवैधानिक अधिकार के लिए निर्णायक संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार को अपनी रणनीति से पलटना पड़ा और सुप्रीम कोर्ट में दायर अपने जवाब को वापस लेने के लिए आवेदन देना पड़ा। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश भर के ओबीसी समाज, छात्र संगठनों, युवाओं व अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से मुद्दे पर व्यापक जन जागरण और आंदोलन आयोजित करेगी। जरूरत पड़ी तो न्यायालयीन और जमीनी संघर्ष के साथ-साथ जन समर्थन जुटाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। पटवारी ने ओबीसी समाज के युवाओं को यह भरोसा दिया कि कांग्रेस उनकी आवाज़ बनेगी और 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर लड़ाई जारी रखेगी।

### संविदा कर्मचारियों को मिलेगा ग्रेजुएटी का लाभ

**जागरण, भोपाल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत संविदा अधिकारी-कर्मचारियों को अब सेवानिवृत या मृत्यु होने पर ग्रेजुएटी का लाभ शासकीय कर्मचारी के अनुसार ही मिलेगा यह सुविधा 1 सितंबर 2025 से लागू की गई है पहले संविदा अधिकारी कर्मचारियों को ग्रेजुएटी का लाभ नहीं मिलता था। मध्य प्रदेश कर्मचारी मप्र अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत संविदा अधिकारी कर्मचारी को सरकारी कर्मचारियों के समान हीं उपादान एक्ट 1972 के अनुसार ग्रेजुएटी का लाभ देने का निर्णय लेकर कर्मचारी हित में काम किया है । उन्होंने कहा कि कर्मचारी मंच की मांग है कि कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा अधिकारी कर्मचारियों के समान शासन के शासकीय एवं अर्ध शासकीय विभागों में कार्यरत संविदा अधिकारी कर्मचारियों को ग्रेजुएटी, उपादान का लाभ उपादान अधिनियम 1972 के तहत देने का आदेश जारी किया जाए।

### न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन छग हाई कोर्ट स्थानांतरित

**जागरण, जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन का छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट स्थानांतरण कर दिया गया है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने वक्तव्य जारी कर दिया है। इसी कड़ी में गुजराज हाई कोर्ट से न्यायमूर्ति संदीप नटवरलाल भट्ट का मध्य प्रदेश हाई कोर्ट स्थानांतरण किया गया है। 24 मई, 1966 को जन्म न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन सात अप्रैल, 2016 को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। मार्च, 2018 में उन्हें स्थायी न्यायाधीश बनाया गया था। उन्होंने मप्र शासन के मंत्री विजय शाह के विवादित बयान के मामले में संज्ञान आधारित सुनवाई सहित कई महत्वपूर्ण आदेश पारित किए।

### अपील का विकल्प मौजूद अतः निरस्त की याचिका

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अपील का विकल्प मौजूद होने के बावजूद सीधे हाई कोर्ट चले आने के रवैये को अनुचित माना। इसी के साथ याचिका इस स्वतंत्रता के साथ निरस्त कर दी कि याचिकाकर्ता संबंधित फोरम में अपील कर सकता है। याचिकाकर्ता डालमिया सीमेंट भारत लिमिडेड की ओर से जिला पंजीयक, स्टाम्प कलेक्टर के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके अंतर्गत 20 करोड़, 89 लाख, 47 हजार 750 रुपये का शुल्क अधिरोपित कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पैनल लायर अर्वण तिवारी ने विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि इस प्रकरण में याचिकाकर्ता के समक्ष अपील व द्वितीय अपील का प्रविधान था।

# उज्जैन को श्रेष्ठ पर्यटन शहर बनाने कॉन्क्लेव में हुआ मंथन, विशेषज्ञों ने बताए अनुभव, दिए सुझाव

## देश के कई प्रसिद्ध धार्मिक ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

**विशेष संवाददा, भोपाल।** दुनिया में धार्मिक पर्यटन के तौर पर पहचान रखने वाले शहरों की सूची में उज्जैन सहित मध्यप्रदेश के दूसरे धार्मिक शहरों को कैसे जोड़ा जाए, इस पर बुधवार को उज्जैन में स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव में विशेषज्ञों ने मंथन किया। इनमें देश के कई प्रसिद्ध धार्मिक ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए। कान्क्लेव में राउंड टेबल में मौजूद अलग-अलग मंदिरों और धार्मिक संस्थानों के प्रमुख मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि उनके धार्मिक स्थलों में किस तरह की व्यवस्थाएं और सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। श्री सांईबाबा संस्थानम ट्रस्ट शिर्डी के सीईओ एवं आईएएस अफसर गौरक्षा गाडीलकर ने बताया कि किस तरह से शिर्डी में श्रद्धालुओं को व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसी तरह शिर्डी शहर में गेस्ट हाउस सहित दूसरी अन्य जरूरतों को ट्रस्ट कैसे संचालित करता है, इस पर भी उनके द्वारा प्रकाश डाला गया। गाडीलाकर ने कहा कि मध्यप्रदेश के उज्जैन शहर में सिंहस्थ जैसा बड़ा आयोजन होता है जिस पर पूरे विश्व की नजर रहती है। अब तक के सभी आयोजन में उज्जैन ने अपनी श्रेष्ठता साबित की है। तिरुपति बालाजी देवस्थानम (टीटीडी) के एडिशनल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर व आईआरएस अफसर वैंकेय्या चौधरी ने श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाएं, उनके लिए खोले गए काउंटर, कर्मचारियों की तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उज्जैन में भी अब तक हुए सिंहस्थ में स्थानीय स्तर पर बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। चौधरी ने आगामी सिंहस्थ को लेकर अपने स्तर पर कई सुझाव भी दिए। यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी और इंफ्रास्ट्रक्टर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के सचिव विजय के आनंद ने उज्जैन सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर कई सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान किस तरह की प्लानिंग की गई थी। जिससे श्रद्धालुओं और साधु-संतों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा और पूरा महाकुंभ बेहतर वातावरण में सम्पन्न हुआ।



### उज्जैन में खुलेगा रेडिसन होटल

रेडिसन के डायरेक्टर और सेल अमित सिंह ने बताया कि उज्जैन में जल्दी ही उनका होटल रेडिसन खुलने जा रहा है। निकट भविष्य में प्रदेश में 3 होटल और खोले जाएंगे। इंडिगो के एसोसिएट डायरेक्टर विक्रांत देशमुख ने बताया कि आगामी सिंहस्थ को देखते हुए उड़ानों की संख्या में वृद्धि की जाएगी।

### बढ़ रही है पर्यटकों की संख्या

प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि कोविड काल के बाद मध्यप्रदेश में वर्ष 2023 में 11 करोड़, वर्ष 2024 में 13 करोड़ पर्यटक पहुंचे। प्रदेश में पर्यटन 20 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से विकास कर रहा है। प्रदेश के धार्मिक पर्यटन स्थलों में उज्जैन सबसे ऊपर है, जहां पिछले साल 7 करोड़ लोगों ने दर्शन किए। महाकाल लोक के निर्माण से पर्यटन को नई ऊंचाई मिली है। दूसरे स्थान पर मैहर और तीसरे स्थान पर अमरकंटक रहा है। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के लिए हर संभव सुविधाएं जुटाई जा रही हैं।

### दुनिया में 10 श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन शहर

धार्मिक पर्यटन के लिए विश्व भर में पहचान बनाने वाले शीर्ष 10 शहर हैं। इनमें भारत के 4 शहर - प्रयागराज (20 करोड़ सैलानी प्रतिवर्ष), अयोध्या (3 करोड़ सैलानी प्रतिवर्ष), तिरुपति बालाजी (3 से 4 करोड़ सैलानी प्रतिवर्ष) और वाराणसी शामिल हैं।

### आध्यात्मिक पर्यटन में भारत का योगदान

पीएचडीसीसीआई चेयर एंड टूरिज्म कमेटी के अनिल पाराशर ने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा सामूहिक आंदोलन है, जिसमें भारत की दो-तिहाई घरेलू यात्राओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। लेकिन पैमाने के साथ जिम्मेदारी भी आती है।

## किसानों की समस्या नहीं हो पा रही दूर : सिंघार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा वोट चोरी कर सरकार बनाती है, लेकिन उसे न तो किसानों की समस्याओं से कोई मतलब है और न ही युवाओं को नौकरियां देने में। इससे प्रदेश का किसान और युवा परेशान है। सिंघार ने कहा कि प्रदेश के किसानों को खाद नहीं मिल रही है। जब मैं विधानसभा में यह मुद्दा उठाता हूं तो सरकार मंत्री झूठ बोलते हैं कि पूरे प्रदेश के किसानों को खाद मिल रही है। शिवराज सिंह चौहान खुद को किसानों का बेटा बताते हैं और 15 साल तक मुख्यमंत्री रहे, लेकिन किसानों के लिए कुछ नहीं किया। प्रदेश के किसानों के आंसू पोंछने वाला आज कोई नहीं है। फसलें खराब हो रही हैं, लेकिन किसानों को बीमा की राशि नहीं मिल रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सरकार वोट चोरी की सरकार है। भाजपा ने 16 लाख वोट चोरी कर सरकार बनाई है। जनता का जनादेश कांग्रेस की सरकार बनाने का था, लेकिन भाजपा ने जनादेश का अपमान करते हुए वोट चोरी कर अपनी सरकार बनाई। यही नहीं, भाजपा सरकार न केवल वोट चोरी कर रही है, बल्कि युवाओं की नौकरियां भी चोरी कर रही है।



### कलेक्टर पर हाथ उठाना दुर्भाग्यपूर्ण

नेता प्रतिपक्ष ने भिंड कलेक्टर पर भाजपा विधायक द्वारा हाथ उठाने की कोशिश करने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि यह भी एक सच्चाई है कि पूरे प्रदेश के किसान खाद के लिए परेशान हैं। सरकार और उनके प्रशासनिक अधिकारी लगातार जनप्रतिनिधियों और किसानों की बातें सुनने से इंकार कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि आज सत्ता में होते हुए भी भाजपा विधायक को कलेक्टर के निवास में घुसकर खाद की समस्या को लेकर धमकाने जैसी स्थिति में जाना पड़ा।

महिलाओं के ज्यादा शराब पीने वाले बयान पर जीतू को सीएम ने घेरा

## बोले-रात की उतरी नहीं होगी, बहनों का इस तरह का अपमान बर्दाश्त योग्य नहीं

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा महिलाओं द्वारा शराब पीने वाले बयान की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फिर से आलोचना की है। उन्होंने कहा पता नहीं कहां से आंकड़े ले आए। खुद की रात की उतरी नहीं, पता नहीं क्या हुआ। किसके लिए कह रहे हैं पर बहनों का इस तरह का अपमान बर्दाश्त योग्य नहीं है। मुख्यमंत्री बुधवार को उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जीतू पटवारी के बयान की चर्चा करते हुए कहा कि कोई कहता है कि बहनें पैसा मिल गया, तो दारू पीती हैं। शर्म आनी चाहिए,डूब मरना चाहिए। तुम ऐसी बातें करते हो,माफी मांगनी चाहिए। प्रदेश की जनता माफ नहीं करेगी। हमारी बहनों का अपमान सरकार और हमारी पार्टी बिल्कुल देने को तैयार नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन शहर का हर काल में विशेष महत्व रहा है। आगामी सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए विकास के कार्य निरंतर किये जा रहे हैं। आज उज्जैन को कुल 107 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात मिली है। आगामी सिंहस्थ महापर्व में स्नान क्षिप्रा नदी के जल से ही होगा। सेवरखेडी - सिलारखेड़ी परियोजना से क्षिप्रा नदी में पूरे वर्ष जल रहेगा, क्षिप्रा सदैव प्रवहमान रहेगी। सिंहस्थ में सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही उज्जैन को नई 4 लेन सड़क की सौगात मिलने वाली है। साथ ही लगभग 10 हजार करोड़ की लागत से नई मेट्रो लाइन उज्जैन से इंदौर और पीथमपुर को कनेक्ट करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लखपति दीदी योजना ने बहनों का सशक्तिकरण किया है। प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर बहनों के सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार ने लाड़ली बहना योजना शुरू की है, जिसमें बहनों को 1250 रुपए की राशि दी जा रही है। जल्दी ही प्रतिमाह 1500 रुपए की राशि दी जाएगी।





### 52 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उज्जैन में एक अन्य कार्यक्रम में 52 करोड़ 69 लाख रुपए से अधिक की लागत से राष्ट्र वीर दुर्गादास छत्री के संरक्षण संवर्धन एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय तथा मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## यूजीसी ने बढ़ाई भोज विवि में प्रवेश लेने एक माह की अवधि

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने जुलाई, अगस्त 2025 शैक्षणिक सत्र के लिए ओपन डिस्टेंस (ओडीएल) और ऑनलाइन कोर्सेज में दाखिले की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। पूर्व में भोज विवि ने प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितंबर रखी थी। उक्त तिथि तक प्रवेश की स्थिति अच्छी नहीं रहे। इसिलए भोज मुक्त विश्वविद्यालय के साथ देश के कई विश्वविद्यालयों ने यूजीसी से अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की थी। यूजीसी ने विद्यार्थियों को सलाह दी है कि वे दाखिला लेने से पहले आधिकारिक यूजीसी डीईबी पोर्टल से ओडीएल और ऑनलाइन कोर्सेज की मान्यता और पात्रता की स्थिति चेक कर लें। साथ ही कालेजों की मान्यता को भी चेक कर लें। यूजीसी के रूल के मुताबिक प्रत्येक शिक्षार्थी के लिए भोज, और इग्नू समेत किसी भी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) या ऑनलाइन (ओएल) कोर्स में नामांकन से पहले अपनी एबीसी आईडी का उपयोग कर एक डीईबी, आईडी बनाना अनिवार्य है। इच्छुक शिक्षार्थी यूजीसी, डीईबी वेब पर या डिजीलॉकर के माध्यम से डीईबी, आईडी पर जाकर अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड से अपनी एबीसी आईडी बना सकते हैं।

# मछली माफिया पर शिकंजा, 14 दिन में कार्रवाई कर मांगी एक्शन टेकन रिपोर्ट

## मानवाधिकार आयोग ने संबंधित विभागों को दिया नोटिस

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शारिक मछली, उसके परिवार व करीबियों को चंदेरी एवं हथाईखेड़ा बांध में मछली मारने का ठेका देने को लेकर प्रदेश के मत्स्य पालन, सहकारिता, पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। यह मामला मछली माफिया द्वारा फर्जी समितियों के जरिए सरकारी टेंडर में हेरफेर और पारंपरिक मछुआरों के मानवाधिकारों का उल्लंघन का है। आयोग को शिकायतकर्ता ने मय दस्तावेजों के शिकायत भेजी गई थी। शिकायतकर्ता ने मानवाधिकार आयोग को बताया है कि मछली माफिया गिरोह के सरगना ने सरकारी अफसरों की मिलीभगत से चंदेरी और हथाईखेड़ा बांध में मछली पकड़ने के ठेके अवैध तौर पर हासिल किए। इसके लिए फर्जी सहकारी समितियों जैसे ईंटखेड़ी मत्स्य उद्योग सहकारी संस्था और इस्लाम नगर मत्स्य उद्योग सहकारी संस्था का इस्तेमाल किया गया। आरोप है कि ये ठेके पर्दे के पीछे जलील मोहम्मद खान उर्फ नील मियां, शरीक मछली एवं उनके भाइयों और मुकेश ठाकुर द्वारा चलाए जा रहे हैं।

### आयोग ने विभागों को इन बिंदुओं पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

शिकायत को प्रथम दृष्टया मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए, आयोग ने मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की धारा 12 के तहत संज्ञान लिया है। आयोग ने अतिरिक्त मुख्य सचिव सहकारिता, प्रमुख सचिव मत्स्य पालन, पुलिस कमिश्नर भोपाल और जिला कलेक्टर को नोटिस जारी कर निम्नलिखित मामलों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है

- चंदेरी और हताईखेड़ा बांधों में मछली पकड़ने की गतिविधियों और पट्टा आवंटन की प्रक्रिया।
- अवैध लेनदेन में शामिल दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई
- पुलिस कमिश्नर और कलेक्टर को पारंपरिक मछुआरों के अधिकारों के उल्लंघन और उनके खिलाफ किए गए अत्याचारों के लिए एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया

### तत्कालीन कलेक्टर के आदेशों की हुई अनदेखी

शिकायत में कहा गया है कि तत्कालीन भोपाल कलेक्टर ने वित्तीय अनियमितताओं के कारण ईंटखेड़ी मत्स्य उद्योग सहकारी संस्था के पंजीकरण को रद्द करने और जलील मोहम्मद खान के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया था। मत्स्य पालन विभाग के सहायक निदेशक ने निर्देशों के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया। मछुआ समिति के अनुसूचित जाति/जनजाति सदस्यों को उनके पारंपरिक रोजगार से वंचित होना पड़ा, जिससे उनके अधिकारों का गंभीर उल्लंघन हुआ। शिकायत में दावा किया गया है कि शारिक मछली और उसके परिवार को मत्स्य पालन विभाग के अफसरों ने नियम विरूद्ध मदद की।

# नहीं रुकेगा चाइल्ड केयर लीव के वेतन का भुगतान

## ई-अटेंडेंस का पेंचः भोपाल में 70 सहित प्रदेश में दस हजार महिला शिक्षक लीव पर

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश की १० हजार महिला शिक्षकों को चाइल्ड केयर लीव पर वेतन दिया जाएगा। जुलाई से ई-अटेंडेंस शुरू हुई थी तब लोक शिक्षण संचालनालय ने हर शिक्षक के लिए हमारे शिक्षक एप पर उपस्थिति भरना अनिवार्य किया था। जो महिला शिक्षक ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू होने के पहले से चाइल्ड केयर लीवर पर हैं उनके विषय में जिला शिक्षा अधिकारियों ने लोक शिक्षण संचालनालय से मार्गदर्शन मांगा है। संचालनालय ने मामले में स्पष्ट किया कि जो लीव पर हैं उनका पूरा डॉटा प्रमाणों के साथ संलग्न कर सिस्टम पर अपलोड किया जाए। फिर इनके वेतन के भुगतान के लिए बिल बनाये जाएं। इसके बाद उनका भुगतान किया जाएगा। प्रदेश में दस हजार महिला शिक्षक चाइल्ड केयर लीव पर हैं। इंदौर में 175, ग्वालियर में 155, भोपाल 70 और जबलपुर में 105 महिलाएं चाइल्ड केयर लीव पर हैं। छिंदवाड़ा में 122, रतलाम 131, सागर 140, रीवा 133 एवं सतना में 130 महिला शिक्षक मातृत्व अवकाश पर चल रही हैं। इसी तरह उज्जैन, देवास, छतरपुर, दमोह, पन्ना, दतिया, टीकमगढ़, कटनी, उमरिया, सीधी, सिंगरौली, खंडवा सहित अन्य जिलों में भी महिला शिक्षक चाइल्ड केयर लीव पर हैं।

### कई क्षेत्रों में नेट बन रहा परेशानी

शिक्षकों की ई-अटेंडेंस में इंटरनेट परेशानी बन रहा है। लगातार टीचर यह शिकायत कर रहे हैं कि स्कूल में अटेंडेंस भरते वक्त नेट परेशान कर रहा है। शिक्षकों के अटेंडेंस लगाने के एक से दो घंटे बाद एप पर ओके रिपोर्ट आ रही है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को समस्या बता रहे हैं। इधर लोक शिक्षण संचालनालय का कहना है कि जिन क्षेत्रों में इंटरनेट की समस्या है, वहां परीक्षण चल रहा है।

> जो महिला शिक्षक चाइल्ड केयर लीव पर हैं, उनका निरंतर वेतन बनेगा। जब तक लीव पर हैं तब तक इन्हें राहत है। लीव अवधि समाप्त होने के बाद इन्हें एप पर अपनी अटेंडेंस लगानी होगी।
>
> ■ **केके द्विवेदी,** डायरेक्टर लोक शिक्षण संचालनालय

## आवारा कुत्तों ने सात लोगों पर किया हमला

**जागरण, बड़वानी।** शहर में आवारा कुत्तों ने बुधवार को 1 ही दिन में 7 लोगों पर हमला किया। इनमें एक बुजुर्ग की नाक काटने और 8 साल की बच्ची को गंभीर रूप से घायल करने की घटना शामिल है। नवलपुरा क्षेत्र में कुत्तों को भगाने की कोशिश के दौरान एक बुजुर्ग पर हमला हुआ। कुत्तों ने उन्हें कई जगह काटा और उनकी नाक को भी नोच लिया। रमकुलेश्र इलाके में 8 साल की बच्ची किराना दुकान पर सामान लेने गई थी। वहां 8-10 कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने मुश्किल से बच्ची को बचाया, उसके हाथ और पैर में चोटें आई हैं। इसके अलावा कुत्तों के काटने की अन्य घटनाएं भी हुईं।

## छात्रों को निजी कॉलेजों में दोगुनी फीस भरने किया जा रहा मजबूर

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** कांग्रेस ने बुधवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता आयोजित कर प्रदेश की शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। पत्रकारवार्ता को कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुकेश नायक, कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी, एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार एवं एनएसयूआई भोपाल जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने संबोधित किया। मीडिया विभाग अध्यक्ष डॉ. मुकेश नायक ने कहा कि नर्सिंग शिक्षा में हो रहे फर्जीवाड़े और शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में फैकल्टी की भारी कमी से हजारों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को माफिया संचालित कर रहे हैं और सरकार की मौन स्वीकृति से विद्यार्थियों को निजी कालेजों में दुगनी-तिगुनी फीस चुकाने पर मजबूर किया जा रहा है।

बदलेगा 68 साल पुराना एक्ट — शस्त्र चलाने, भंडारण, ट्रेनिंग और डिस्पोजल के भी नियम होंगे तय

# नए साल में लागू होगा पुलिस आर्म्स के लिए नया रेगुलेशन

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस साल के अंत तक हथियारों को लेकर नई नियमावली तैयार कर लेगी। फिलहाल पुराना मस्केट एक्ट लागू है, जिसमें अब संशोधन की तैयारी की जा रही है। यह मस्केट एक्ट अंग्रेजों के जमाने का है और जिसे 68 साल पहले 1957 में लागू किया गया था। इसे उस समय के हथियारों के हिसाब से तैयार किया गया था। अब प्रदेश की पुलिस के पास इंसास और एसएलआर जैसे आधुनिक वेपन हैं लिहाजा अब पुलिस नया मस्केट्री रेगुलेशन तैयार करने जा रही है। नए रेगुलेशन में पुलिस के हथियारों से जुड़े हर एक बिंदु के लिए नियमावली तय होगी और पुलिस को समय-समय पर नए हथियार मिलते रहेंगे। कमेटी में शामिल अफसरों के अनुसार साल के अंत तक नई नियमावली को तैयार कर इसे नए साल से पुलिस में लागू करने की तैयारी है। यह नया रेगुलेशन पुलिस के हथियारों के लिए अंब्रेला की तरह काम करेगा, जिसमें आर्म्स से जुड़े सभी बिंदु शामिल होंगे।

### कमेटी ने तैयार किया ड्राफ्ट, सभी यूनिट से मांगे सुझाव

पुलिस के हथियारों को लेकर प्रदेश सरकार ने एक कमेटी का गठन किया था। पुलिस महकमे के एडीजी एसएएफ की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई थी। इसमें सातवीं बटालियन के कमांडेंट, एआईजी प्रबंध, एआईजी एसटीएफ और एआईजी हॉक फोर्स को शामिल किया गया था। इस कमेटी को ये जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि पुलिस में नए और आधुनिक शस्त्रों को शामिल करते हुए पुराने हो चुके हथियारों को सेवा से बाहर कर दिया जाए। इसके साथ ही हथियारों को सुरक्षित रखने, उनके नियमित रखरखाव, उनके जरिए दी जाने वाली ट्रेनिंग, तय उपयोग के बाद उन्हें सेवा से हटाने और शूटिंग रेंज के लिए अलग-अलग नियम बनाए जाएं। इसका ड्राफ्ट लगभग बनकर तैयार हो गया है। इसे एमपी पुलिस की सभी यूनिट को भेजा गया है ताकि उनके भी सुझाव मिल सकें। पुराने मस्केट एक्ट में हथियारों के भंडारण और डिस्पोजल का कोई बिंदु शामिल नहीं था।



### नए रेगुलेशन में दूर होंगी खामियां

वर्तमान में लागू पुराने एक्ट में किसी भी हथियार के लिए एक्सपायरी डेट ही तय नहीं है। नए एक्ट में इस बारे में स्पष्ट नियम तय होंगे। किसी भी हथियार को चलाने या फिर उसके निर्माण के बाद तय अवधि में उसे रिटायर किया जाएगा। पुराने एक्ट में हथियारों के भंडारण को लेकर भी नियम नहीं हैं, नए एक्ट में हथियारों के सुरक्षित भंडारण, उनके समय पर रखरखाव और शस्त्रागार (कोत) के बारे में भी नियम तय होंगे। पुराने एक्ट में हथियारों के खराब होने पर उन्हें सुधारने या फिर डिस्पोज (कबाड़) कर बेचने के लिए भी कोई नियमावली नहीं है। नए रेगुलेशन में इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही हथियारों को चलाने से पहले दी जाने वाली ट्रेनिंग का भी पुराने एक्ट में कोई प्रावधान नहीं है, लेकिन नए रेगुलेशन में इसका प्रावधान किया गया है।

### एंटी नक्सल यूनिट के पास मॉडर्म रेंज बटालियन में 100 साल पुराने हथियार

प्रदेश की पुलिस के पास अलग-अलग तरह के आर्म्स हैं। कई पुलिस बटालियन में तो अब भी अंग्रेजों के जमाने की मस्केट राइफल और 303 उपयोग में आ रही हैं। इसके बजाय जिला बल के पास उससे आधुनिक इंसास और एके 47 राइफल और रिवॉल्वर हैं। अगर सबसे आधुनिक हथियारों की बात करें तो एंटी नक्सल ऑपरेशन (एएनओ) विंग के पास सबसे ज्यादा आधुनिक हथियार हैं। इनमें ग्लॉक पिस्टल, ग्रेनेड लॉन्चर, स्नाइपर, वीएलपी, क्लाशनिकोव (एके 47), मोटार्र आदि शामिल हैं। इसके अलावा एमपी पुलिस की एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) के पास इससे भी अधिक उन्नत हथियार हैं।

### फिलहाल पुलिस के पास ये है हथियारों की रेंज

कुल हथियार लगभग एक लाख। इनमें मस्केट राइफल, 303 राइफल, एके 47, सेल्फ लोडेडे राइफल (एसएलआर), ग्लॉक पिस्टल, मोटार्र, टीयर गैस गन एंड शैल्स, एमएलएमजी, स्नाइपर, ग्रेनेड लॉन्चर, इंसास, पिस्टल(रिवॉल्वर), .22 राइफल, स्टेन और कार्बाइन, वेरी लाइट पिस्टल (वीएलपी) आदि शामिल हैं।

> नए मस्केट्री रेगुलेशन का ड्राफ्ट रेडी कर सभी यूनिटों को भेजकर सुझाव मंगाए हैं। साल के अंत तक इसे तैयार कर लेंगे। इसमें पुलिस आर्म्स से जुड़े हर बिंदु को शामिल किया गया है।
>
> ■ **हितेष चौधरी,** कमांडेंट सातवीं बटालियन

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### ओबीसी को 27 प्रतिशत...


सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन ओबीसी आरक्षण विषय पर चर्चा हुई और सभी दलों ने इस पर सहमति जताई। सभी दलों ने विधानसभा में भी स्पष्ट किया था कि वो 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए तैयार हैं। न्यायालय में अलग-अलग वकील अपना पक्ष रख रहे हैं, इसलिए तय हुआ है कि 10 सितंबर के पहले ओबीसी प्रकरण से जुड़े सभी वकील बैठकर इस पर चर्चा करेंगे।

**सुप्रीम कोर्ट में लंबित है मामलाः** गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में ओबीसी वर्ग को फिलहाल 14 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है। 2019 से 27 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून बनने के बाद से सरकारी भर्तियों के 87 प्रतिशत पदों पर ही नियुक्तियां दी जा रही हैं, जबकि 13 प्रतिशत पद कोर्ट के फाइनल निर्णय आने तक होल्ड कर दिए गए हैं। इसके खिलाफ ओबीसी वर्ग के छात्रों और ओबीसी महासभा ने कोर्ट में याचिका दायर की है। यह मामला हाईकोर्ट के बाद अब सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं।

**पारित हुआ साझा संकल्पः** सर्वदलीय बैठक में भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी एवं समाजवादी पार्टी सहित अन्य दलों ने सहभागिता की। बैठक में सर्वदलीय संकल्प भी पारित किया गया कि हम सभी राजनीतिक दल एकमत से मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों को लोक नियोजन में 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मध्य प्रदेश में लोक नियोजन में राज्य शासन एवं उसके विभिन्न घटकों द्वारा की गई चयन प्रक्रिया में विभिन्न न्यायिक आदेशों की वजह से नियुक्ति आदेश जारी किए जाने से वंचित शेष 13 फीसदी अभ्यर्थियों को उनके नियुक्ति पत्र जारी किए जाने के लिए एकजुट होकर सभी फोरम (जिसमें विधायिका, न्यायिक एवं कार्यपालिका सम्मिलित हैं), पर इसे क्रियान्वित करने के लिए मिलकर प्रयास करेंगे, जिससे 13 प्रतिशत ऐसे अभ्यर्थियो जो आयु सीमा पार कर चुके हैं अथवा नियुक्ति की प्रतीक्षा में हैं, उन्हें इसका जल्द लाभ दिलाया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### 'संघ जितना विरोध किसी संगठन ने नहीं झेला



**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 100 साल पूरे होने के मौके पर देश भर में आयोजन करने वाला है। इसकी शुरुआत मंगलवार 26 अगस्त को दिल्ली से हुई है। यह इस कड़ी में पहला आयोजन है, जिसके तहत समाज के अलग-अलग वर्गों के लोगों और विदेशी प्रतिनिधियों से संघ प्रमुख मोहन भागवत संवाद करने वाला है। इसके पहले दिन मोहन भागवत ने आरएसएस के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इसकी शुरुआत से लेकर अब तक की यात्रा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले तक आरएसएस के प्रबल विरोध भी आज हमारे साथ हैं और यहां बैठे भी हैं। उन्होंने कहा कि किसी स्वयंसेवी संगठन का इतने लंबे समय तक विरोध नहीं हुआ। फिर भी हमने समाज के काम के लिए खुद को समर्पित रखा है। उन्होंने कहा कि खुद को बचाने के लिए जितना लड़ना होता था, हम लड़ते थे। लेकिन कहा जाता था कि अपना ही समाज है। एक बार आरएसएस के द्वितीय सर संघचालक गुरुजी का जिक्र करते हुए कहा कि एक बार उनके आवास पर हमला हुआ तो कई स्वयंसेवक बचाने गए। वे प्रतिक्रिया भी करना चाहते थे, लेकिन उन लोगों को गुरुजी ने लौटा दिया। कहा कि जब इसी समाज ने सराहा तो यदि इसी समाज से कुछ और मिलता है तो वह भी स्वीकार है। मोहन भागवत ने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने यही बात मन में रखी कि सभी अपने हैं। हिंदू के नाते संघ चलता है, लेकिन हिंदू का अपनापन सबके लिए है। वसुधैव कुटुम्बकम हमारा मंत्र है।

### नस्लीय टिप्पणी पर भारतीय मेयर ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोशल मीडिया पर नस्लवादी टिप्पणियों का सामना करने के बाद, एक भारतीय मूल के प्रशासक ने एक ऑस्ट्रेलियाई शहर के मेयर पद से इस्तीफा दे दिया है। विक्टोरिया के मैरीबर्नान्ग के मेयर प्रदीप तिवारी पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाया गया है। जैसे ही यह खबर इंटरनेट पर फैली, लोगों ने उन्हें बल्कि पूरे भारतीय समुदाय को निशाना बनाया। तिवारी ने नस्लवादी टिप्पणियों की निंदा की और कहा कि उनकी विरासत का मजाक उड़ाना अनुचित है। मेरे लिए यह समझना बहुत मुश्किल है कि पूरे भारतीय समुदाय का नस्लवादी टिप्पणियों के जरिए मजाक क्यों उड़ाया जा रहा है और उन्हें अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, नस्लवाद की हमारे समाज में कोई जगह नहीं है और जब भी यह सामने आएगा, मैं इसका विरोध करता रहूंगा।

### प्राइवेट पार्ट में छुपा कर लाया एक किलो सोना

**मुंबई,जेएनएन ।** महाराष्ट्र में मुंबई के हवाई अड्डे से कस्टम विभाग ने एक यात्री के पास से वैक्स के फॉर्म में 25 कैरट गोल्ड डस्ट के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त सोने का वजन 1.07 किलो से ज्यादा है और उसकी कीमत 1.02 करोड़ रुपए है। सऊदी अरब से आया आरोपी छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा था। एक अधिकारी ने बताया कि जब्त किया गया सोना यात्री के प्राइवेट पार्ट में छिपा हुआ पाया गया। उन्होंने बताया कि विशिष्ट सूचना के आधार पर, मुंबई सीमा शुल्क के हवाई अड्डा आयुक्तालय के कर्मियों ने सऊदी अरब के जेद्दा से आने वाले यात्री को रोका था और ये सूचना सही निकली। अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान, उन्हें उसके प्राइवेट पार्ट में छिपा हुआ गोल्ड वैक्स मिला। उन्होंने बताया कि यात्री को सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर लैंडस्लाइड से बड़ी तबाही, 41 लोगों की मौत

## कटरा में फिर भूस्खलनः 22 ट्रेनें रद्द, 27 को किया शार्ट-टर्मिनेट

**कटरा, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से हालात बिगड़े हैं। कटरा स्थित माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर बुधवार को हुए बड़े भूस्खलन में 41 लोगों की मौत हो गई और 23 लोग घायल हुए हैं। कई जगहों पर भूस्खलन के बाद मलबा जमा होने और पत्थर गिरने से जम्मू-कटरा राजमार्ग बंद हो गया है। भारी बारिश के कारण नॉर्दर्न रेलवे ने बुधवार को 22 ट्रेनें रद्द कर दीं और 27 ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट किया। इनमें वैष्णो देवी बेस कैंप से चलने वाली 9 ट्रेनें भी शामिल हैं। बीते दिन त्रिकूट पहाड़ी पर स्थित मंदिर के मार्ग का बड़ा हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया था। बचाव अभियान जारी है और आशंका है कि मलबे के नीचे और लोग फंसे हो सकते हैं। लगातार बारिश ने जम्मू-कश्मीर में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पैदा कर दी है। जम्मू में पुल ढह गए, बिजली लाइनों और मोबाइल टावरों को भारी नुकसान पहुंचा। मंगलवार को सुबह 11.30 बजे से शाम 5.30 बजे के बीच जम्मू में 6 घंटे में 22 सेंटीमीटर बारिश हुई। हालांकि आधी रात के बाद बारिश में कमी आई, जिससे जिले को थोड़ी राहत मिली। इस बीच, मंगलवार तक लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और जलभराव से 3,500 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। राहत कार्य जिला प्रशासन, जेके पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, भारतीय सेना और स्थानीय वॉलंटियर्स की संयुक्त टीमों द्वारा चलाया जा रहा है।



लैंडस्लाइड के बाद मलबे में अपनों की तलाश में तीर्थ यात्रियों के परिजन।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी संवेदना व्यक्त की

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन की घटना में लोगों की जान जाना अत्यंत दुखद है। राष्ट्रपति ने भी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, माता वैष्णो देवी मंदिर के यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन में कई श्रद्धालुओं की मृत्यु होने की दुखद घटना अत्यंत कष्टदायक है। मैं शोक-संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं तथा राहत व बचाव कार्य में सफलता की कामना करती हूं।

**पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया**

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा कि श्री माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर हुए भूस्खलन के कारण हुई जनहानि दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल जल्द से जल्द स्वस्थ हों। प्रशासन सभी प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।

### जम्मू में 24 घंटे में 380 मिमी बारिश

जम्मू-कश्मीर में बीते 24 घंटों की भारी बारिश ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जम्मू में 380 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो 1910 में वेधशाला की स्थापना के बाद से सबसे अधिक है। इससे पहले का रिकॉर्ड 25 सितंबर 1988 का था, जब 270.4 मिमी बारिश हुई थी। 23 अगस्त 1996 को दर्ज 218.4 मिमी वर्षा का आंकड़ा भी पीछे छूट गया।

### सैकड़ों फंसे, ट्रेनें रद्द होने से बढ़ी मुश्किल

मंगलवार को ही रेलवे ने मौसम खराब होने के चलते जम्मू और कटरा जाने वाली 22 ट्रेनों को रद्द कर दिया था। इसके अलावा 27 ट्रेनों का रूट छोटा किया गया है। जम्मू तवी के लिए रवाना हुईं बेगमपुरा एक्सप्रेस, अर्चना एक्सप्रेस और लोहित एक्सप्रेस को तो बीच रास्ते ही निरस्त कर दिया गया। रेलवे ने एहतियातन यह फैसला लिया, लेकिन इससे उन यात्रियों की मुश्किल बढ़ गई है, जो यात्रा के बाद निकलना चाहते थे। एक महिला राजकुमारी देवी ने कहा कि हम लोगों ने सोमवार को ही दर्शन कर लिए थे। अब हमें घर जाना है, लेकिन ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

## फिजी के प्रधानमंत्री सितवेनी भारत दौरे पर

# पीएम मोदी से बोले राबुका कुछ लोग आपसे खुश नहीं



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की पृष्ठभूमि में, फिजी के प्रधानमंत्री सितवेनी लिगामामादा राबुका ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बताया कि हो सकता है कोई व्यक्ति आपसे बहुत खुश नहीं है लेकिन आपका व्यक्तित्व इतना बड़ा है कि उन असहज स्थितियों को झेल सकते हैं। राबुका ने यहां सप्रु हाउस में भारतीय वैश्विक परिषद (आईसीडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित शांति का महासागर विषय पर व्याख्यान देने के बाद श्रोताओं के साथ बातचीत में मोदी के साथ अपनी वार्ता का ब्यौरा साझा किया। फिजी के प्रधानमंत्री रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे, जिसका उद्देश्य समुद्री सुरक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य, डिजिटल प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ फिजी के संबंधों को मजबूत करना है।

भारत और फिजी ने सोमवार को रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की और शांतिपूर्ण एवं समावेशी हिंद-प्रशांत के लिए संयुक्त रूप से काम करने पर सहमति व्यक्त की। मोदी और राबुका ने समग्र द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने के लिए वार्ता की। आईसीडब्ल्यूए व्याख्यान के बाद, एक श्रोता ने उनसे विभिन्न देशों के नेताओं के साथ उनकी द्विपक्षीय बातचीत और शांति का महासागर के दृष्टिकोण के बारे में उनसे क्या कहा गया, इसके बारे में पूछा।

राबुका ने कहा, मेरी अमेरिका के राष्ट्रपति से कोई व्यक्तिगत बातचीत नहीं हुई है। मैंने रूस के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध किया है। मेरी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई है...। उन्होंने कहा, कल जब हमने बातचीत की, तो प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी भावनाओं और अवधारणा को दोहराया। राबुका ने बिना विस्तार से बताए कहा, अब, जो कुछ हो रहा है, उसका असर अमेरिका के साथ आपके रिश्तों पर पड़ रहा है। शुल्कों की हालिया घोषणाएं...मैंने उनसे (प्रधानमंत्री मोदी से) कहा कि कुछ लोग आपसे बहुत खुश नहीं हैं, लेकिन आपका व्यक्तित्व इतना बड़ा है कि आप उन असहज स्थितियों को झेल सकते हैं।

# बिजनेस टाइकून ने एक ही दिन में उठाईं 27 करोड़ की तीन रोल्स-रॉयस कारें

**कोल्हापुर, जेएनएन।** अमीर व्यवसायियों के लिए भी, एक रोल्स-रॉयस लग्जरी कार खरीदना एक बड़ी उपलब्धि होती है। हालांकि कुछ अल्ट्रा-हाई-नेट-वर्थ वाले भारतीय ऐसे भी हैं जिनके पास कई रोल्स-रॉयस मोटरकारें हैं। हाल ही में, महाराष्ट्र के कोल्हापुर के एक ऐसे ही बिजनेसमैन ने एक ही दिन में एक-दो नहीं, बल्कि तीन रोल्स-रॉयस कारों की डिलीवरी ली। इनमें एक कलिनन सीरीज टू, एक घोस्ट सीरीज टू और एक स्पेक्ट्रे ईवी शामिल थीं। इन तीनों कारों की कीमत कुल मिलाकर लगभग 27 करोड़ रुपये है। सुपरकार क्लब इंडिया ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर इन तीनों रोल्स रॉयस कारों के मालिक की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में, इन तीनों रोल्स रॉयस कारों के मालिक संजय घोड़ावत बीच में खड़े होकर पोज़ देते हुए दिखाई दे रहे हैं। पहली गाड़ी कलिनन सीरीज टू है, उसके बाद घोस्ट सीरीज टू है, और सबसे आखिर में स्पेक्ट्रे ईवी खड़ी है। यह बिजनेस टाइकून संजय घोड़ावत ग्रुप (एसजीजी) के अध्यक्ष हैं। उनकी कंपनी ऊर्जा, विमानन, उपभोक्ता वस्तुओं, खाद्य प्रसंस्करण और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में कई व्यवसायों में कार्यरत है। वह संजय घोड़ावत विश्वविद्यालय के अध्यक्ष भी हैं।



**लग्जरी कारों के बारे में**

पहली गाड़ी (बाएँ से) रोल्स रॉयस कलिनन सीरीज टू को दुनिया की सबसे शानदार एसयूवी माना जाता है, दूसरी गाड़ी रोल्स रॉयस घोस्ट सीरीज टू दूसरी पीढ़ी की घोस्ट का फेसलिफ़्टेड वर्जन है। इसकी शुरुआती कीमत 8.95 करोड़ रुपये है तीसरी रोल्स रॉयस स्पेक्ट्रे ईवी तस्वीर में आखिरी गाड़ी रोल्स रॉयस स्पेक्ट्रे ईवी है। यह ब्रांड की पहली और बिक्री के लिए उपलब्ध एकमात्र इलेक्ट्रिक गाड़ी है। इस कूपे ईवी की शुरुआती कीमत 7.5 करोड़ रुपये है।

# बिहार में तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुईं प्रियंका गांधी

**सियासी माहौल में दिया ट्रिपल एम का फॉर्मूला**

**पटना, जेएनएन।** बिहार की सियासी जमीन पर पहली बार प्रियंका गांधी उतरी हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा में प्रियंका गांधी का दूसरा दिन है। सुपौल में शिरकत कर मधुबनी होते हुए मंगलवार को दरभंगा पहुंचीं और बुधवार को मुजफ्फरपुर के जरिए सीतामढ़ी पहुंचेंगी। इस तरह उनकी दो दिन की यात्रा पूरी तरह मिथिलांचल बेल्ट में है, जिसके जरिए वे महागठबंधन के पक्ष में सियासी माहौल बनाने की कवायद करती नजर आ रही हैं. प्रियंका गांधी की यात्रा का रूट पूरी तरह मिथिलांचल के इलाके में है, जहां वे महिला वोटों को साधने की कवायद कर रही हैं। इसके अलावा, प्रियंका बुधवार को सीतामढ़ी स्थित मां जानकी मंदिर में माथा टेककर बीजेपी के हिंदुत्व कार्ड को काउंटर करने का दांव चलेंगी।



**मिथिलांचल को साध पाएंगी प्रियंका गांधी?:** बिहार का मिथिलांचल इलाका बीजेपी का मजबूत गढ़ माना जाता है. बीजेपी और जेडीयू की सियासी केमिस्ट्री मिथिलांचल इलाके में सुपर हिट रही है। इस तरह एनडीए के मजबूत गढ़ में प्रियंका गांधी की यात्रा का खाका महागठबंधन ने खींचा है।

**एनडीए के गढ़ में सेंधमारी की तैयारी**

मिथिलांचल के सात जिलों में से प्रियंका गांधी वोटर अधिकार यात्रा से पांच जिलों में दस्तक देंगी। इस तरह से साफ है कि कांग्रेस ने प्रियंका की यात्रा का रोडमैप बहुत ही सोची-समझी रणनीति के तहत मिथिलांचल इलाके से बनाया है ताकि एनडीए के मजबूत गढ़ में सेंधमारी की जा सके। पिछली बार नीतीश कुमार को चुनाव हारने से मिथिलांचल ने बचाया था। मिथिलांचल की 60 सीटों में से 40 सीटें एनडीए जीती थी। प्रियंका गांधी की जिन जिलों में यात्रा रखी गई है, वे पूरी तरह बीजेपी-जेडीयू के दुर्ग माने जाते हैं। ऐसे में एनडीए के इसी मजबूत गढ़ को तोड़ने के लिए कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को उतारा है। मिथिलांचल में ही प्रियंका गांधी की यात्रा के पीछे कांग्रेस की बड़ी रणनीति बताई जा रही है।

## उत्तराखंड में आईटी, निवेश संभावनाओं पर जर्मन दल की अधिकारियों से चर्चा

**रुड़की, जेएनएन।** जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने उत्तराखंड के अधिकारियों से मुलाकात कर प्रौद्योगिकी सहयोग और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। आईआईटी रुड़की में आयोजित इस बैठक में इंजीनियरिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियों और नवाचार-आधारित उद्यमों पर विशेष रूप से बातचीत हुई। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत ने उत्तराखंड प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

प्रो. पंत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य को निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने संभावनाएं तलाशी जा रहीं हैं। प्रो. पंत ने सेमीकंडक्टर, स्पेस साइंस, डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में अवसरों की चर्चा की। इस तरह का सहयोग स्थानीय रोज़गार सृजन में मददगार होगा उन्होंने आपदा पूर्व चेतावनी प्रणालियों में भी भारत-जर्मनी सहयोग पर बल दिया। जर्मनी के इनोवेशन हब राइन माइन के सीईओ श्री स्टीफन विटेकाइंड ने कहा कि फ्रैंकफर्ट उन भारतीय स्टार्टअप्स और मिड-साइज़ कंपनियों के साथ साझेदारी करना चाहता है, जो जर्मनी और यूरोप की मदद से वैश्विक विस्तार करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीन एनर्जी और डिजिटल स्किल्स में जर्मनी अग्रिम क़तार में है और वह भारतीय संस्थानों और उद्यमों के साथ सहयोग को लेकर उत्साहित है। दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि उत्तराखंड और फ्रैंकफर्ट के बीच घनिष्ठ संबंध नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और निवेश के नए द्वार खोलेंगे और भारत-जर्मनी के सहयोग को और मजबूत करेंगे।

### चीन में सुअर के फेफड़े को मानव को लगाया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चीन के सर्जनों ने एक मस्तिष्क-मृत मानव प्राप्तकर्ता में सुअर के फेफड़े का सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया है। डॉक्टर इसे जेनोट्रांसप्लांटेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मान रहे हैं। शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि सर्जनों ने पहली बार एक आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर के फेफड़े को एक मृत मस्तिष्क वाले मानव प्राप्तकर्ता में प्रत्यारोपित किया है और पाया है कि यह नौ दिनों तक काम करता रहा। नेचर मेडिसिन पत्रिका में इसका विस्तृत विवरण दिया गया है। वहीं, इसे अब आनुवंशिक रूप से उपयोग में लेने को लेकर एक मामूली लेकिन आशाजनक कदम माना जा रहा है। यह ऑपरेशन मई 2024 में गुआंगजौ मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रथम संबद्ध अस्पताल में किया गया, जिसमें एक 39 वर्षीय पुरुष के बाएं फेफड़े को बदलना शामिल था।

## सीडीएस ने बताई भविष्य में युद्ध के लिए खास योद्धाओं की जरूरत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** मध्य प्रदेश के महू में दो दिनों तक चले रण संवाद सम्मेलन के आखिरी दिन सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने भविष्य में युद्ध लड़ने के लिए हाइब्रिड योद्धाओं की जरूरत पर जोर दिया है। आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित इस सम्मेलन के समापन भाषण में जनरल चौहान ने युद्ध लड़ने की रणनीति और युद्ध लड़ने के तरीकों में हो रहे बदलाव को तेजी से अपनाने और उनसे जुड़ने की आवश्यकता भी बल दिया है। जनरल चौहान के मुताबिक हमें हर तरह की लड़ाई लड़नी और जीतनी पड़ेगी।

**हाइब्रिड वॉरियर्स कैसे होंगे?**

सीडीएस चौहान ने आगे भविष्य में होने वाली जंगों के लिए हाइब्रिड वॉरियर्स की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। उन्होंने इसके बारे में बताते हुए कहा, मुझे लगता है कि भविष्य के युद्ध के लिए हाइब्रिड वॉरियर्स की आवश्यकता होगी...उन्हें बॉर्डर पर लड़ने, रेगिस्तान में युद्धाभ्यास करने, घने शहरी इलाकों में चुनौतीपूर्ण आतंकवाद-विरोधी मुहिम की योजना बनाने, (दुश्मन के) ड्रोन को नाकाम करने और साइबर घुसपैठ को डिकोड करने में माहिर होना चाहिए...अगर हमें लड़ना और जीतना है तो शास्त्र और शस्त्र को साथ लेकर चलना पड़ेगा...।

### झगड़े में बच्चों को झटक देना बाल उत्पीड़न नहीं : कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चे आपस में झगड़ते हैं और उस दौरान एक-दूसरे से मारपीट करते हैं और उसे देखकर अगर कोई वयस्क बच्चों को झटका देता है तो ऐसे आकस्मिक कृत्य बाल उत्पीड़न नहीं हैं और न ही ऐसे मामलों में बाल दुर्व्यवहार का अपराध लगाया जा सकता है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि बाल दुर्व्यवहार की परिभाषा में नुकसान पहुँचाने, क्रूरत करने, शोषण या दुर्व्यवहार का स्पष्ट इरादा और इसमें जानबूझकर क्रूरता या दुर्व्यवहार भी शामिल होना चाहिए। संतोष सहदेव खजनेकर बनाम गोवा राज्य के एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि बिना किसी इरादे के गंभीर दंडात्मक परिणाम लागू करने से कानून का दायरा अनुचित रूप से बढ़ जाएगा।

## संजय दत्त के कार कलेक्शन में मर्सिडीज मेबैक जीएलएस 600

**मुंबई।** संजय दत्त कारों के शौकीन हैं और उनके पास बेजोड़ कार कलेक्शन है। अब इस कलेक्शन में करोड़ों की एक और कार जुड़ गई है। संजय दत्त ने काले रंग की एक नई एसयूवी खरीदी है, जिसकी कीमत (एक्स शोरूम) 3.71 करोड़ रुपये बताई जा रही है। संजय दत्त की इस नई गाड़ी का पहला वीडियो भी सामने आया है, जो चर्चा में है। संजय दत्त ने हाल ही मर्सिडीज मेबैक जीएलएस 600 खरीदी है, जो काले रंग की है। कार खरीदने के बाद संजय दत्त ने इसकी पूजा की। जहां एक्टर ने अपने घर के बाहर अपनी नई कार के साथ पोज दिए, वहीं बाद में उनके ड्राइवर को इसे ड्राइव करते हुए देखा गया। संजय दत्त ने कुछ महीने पहले एक इंटरव्यू में इच्छा जाहिर की थी कि वह मर्सिडीज बेंज से कुछ गाड़ियां खरीदेंगे और अपने गैराज कलेक्शन को अपग्रेड करेंगे...और अब एक्टर ने नई मर्सिडीज मेबैक जीएल 600 खरीद ली है। उनके पास पहले से ही कई लग्जरी गाड़ियां हैं। इनमें रोल्स रॉयस घोस्ट, रेंज रोवर ऑटोबायोग्राफी, फेरारी, ऑडी आर8 जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा संजू बाबा के पास डुकाटी मल्टीस्ट्राडा और हर्ले डेविडसन जैसी महंगी बाइक हैं। संजय दत्त का एक फेवरेट नंबर प्लेट है- 4545, जिसे वह अपना लकी चार्म मानते हैं। हालांकि, उन्होंने बाद में अपना यह नंबर बदलकर 2999 कर लिया। संजय दत्त के करियर और लग्जरी लाइफ की बात करें, तो वह साल 1981 से काम कर रहे हैं। अपने अभी तक के चार दशक से भी लंबे करियर में उन्होंने 160 से अधिक फिल्में की हैं और खूब पैसा कमाया है।



**एआई** कार के मालिक ने चैटजीपीटी के साथ गूगल के लोकशन टूल का किया उपयोग

# चैटजीपीटी से खोज निकाली चोरी हुई कार

**नई दिल्ली।** दुनिया भर की तकरीबन सभी पुलिस एजेंसियां वाहनों की चोरी की समस्या का सामना कर रही है। वहीं, उन चोरी हुई गाड़ियों का पता लगाने के लिए तरह-तरह के तरीके भी अपनाती है। हाल ही में एक व्यक्ति ने अपनी खोई हुई लेम्बोर्गिनी हुराकेन इवीओ को ढूढ़ने के लिए ऐसा तरीका अपनाया कि उसे सुनकर आप भी हैरान हो जाएंगे। उसने अपनी कार का पता लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया। शख्स की यह कार कथित तौर पर दो साल पहले चोरी हो गई थी। इस शख्स ने अपनी खोई हुई कार का पता एआई से खोज निकाली। ऑरेंज काउंटी के एंड्रयू गार्सिया ने दो साल पहले सोचा था कि उनकी लेम्बोर्गिनी हमेशा के लिए चली गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चोरों ने कई अन्य सुपरकारों के साथ मिलकर एक बहु-मिलियन-डॉलर की लग्जरी कार चोरी रैकेट चलाया था। इस योजना में किरायेदार शामिल थे, जिन्होंने लगभग दो दर्जन महंगी कारें कभी वापस नहीं कीं, बल्कि कागजात में हेराफेरी करके मालिकों के टाइटल छीन लिए और फिर उन्हें बेच दिया। गार्सिया के लिए, जिस दिन उनकी कार गायब हुई, वह बहुत दुखद था। उन्होंने बताया कि मैं रोया था। जब उनकी लेम्बोर्गिनी गायब थी, तब रैकेट के अन्य पीड़ितों को उनकी कारें वापस मिल गईं। हालांकि, गार्सिया की लेम्बोर्गिनी तब तक लापता रही, जब तक उन्हें इंस्टाग्राम पर एक अजीब सा मैसेज नहीं मिला। मैसेज में लिखा था कि क्या आपने यह कार बेची थी? जिसके साथ कार की नई तस्वीरें भी थीं।

### गार्सिया ने ऐसे खोजी अपनी खोई हुई लेम्बोर्गिनी

गार्सिया ने रहस्य को तुरंत सुलझाने के बजाय खुद जांच करने का फैसला किया। उन्होंने उन तस्वीरों को चैटजीपीटी में डाला, गूगल के लोकेशन टूल्स के साथ उसे जोड़ा और कार के स्थान का पता लगाने के लिए पर्याप्त डेटा निकालने में कामयाब रहे। यह रास्ता उन्हें डेनवर, कोलोराडो तक ले गया, जहां उन्होंने पुलिस को सूचित किया। वहां के अधिकारियों ने कार को ढूंढ़ निकाला और पुष्टि की कि वह वास्तव में गार्सिया की खोई हुई लेम्बोर्गिनी ही थी।

### कार चोरी की जांच अभी भी जारी

कोलोराडो ऑटो थेफ्ट प्रिवेंशन अथॉरिटी के प्रवक्ता, केल गोल्ड ने इस अपरंपरागत जासूसी की सराहना की, और कहा है कि यह सक्रिय खुफिया जानकारी इकट्ठा करना चोरी हुए वाहनों को खोजने में बहुत फायदेमंद है। दिलचस्प बात यह है कि कोलोराडो में कार किसके पास थी, इसकी जांच अभी भी चल रही है। इस बीच, कैलिफोर्निया में चोरी रैकेट में शामिल व्यक्तियों को इसके नतीजे भुगतने पड़ रहे हैं। एक व्यक्ति को पहले ही चोरी और गबन के आरोपों में दोषी ठहराया जा चुका है और वह सज़ा का इंतज़ार कर रहा है, जबकि दूसरे की सुनवाई अक्टूबर में होनी है।



## नेटफ्लिक्स ने 'द बैड्स ऑफ़ बॉलीवुड' का पेश किया प्रीव्यू



**मुंबई।** नेटफ्लिक्स ने आज शाम शहर में 'द बैड्स ऑफ़ बॉलीवुड'का प्रीव्यू पेश कर माहौल को रोशन कर दिया। यह आर्यन खान का डायरेक्टोरियल डेब्यू है, जो 18 सितंबर को लॉन्च होने जा रहा है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित, इस सीरीज को आर्यन खान ने क्रिएट किया है और को-क्रिएटर्स बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान ने भी मिलकर इसे लिखा है।

नेटफ्लिक्स की 'द बैड्स ऑफ़ बॉलीवुड' का प्रीव्यू एक तेज़-रफ़्तार शो की झलक दिखाता है, जो स्टाइलिश लेकिन हलचल भरी दुनिया में बना है। इसमें सेल्फ-अवेयर ह्यूमर और मज़ेदार चुटीला अंदाज़ देखने को मिलेगा। यह एक अंडरडॉग कहानी है, जो सवाल पूछती हैः अपने सपनों को पाने के लिए आप कितनी दूर जाएंगे, क्या खोने को तैयार हैं, और क्या इस सफ़र में कुछ बॉलीवुड 'बैडीज़' (खलनायकों)का सामना कर पाएंगे? शाहरुख़ खान ने अपने अनोखे अंदाज़ और मज़ाकिया शैली में इस शो की स्टारकास्ट का परिचय कराया। इनमें बॉबी देओल, लक्ष्य, सहर बंबा, मनोज पाहवा, मोना सिंह, मनीष चौधरी, राघव जुयाल, आन्या सिंह और विजयंत कोहली शामिल हैं। इनके साथ रजत बेदी और गौतमी कपूर भी इस सीरीज़ में नज़र आएंगे। सभी कलाकारों ने अपने किरदारों के बारे में जानकारी और इस बिंदास, बिना किसी-फिल्टर वाली सीरीज़ की शूटिंग के अनुभव को साझा किया। एक यादगार पल में, जब माहौल जोश से भर गया, शाहरुख़ खान और आर्यन खान स्टेज पर आए और 'द बैड्स ऑफ़ बॉलीवुड'की दुनिया से सबको रूबरू कराया। इस सीरीज़ का संगीत टी-सीरीज़ के लेबल से आने वाला है, जिसका बेसब्री से इंतज़ार है। संगीतकार शाश्वत सचदेव ने इसे कंपोज़ किया है, और साथ में गेस्ट कम्पोज़र्स के रूप में अनिरुद्ध रविचंदर और उज्ज्वल गुप्ता भी शामिल हैं। पहली झलक ने यह दिखाया है कि यह शो महत्वाकांक्षा, ह्यूमर, ड्रामा और दिल को छू लेने वाली बातों का परफ़ेक्ट मिश्रण होगा, जिसमें आर्यन खान की डायरेक्टोरियल सोच में प्रस्तुत किया गया है।

# मोहन्द्रा में वन विभाग ने विकसित गौवंश वाटिका का किया शुभारंभ





## कल्दा क्षेत्र के पक्षी संकलन का विमोचन और युवाओं को बैडमिंटन किट का हुआ वितरण

**जागरण, पवई।** दक्षिण वन विभाग पन्ना ने आज सुरभि गौशाला मोहन्द्रा में पौधारोपण, संकलन विमोचन और खेलकूद सामग्री वितरण का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पवई विधायक प्रहलाद लोधी, छतरपुर वृत्त वन संरक्षक नरेश सिंह यादव, पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा, दक्षिण पन्ना वनमण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहिना मिश्रा, प्रशिक्षु भा.व.से. अधिकारी एवं प्रभारी उपवनमण्डल अधिकारी अक्षत जैन, एसडीएम सुश्री समीक्षा जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती भावना दांगी, सरपंच एवं मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया और आईटीआई प्राचार्य रोहित श्रीवास सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीण, विद्यार्थी, मीडिया प्रतिनिधि और वन अमला उपस्थित रहे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अतिथियों ने गौवंश वाटिका की शुरुआत की। इस अवसर पर त्रिवेणी पौधे (नीम, पीपल, बरगद), आंवला, कदम्ब, गुलमोहर और गूलर जैसे पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण से पूर्व पौधों और गौवंश की पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक मान्यता के अनुसार गाय को मां के समान पूजनीय माना जाता है और इसी भावना के अनुरूप यह वाटिका गौवंश को समर्पित की गई। वन विभाग ने पौधों की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड लगाए हैं और देखभाल हेतु गौशाला समिति तथा ग्रामीणों से सहयोग का आवाह्न किया। विभाग ने बताया कि अपेक्षित सहयोग मिलने पर वाटिका का विस्तार किया जाएगा और विस्तार वानिकी योजना अंतर्गत पेवर ब्लॉक्स जैसी सुविधाएं भी जोड़ी जाएंगी। इसके उपरांत, कार्यक्रम में प्रतिभाशाली वनरक्षक वीरेंद्र पटेल द्वारा संकलित फोटो-पुस्तक कल्दा क्षेत्र के पक्षी का विमोचन किया गया। यह संकलन क्षेत्रीय पक्षियों और जैव विविधता का जीवंत दस्तावेज है। वरिष्ठ अधिकारियों ने इसे संरक्षण कार्यों की दिशा में प्रेरक पहल बताते हुए वनकर्मी की मेहनत और समर्पण की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में, राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 से पूर्व, आईटीआई कॉलेज मोहन्द्रा के छात्र-छात्राओं को बैडमिंटन किट (रैकेट और शटल) प्रदान की गईं। ये किट काष्ठ लाभांश से खरीदी गई थीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों को खेलों को जीवन में अपनाने, अनुशासन और स्वास्थ्य के महत्व को समझने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। पूरे कार्यक्रम का आयोजन मोहन्द्रा परिक्षेत्र अधिकारी अभय दुबे और उनकी टीम ने किया। सभी अतिथियों ने उनके प्रयासों की सराहना की। पवई परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल ने भी आवश्यक सहयोग किया और मंच संचालन की जिम्मेदारी भी निभाई।

# छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में निःशुल्क ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**जागरण, पन्ना।** कार्यालय निदेशक, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में 30 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बड़े ही गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां वीणा वादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि आज के समय में कौशल विकास ही आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की सच्ची कुंजी है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाते हैं, बल्कि उनके लिए स्वरोजगार और रोजगार के नए द्वार भी खोलते हैं।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल ने विषय प्रवर्तन में योजना की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना का ध्येय केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित न रहकर छात्र-छात्राओं को कौशल-आधारित और रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ना है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. भारती खरे (क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट) ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक युग में आत्मनिर्भरता तभी संभव है जब युवा वर्ग मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ अपने कौशल को निखारे।

विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सुश्री सृष्टि त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक स्वरूप तभी सार्थक होता है जब वह पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यवहारिक जीवन के कौशल से जुड़ता है।

प्रशिक्षणदाता श्रीमती उपासना शर्मा (संचालक, कृष्णा ब्यूटी पार्लर) ने कहा कि सौंदर्यशास्त्र केवल एक कला ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने और आजीविका का साधन बनने का सशक्त माध्यम भी है। उद्घाटन दिवस पर उन्होंने थ्रेडिंग संबंधी जानकारी दी तथा छात्राओं को थ्रेड रनिंग का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रभावशाली ढंग से डॉ. बी. एन. जायसवाल द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन डॉ. पियूषा शर्मा ने किया। प्रशिक्षण के लिए 70 छात्राओं ने पंजीयन कराया और पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। इस उद्घाटन सत्र में सह-संयोजक डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. पियूषा शर्मा, डॉ. पुष्पराज चौरसिया, डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. रोशनी गुप्ता, अडॉ. प्रदीप रावत एवं रिसर्च स्कॉलर शालिनी दहायत के साथ बड़ी मात्रा में छात्राएं सम्मिलित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ इस गरिमामय उद्घाटन समारोह का समापन हुआ।

# उल्टी दस्त से दो की मौत, आधा दर्जन से अधिक की हालत गंभीर

## प्रशासनिक अमला पहुंचा बम्होरी ग्राम, मरीजों को कराया भर्ती, उपचार जारी



**जागरण, पवई।** विकासखंड के ग्राम बम्होरी में उल्टी दस्त से प्रभावित लोगों की सूचना प्राप्त होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गांव पहुंचकर प्रभावितजनों का त्वरित उपचार किया गया। कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश तिवारी स्वयं बम्होरी ग्राम पहुंचे और स्थिति एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उल्टी-दस्त से प्रभावित लोगों का मौके पर ही उपचार किया। चार व्यक्तियों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदुआ खमरिया में भर्ती कराया गया। ग्राम में उल्टी दस्त से व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि एक व्यक्ति की मृत्यु सिविल अस्पताल हटा जिला दमोह में हुई। ग्राम में मेडिकल ऑफिसर के निर्देशन में आगामी आदेश तक स्वास्थ्य विभाग की टीम की ड्यूटी लगाई गई है। बताया जाता है कि मरीजों की हालत तीज पर बने पकवान खाने से हुई है हालाकि स्वास्थ्य विभाग ने कारणों की पुष्टि नहीं की है। ग्रामवासियों को साफ सफाई, पेयजल, खानपान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।

# पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के संबंध में राज्यपाल के नाम एसडीएम पन्ना को ज्ञापन सौंपा





**जागरण, पन्ना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पन्ना जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम एसडीएम पन्ना को ज्ञापन सौपा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा, श्रीकान्त दुबे पूर्व विधायक पन्ना,राजेश तिवारी बार एसोसिएशन अध्यक्ष पन्ना ,महेंद्र बागरी पूर्व विधायक गुनौर, जीवनलाल सिद्धार्थ पूर्व प्रत्याशी गुनौर, सेवालाल पटेल, राकेश गर्ग अजयगढ ,राम अवतार तिवारी अजयगढ, स्वतंत्र अवस्थी युवक कॉग्रेस अध्यक्ष, शशिकांत दीक्षित, मार्तंड देव बुंदेला,सौरभ पटैरिया एडवोकेट, शिवकान्त(छोटे) दीक्षित,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुनौर एवं पवई ब्लॉक अध्यक्ष, केसरी अहिरवार गुनौर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष जीराबाई पटेल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऋत्विज शर्मा को किया गया सम्मानित



**जागरण, पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गत दिवस भोपाल के ज्ञान विज्ञान भवन में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय शिविरार्थी एवं पन्ना के धाम मोहल्ला निवासी संचेत बहादुर शर्मा के पुत्र धामी ऋत्विज शर्मा को भी राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ऋत्विज महामति श्री प्राणनाथ जी की वाणी तुम सेवा से पाओगे पार को अपने जीवन में आत्मसात कर बचपन से ही सेवा कार्यों में अग्रणी रहे हैं। इन्होंने कोरोना काल में प्रशासन के साथ मिल कर लोगों की हर क्षेत्र में सहायता की। प्रवास कर रहे मजदूरों को भोजन उपलब्ध कराने से लेकर कोरोना पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराने में बढ़चढ़ कर प्रशासन का सहयोग किया। इसके अलावा रक्तदान के पुण्य कार्य में भी इनका विशेष सहयोग रहा। ऋत्विज ने स्वयं 10 बार रक्तदान किया है और सभी युवाओं को रक्तदान के लाभ बताकर उन्हें भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया, जिससे महामारी के समय मरीजों और अस्पतालों की काफी मदद हुई। स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण में भी इनका विशेष सहयोग रहा। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ऋत्विज शर्मा को सत्र 2020-21 में अनुकरणीय सेवा के लिए 21 हजार रूपए सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पूर्व में इन्हें राजधानी भोपाल के कलेक्टर द्वारा स्वच्छता चैंपियन अवॉर्ड, कोरोना काल में सेवाएं देने हेतु कोविड 19 यूथ चैंपियन अवॉर्ड, नगर निगम भोपाल द्वारा सेवा सम्मान पत्र एवं महाविद्यालय द्वारा एनएसएस अचीवर अवॉर्ड समेत कई पुरस्कार दिए जा चुके हैं। विगत वर्षों में 2 बार राष्ट्रीय शिविर जयपुर राजस्थान एवं पुरी ओडिशा में प्रदेश का नेतृत्व भी किया है। राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में चयनित होकर अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

# दिगंबर जैन सनातन परंपरा में त्याग तपस्या साधना व्रत उपवास के साथ दस लक्षण धर्म पर्यूषण महापर्व प्रारंभ



**जागरण, पवई।** दिगंबर जैन सनातन प्राचीन परंपरा अनुसार त्याग तपस्या साधना व्रत उपवास और नियम संयम के पालन हेतु महत्वपूर्ण दस लक्षण धर्म पर्यूषण महा पर्व भाद्र शुक्ल पक्ष की पंचमी से प्रारंभ होकर अनंत चतुर्दशी तक लगातार 10 दिन समस्त जैन समाज के श्रावक एवं साधारण नागरिक भी नियम संयम के साथ भोजन शयन और साधारण सरल जीवन शैली के साथ आत्मा की शुद्धि हेतु साधना एकासन एवं निर्जला व्रत उपवास के साथ तपस्या की ओर चलते हुए साधना चलेगी । पर्युषण महापर्व में दस धर्मों का पालन - उत्तम क्षमा , उत्तम मार्दव , उत्तम आर्जव , उत्तम शौच ,उत्तम सत्य , उत्तम सयंम ,उत्तम तप ,उत्तम त्याग ,उत्तम आकिंचन , उत्तम बृम्हचर्य की सच्ची साधना से कर्मों की निर्जरा की जाएगी । प्रतिदिन श्री जिनबिम्ब 24 तीर्थंकर भगवान के अभिषेक पूजन विधान भक्ति भाव के साथ करते हुए भगवान की अर्चना करेंगे । पर्युषण महापर्व के दौरान प्रतिदिन एक-एक धर्म की पूजा और उसके बारे में जानने हेतु शास्त्र का अध्ययन स्वाध्याय शास्त्र वाचन के माध्यम से जीवन का सही उद्देश्य और सच्चे मार्ग की ओर बढ़ने का प्रयास करेंगे यही पर्यूषण पर्व का मुख्य उद्देश्य है।

# मां तुझे प्रणाम योजना : विकासखंड स्तर पर होगा दस-दस युवाओं का चयन

**जागरण, पन्ना।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा मां तुझे प्रणाम योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। राष्ट्रवाद की भावना से ओत प्रोत इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य युवाओं में भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के प्रति आदर का भाव विकसित करना, सीमा में सैन्य गतिविधियों तथा दिनचर्या से अवगत कराना इत्यादि है। योजना में यात्रा के माध्यम से ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक स्थानों से परिचय कराने का अनुभव प्रदान किया जाएगा। इस योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए विकासखंड स्तर पर दस-दस युवाओं का चयन होगा, जिसके तहत 5 युवक एवं 5 युवतियों का चयन किया जाएगा। 31 दिसम्बर 2026 की स्थिति में 15 से 25 वर्ष आयु के युवा मां तुझे प्रणाम योजना के तहत अनुभव यात्रा के लिए पात्र हैं। चयन प्रक्रिया के तहत एनसीसी, एनएसएस, खिलाड़ी, मेधावी छात्र एवं स्काउट की श्रेणी से एक-एक युवक एवं युवती का चयन किया जाएगा। इस अनुभव यात्रा के चयन के लिए युवाओं को निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन के साथ फिटनेस सर्टिफिकेट, जोखिम तथा संबंधित थाने से चरित्र प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना आवश्यक है। चयनित युवाओं को मात्र एक बार ही अनुभव यात्रा में भेजा जाएगा। असहमति प्रदान करने पर आगामी यात्रा में चयन नहीं किया जाएगा। युवाओं के चयन के लिए विकासखंड स्तर पर गत 25 अगस्त से आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुकजन आगामी 4 सितम्बर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। विभाग की वेबसाइट पर भी आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पूर्व में अनुभव यात्रा पर भेजे गए युवाओं का चयन नहीं होगा।

जिला स्तर पर 8 से 12 सितम्बर तक जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा लॉटरी के जरिए युवाओं का चयन किया जाएगा। चयन में वरीयता का आधार भी निर्धारित है। सर्वप्रथम एनसीसी श्रेणी के आवेदक का चयन होगा। इसके उपरांत क्रमशः खेल, स्काउट, एनएसएस और मेधावी छात्र श्रेणी के मापदंड अनुसार मां तुझे प्रणाम योजना में युवा चयनित किए जाएंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए छत्रसाल स्टेडियम पन्ना स्थित विभाग के जिला कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## जिले में खाद संकट, किसानों के समर्थन में कांग्रेस करेगी प्रदर्शन



**जागरण, पन्ना।** जिले भर में खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों की समस्याओं को देखते हुए, जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना ने एक बड़ा कदम उठाया है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनीस खान ने जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों को तत्काल प्रभाव से निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने-अपने ब्लॉक मुख्यालयों पर जाकर किसानों से सीधे संपर्क करे, उनकी समस्याओं को समझें और खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए धरना प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपें। इस निर्देश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान अपनी फसलों के लिए समय पर खाद प्राप्त कर सकें और इस संकट से उन्हें जल्द से जल्द राहत मिले। जिला अध्यक्ष अनीस खान ने कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनकी आवाज को सरकार तक पहुंचाएगी।

# गुनौर विधायक ने निःशुल्क साइकिल का किया वितरण



**जागरण, पन्ना।** गुनौर विधानसभा क्षेत्र गुनौर के विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने आज अमानगंज अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला गड़ोखर, शासकीय उ.मा. विद्यालय कमताना, शासकीय हाईस्कूल सिरी एवं शासकीय हाईस्कूल रामपुर में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए हर कदम उठाए हैं। पढ़ाई जारी रखने के लिए निःशुल्क साइकिल सहित लैपटॉप, स्कूटी, पुस्तकें और ड्रेस भी प्रदान की जा रही है। विधायक ने कहा कि अब बेटियों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में बेटियां हर क्षेत्र में बेटों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं और बेहतर शिक्षा के माध्यम से अपने परिवार, क्षेत्र और प्रदेश का भी नाम रोशन कर रही हैं। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं से संवाद कर भविष्य की कार्ययोजना भी जानी।

# आदि कर्मयोगी अभियान : जिला स्तरीय ओरिएंटेशन मीटिंग आज



**जागरण, पन्ना।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदि कर्मयोगी अभियान के राष्ट्रीय स्तर पर क्रियान्वयन की प्रमुख पहल भी की गई है। इसका उद्देश्य अंतिम छोर तक सेवाओं के वितरण में गति लाना तथा जनजातीय विकास प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने के लिए लोक अधिकारियों का एक उन्मुख संवर्ग तैयार करना है। भारत सरकार के प्राप्त निर्देशों के क्रम में आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में शुक्रवार, 29 अगस्त को सुबह 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय ओरिएंटेशन मीटिंग आयोजित की गई है। इस अवसर पर जिला संयोजक जय प्रताप भदौरिया द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ मीटिंग में वर्चुअल शामिल होंगे।

# मुख्यमंत्री के अमानगंज में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत लिया तैयारियों का जायजा

**जागरण, पन्ना।** गुनौर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में गुनौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अमानंगज में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके दृष्टिगत कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने गुरूवार को गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया और आवश्यक तैयारियों का जायजा लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सभास्थल सहित हैलीपेड स्थल का अवलोकन भी किया गया। विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन एवं प्रस्थान के दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित पार्किंग स्थल, एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की तैनाती और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की गई।

# सरई तहसीलदार के अगुवाई में वज्रपात आकाशीय बिजली सुरक्षा जागरुकता अभियान कार्यक्रम संपन्न




**जागरण, सिंगरौली**

जिले के सरई तहसील अंतर्गत आकाशीय बिजली सुरक्षा जागरूकता अभियान का कार्यक्रम सरई क्षेत्र के बाजार चौराहे तथा थाना सरई परिसर के सामने सरई तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा जी के नेतृत्व में संपन्न कराया गया, साथ ही साथ लोगों को आकाशी बिजली से सुरक्षा के सरल उपायो से अवगत कराया गया, यह भी बताया कि मौसम की जानकारी टीवी रेडियो और मोबाइल के माध्यम से मौसम का जानकारी लेते रहना चाहिए, आकाशीय बिजली के दौरान घर के अंदर ही रहें, खुले खेत, ऊंचे पेड़, बिजली के खंभे, और तालाब से दूर रहें, आकाशीय बिजली के दौरान बिजली के उपकरणों और तारों से दूर रहें, तथा कानों को हाथों से बंद कर लें, आकाशीय बिजली के दौरान अगर आप सफर में हैं, तो आप गाड़ी में रहे, बाहर न निकले गाड़ी के अंदर ही सुरक्षित रहें, बस इतना ही नहीं आपातकाल की स्थिति में सहायता के लिए 112 डायल करें, वज्रपात सुरक्षा रथ (सरई ग्राम) नगर परिषद सरई पहुंच कर लगभग 300 ग्रामीण जनता अधिकारी कर्मचारी माता बहनों को आकाशीय बिजली की आशंका में क्या उपाय करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, समझाइए एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवगत कराया, यह अभियान भारत सरकार द्वारा जनहित में जारी है, आकाशीय बिजली सुरक्षा जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले-- सरई तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा, रामनरेश सोनी राजस्व निरीक्षक, दिनेश गुप्ता पटवारी सरई, सरई थाना पुलिस स्टाफ, रामबालक द्विवेदी, राम गुप्ता, पन्नालाल गुप्ता, भैया लाल सिंह, मूलचंद तिवारी, पत्रकार बंधु क्षेत्र के जनता जनार्दन उपस्थित रहें।

## सेमरिया में उर्वरक विक्रय केन्द्र का निरीक्षण, 28 बोरी यूरिया जब्त

**सीधी।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया है कि जिले में यूरिया उर्वरक की कमी व कालाबाजारी की संभावना को देखते हुए दिनांक 28 अगस्त 2025 को राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल के द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सेमरिया विकासखण्ड सीधी में फुटकर उर्वरक विकेता कुवेर प्रसाद गुप्ता के उर्वरक गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें विक्रेता मौके पर उपस्थित नहीं होने पर संदिग्धता की स्थिति में गोदाम को सील किया गया। विक्रेता के गोदाम के पास ही वेदअंशिका मैरिज गार्डन के परिसर में 28 बोरी यूरिया का भण्डारण संदिग्ध स्थितियों में पाया गया जिसे मैरिज गार्डन के मालिक मनोज गुप्ता उपस्थिति में जब्त कर दिया गया। निरीक्षण में राजस्व विभाग के एकता शुक्ला नायब तहसीलदार सेमरिया, कृषि विभाग के अनुविभागीय कृषि अधिकारी पीएल कुशवाहा, विवेक कुमार दुवे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं पुलिस विभाग से केदार परौहा थाना प्रभारी सेमरिया मौके पर उपस्थित रहे।

## खाद की समस्या को लेकर कांग्रेस धरना देगी आज

**जागरण, सीधी।** खाद बीज उपलब्ध कराने में नाकाम भाजपा सरकार के खिलाफऔर किसानों के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी सीधी द्वारा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अगुवाई में आज दिनांक 29 अगस्त को समय 11 बजे दिन में नई गल्ला मंडी प्रांगण में धरना प्रदर्शन आंदोलन करने जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी सीधी ने सभी कांग्रेसजनों, किसान भाईयों सहित कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता साथियों आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर अपनी सहभागिता निभाएं और किसानों के हक एवं अधिकार की लड़ाई को सफल बनाने में सहयोग करें।

# एनटीपीसी सिंगरौली में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई गणेश चतुर्थी



**जागरण, सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली में श्री गणेश चतुर्थी का पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना का आयोजन परियोजना प्रमुख श्री संदीप नायक के नेतृत्व में किया गया। इस पावन अवसर पर एनटीपीसी शक्तिनगर के निवासियों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर गणपति बप्पा से आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह की शुरुआत विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं और बाल भवन के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सुंदर गणेश वंदना और सांस्कृतिक नृत्य से हुई, जिसने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के समापन पर परियोजना प्रमुख श्री नायक ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए श्री गणेश जी से सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया, जिससे समारोह की आध्यात्मिक अनुभूति और भी मधुर हो गई। यह आयोजन न केवल एनटीपीसी सिंगरौली की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि स्थानीय समुदाय के साथ संस्थान के मजबूत और आत्मीय संबंधों को भी सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के जोसफ बास्टियन, मुख्य महाप्रबंधक (ऑपरेशन एंड मेंटेनेन्स), सी.एच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एंड एडीएम), रश्मि रंजन मोहंती, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), पीयूष श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (बीई एंड रसायन), सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), नरेश कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, वनिता समाज की सम्माननीय सदस्याएं, एनटीपीसी कर्मचारियों के परिवार जन, विवेकानंद स्कूल के प्राचार्य, नरेंद्र भूषण, यूनियन एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण आदि सम्मिलित रहे।

# सरई थाने में संपन्न हुई शांति समिति बैठक



**सिंगरौली।** जिला के सरई थाना में आज गुरुवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई है। जिसमें तहसीलदार सरई चंद्रशेखर मिश्रा पूर्व मंत्री वंशमणि वर्मा उपनिरीक्षक सूरज सिंह नगर परिषद सरई के उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता कांग्रेस नेता प्राण जायसवाल रामबालक द्विवेदी रमेश गुप्ता अमन गुप्ता शिव प्रसाद जायसवाल पार्षद व समाजसेवी प्रेम सिंह भाटी क्षेत्र के व्यापारी बंधु पत्रकार बंधु एवं नगर वासी उपस्थित रहे। आज की शांति समिति की बैठक में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। त्योहारों के मद्देनजर देखते हुए नगर वासियों को प्रशासन एवं पुलिस की ओर से कुछ दिशा निर्देश दिए गए। गणेश विसर्जन एवं मिलादुन्नबी में डीजे बजाने के लिए अनुमति रैली निकालने के लिए अनुमति एवं महाप्रसाद भंडारे के लिए अनुमति लेने की चर्चा हुई पुलिस द्वारा यह सुझाव भी दिया गया कि झांकी रखने वाले अग्निशामक यंत्र भी उपलब्ध रखें। जिससे किसी अनहोनी घटना से बचा जा सके।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा ओपन हाउस मीटिंग का किया गया आयोजन




**जागरण, सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल ने 28 अगस्त 2025 को प्रशासनिक भवन सभागार में ओपन हाउस मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें कर्मचारियों और वरिष्ठ प्रबंधन को एक साझा मंच पर संवाद हेतु जोड़ा गया।

इस बैठक की अध्यक्षता संजीब कुमार साहा, मुख्य महाप्रबंधक(विंध्याचल) ने की। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों में एम. सुरेश, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम), श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं एफएम), दीपू ए, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा सेवाएँ, देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक(तकनीकी सेवाएँ) तथा राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल)

उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागाध्यक्षों, यूनियन और एसोसिएशन प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने संगठन एवं स्टेशन स्तर की उपलब्धियों पर एक प्रस्तुति दी, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में की गई प्रगति को रेखांकित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लेते हुए कार्यस्थल संचालन और टाउनशिप सुविधाओं से जुड़े सुझाव एवं चिंताएँ साझा कीं। नेतृत्व टीम ने इन सुझावों को संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ओपन हाउस मीटिंग ने पारदर्शी संवाद, सहभागी निर्णय प्रक्रिया तथा सहयोगी एवं समावेशी कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने की स्टेशन की प्रतिबद्धता को एक बार फिर मजबूत किया।

# आंगनबाड़ी सहायिका की अनंतिम चयन सूची जारी

**जागरण, पन्ना।** महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय पवई द्वारा विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त सहायिका के 17 पद पर चयन के लिए सहायिका की अनंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। इस क्रम में आंगनबाड़ी केन्द्र जनपुरा में नीतू सिंह गौड़, मगरदा में पिंकी बाई गौड़, रक्सेहा में सीमा राजा, गढ़ीकरहिया ए में साक्षी पटेल, गढ़ीकरहिया बी में सुषमा पटेल, सिमराकला में रोशनी तिवारी, भोईपुरा में कुसुम अहिरवार, झांझर में विद्या गडारी, धौर्राखुर्द में राधा पटेल, बनवार में सीतादेवी जायसवाल, कुटरहिया में गनेश बाई, नरगी में रामलली सिंगरौल, मुराछ में नेहा पटेल, पिपरियादौन में दुर्गा दाहिया, खबरी मिनी में चम्पा बाई, अमुआ में सिलोचना प्रजापति तथा आंगनबाड़ी केन्द्र ककरी कछार में सहायिका पद पर सीमा सिंह का अनंतिम रूप से चयन किया गया है। अनंतिम चयन सूची एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल पर उपलब्ध है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पोर्टल पर आगामी 31 अगस्त तक ऑनलाइन माध्यम से दर्ज कराई जा सकती है। कार्यालय में लिखित दावे-आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी।

## सहायक समिति प्रबंधकों ने कलेक्टर पन्ना को जिले में रिक्त पदों पर नियुक्तियॉं करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा

**जागरण, पन्ना।** सहायक प्रबंधकों ने आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक राज्य सहकारी बैंक के पूर्व आदेशों के अनुशीलन में पन्ना रिक्त समिति प्रबंधकों के पदों पर भर्ती करने की मांग को लेकर आज ज्ञापन सौपा । मांग पत्र में लेख किया है कि प्रदेश के अधिकांश सहकारी समितियां में समिति प्रबंधकों की नियुक्तियां की जा चुकी हैं लेकिन पन्ना में सहायक प्रबंधकों की नियुक्ति समिति प्रबंधकों के पदों पर नहीं की गई है। सहायक प्रबंधक संघर्ष समिति ने मांग की है कि यदि हमारी मांगे नहीं मानी गई तो हम 8 सितंबर 2025 से कलम बंद हड़ताल पर चले जाएंगे।

# एनसीएल के प्रबंधक पाणि पंकज पांडेय को मिला साहित्य अकादमी, हरिकृष्ण देवसरे प्रादेशिक पुरस्कार



**जागरण, सिंगरौली।** पुरस्कार नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के लिए गर्व का विषय है कि मुख्यालय के औद्योगिक संबंध विभाग में बतौर प्रबंधक (मानव संसाधन) पदस्थ श्री पाणि पंकज पांडेय को उनकी साहित्यिक कृति 'बाल रामायण' के लिए मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, साहित्य अकादमी द्वारा 'हरिकृष्ण देवसरे प्रादेशिक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें गत सोमवार को भोपाल में आयोजित अलंकरण समारोह में बाल साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अभिनव योगदान हेतु प्रदान किया गया है। उनकी रचना 'बाल रामायण' पाठकों को सरल एवं प्रेरणादायी शैली में भारतीय संस्कृति और आदर्शों से परिचित कराती है। इस कृति को समीक्षकों एवं साहित्य जगत के विद्वानों ने भी व्यापक सराहना दी है। इस अवसर पर एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बी साईराम, निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी) सुनील प्रसाद सिंह ने पांडेय को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनसीएल सदैव साहित्य, कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। पांडेय की उपलब्धि इस प्रतिबद्धता को और सशक्त करती है तथा कंपनी की गौरवमयी परंपरा में एक नया अध्याय जोड़ती है।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें: सविता प्रधान

**जागरण, सिंगरौली।** पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त सविता प्रधान ने आज अपने प्रातः भ्रमण के दौरान नगर निगम के वार्ड क्रामंक 43 में चल निर्माण कार्यो, साफई व्यवस्था की निरीक्षण किया। निगमायुक्त प्रधान ने वार्ड 43 में चल रहे सीवर लाईन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए कि सीवर लाईन का निर्माण कार्य में तेजी लाये तथा यह सुनिश्चित करे कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता में कमी नही होनी चाहिए। उन्होने संबंधित संविदाकार को सीवर लाईन निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त होने वाली सड़को का तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान निगमायुक्त ने वार्ड में स्थित मुक्तिधाम बेहतर साफ सफाई कराने का प्रबंध करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होने गणेश प्रतिमा विर्सजन स्थल वाले घाटो का निरीक्षण कर घाटो में सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होने घाटो मे प्रकाश व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने सिंगरौलिया में बने स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा स्टेडियम की साफ सफाई सहित बाउंड्री वाल बनाए जाने तथा उनका बेहतर रख रखाव करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने वार्ड की सड़को का भी अवलोकन कर क्षतिग्रस्त सड़को की तत्काल मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिए। साथ निगमायुक्त के द्वारा वार्ड के नाले नालियो की सफाई कराने के साथ उनमे कीटनाशक दवाओ का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि नालियो की सफाई कराने के दौरान उनसे निकलने वाले कचरे का तत्काल उठाव भी कराये ताकि बारिश के दौरान कचरा फिर से बहकर नालियो को जाम न करे। निगमायुक्त के भ्रमण के दौरान वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य खुर्शीद आलम, कार्यपालन यंत्री प्रदीप चड़ार, उपायुक्त आर पी वैश्य, सहायक आयुक्त रुपाली द्विवेदी, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय, प्रवीण गोस्वामी, प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार संतोष पाण्डेय, सीटाडोल इंचार्ज रावेन्द्र सिंह, कैलाश शाह, अशोकत्रिपाठी, अजय मिश्रा, रोहित चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## बरगवां, सरई, निगरी, निवास, देवसर, महुआगांव क्षेत्रों प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक शर्तों के साथ खनिज परिवहन की कलेक्टर ने दी अनुमति

**सिंगरौली।** जिला अंतर्गत भारी वाहनों के परिवहन पर लगाए गए प्रतिबंधों पर पुनर्विचार हेतु प्राधिकृत अधिकारी, मे0 सहकार ग्लोबल लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत आवेदन के परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक, सिंगरौली से प्रतिवेदन लिया गया। पुलिस अधीक्षक सिंगरौली द्वारा बरगवां, सरई, निगरी, निवास, देवसर, महुआगांव क्षेत्रों में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा रेत. गिट्टी आदि खनिज परिवहन करने वाले वाहनों को प्रातः 10.00 बजे से सायं 6 बजे तक परिवहन की अनुमति निम्नांकित शर्तो के आधीन प्रदान की गई है। जिसके तहत चालक के पास वाहन चलाने का वैध लाइसेंस होना अनिवार्य है। वाहन में क्षमता से अधिक खनिज का परिवहन नहीं किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक नहीं होगी। वाहन में स्पीड गवर्नर अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। वाहन के समस्त दस्तावेज वैध एवं पूर्ण रूप से उपलब्ध होना अनिवार्य होगा।

# हाइवे पर खड़े बेतरतीब वाहनों से हो रहे हैं एक्सीडेंट

## चालक जहां चाहते हैं वहीं खड़ा कर देते हैं वाहन

## रात के समय खड़े वाहनों के भिडंत से होते हैं हादसे



**जागरण, सीधी।** मुख्य सड़कों के किनारे बेतरतीब खड़े होने वाले वाहनों के चलते सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। दिन के समय तो सड़क से गुजरने वाले वाहनों के चालकों को बेतरतीब खड़े वाहनों की जानकारी समय रहते मिल जाती है और वह सावधानी पूर्वक आगे निकल जाते हैं किन्तु रात के समय सड़क की पटरियों में खड़े होने वाले वाहनों के चलते हादसो की संभावना बढ़ जाती है। जिले में हर महीने ऐसे हादसे सामने आ रहे हैं जिनका मुख्य कारण सड़क के किनारे खड़े वाहन ही रहते हैं। दरअसल सड़कों के किनारे या फिर आधी सड़क दबाकर वाहन मनमौजी तौर पर चालक खड़ा कर देते हैं। यह वाहन बेतरतीब रूप से इसी तरह घंटों खड़े होकर समस्याएं बढ़ाते रहते हैं। रात के समय सड़क में अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के चलते सड़क हादसे हो जाते हैं। उस दौरान असमय ही कई लोग काल के गाल में समा जाते हैं या फिर गंभीर रूप से घायल होने के बाद जिन्दगी और मौत से संघर्ष करते रहते हैं। सड़क हादसों के शिकार होने वाले लोगों का पूरा परिवार इस दंश को भुगतने के लिए मजबूर होता है। जानकारों के अनुसार मुख्य सड़कों के किनारे ढावों के संचालन की मची होड़ के चलते भारी वाहनों के साथ ही अन्य वाहन भी आसपास घंटों खड़े रहते हैं। वाहन चालकों को आकर्षित करने के लिए ढावा संचालक अपने यहां सभी सुविधाएं मुहैया कराते हैं। इनमें खाने-पीने से लेकर नशे की सामग्री भी शामिल होती हैं। इसी वजह से भारी वाहनों के ड्राइवर एवं खलासी प्राथमिकता के साथ ढावों के किनारे ही रूकते हैं वहां उन्हे नहाने, सोने एवं खाने-पीने की सामग्री के साथ ही नशे की सामग्री भी आसानी से उपलब्ध हो जाती है। दूर से आने वाले वाहनों के कर्मचारियों द्वारा ढावों में कई घंटे रूकते हैं और उस दौरान उनके वाहन सड़क पर ही बेतरतीब रूप से खड़े होकर सड़क हादसों को बड़ा आमंत्रण देते रहते हैं। जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग, राजमार्ग के साथ ही ग्रामीण अंचलों की सड़कों में भी यही स्थिति देखी जा रही है। इसी वजह से सड़क के किनारे खड़े वाहनों में रात के दौरान अन्य वाहन आकर टकरा जाते हैं और उनमें सवार लोग गंभीर सड़क हादसे के शिकार हो जाते हैं। यह जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को भी बखूबी रहती है किन्तु उनके द्वारा इस संबंध में कभी भी यह व्यवस्था बनाने का प्रयास नहीं किया गया कि ढावों के आसपास वाहनों का जमावड़ा नहीं होना चाहिए।

### ढावों का होना चाहिए नियमित निरीक्षण

सड़कों के किनारे संचालित ढावों को लेकर काफी शिकायतें बनी हुई हैं। फिर भी इनकी न तो जांच होती है और न ही इनकी मनमानियों पर अंकुश लगाने के लिए किसी तरह की कार्यवाही की जाती है। लिहाजा ढावा संचालक ज्यादा से ज्यादा वाहन कर्मचारियों को आकर्षित करने के लिए उन्हे मुख्य सड़क पर आवागमन को बाधित करने की पूरी छूट दी जाती है। यदि ढावों का पुलिस द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाय और वहां खड़े होने वाले बेतरतीब वाहनों पर भी कार्यवाही की जाय तो वाहन चालकों की मनमानी पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। ढावों के आसपास सूचना बोर्ड लगाया जा सकता है जहां स्पष्ट रूप से यह लिखा हो कि सड़क एवं सड़क की पटरी पर वाहन खड़ा होने की सख्त मनाही है। जिसके बाद वाहन चालक ऐसे ढावों में रुकने से पूर्व ही अपने वाहनों को मुख्य सड़क से दूर खड़ा करने को मजबूर होंगे।

# यूएस ओपनः खराब फॉर्म से जूझने के बावजूद जोकोविच तीसरे दौर में, अल्काराज और आर्यना सबालेंका भी जीतीं

जेएनएन, न्यूयॉर्क

अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे मैच में नोवाक जोकोविच थके हुए लगे और एक सेट भी गंवाया, लेकिन 24 बार के इस ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने समय पर वापसी करते हुए तीसरे दौर में जगह बना ली।



वहीं दूसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज और गत चैंपियन आर्यना सबालेंका ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। जोकोविच का फ्लशिंग मीडोस पर पहले और दूसरे दौर में जीत का रिकॉर्ड 36-0 का हो गया। उन्होंने अमेरिका के 145वीं रैंक वाले क्वालिफायर जाचारी वाजदा को 6-7, 6-3, 6-3, 6-1 से हराया। जोकोविच 11 जुलाई को विंबलडन सेमीफाइनल में यानिक सिनेर से हारने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रहे हैं। अब उनका सामना ब्रिटेन के कैम नौरी से होगा, जिन्हें वह छह बार हरा चुके हैं। नौरी ने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना को 7-6 (5), 6-3, 6-7 (0), 7-6 (4) से हराया। वहीं टेलर टाउनसेंड और येलेना ओस्टापेंको की कोर्ट पर तीखी बहस हो गई। युगल में नंबर एक अमेरिका के टाउनसेंड ने दूसरे दौर का मुकाबला 7-5, 6-1 से जीता। 12वीं रैंकिंग वाले कैस्पर रूड को बेल्जियम के रफेल कोलिंगनन ने 6-4, 3-6, 3-6, 6-4, 7-5 से मात दी। वहीं अल्काराज ने डेढ घंटे से अधिक चले दूसरे दौर में मैच में इटली के 65वीं रैंकिंग वाले मात्तिया बेलूची को 6-1, 6-0, 6-3 से शिकस्त दी। अल्काराज इस टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जिन्होंने सिर मुंडवा रखा है। पांच बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज ने पहला खिताब यहीं पर 2022 में जीता था। वहीं भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और अनुभवी रोहन बोपन्ना अमेरिकी ओपन में देश की चुनौती की अगुआई करेंगे। भांबरी न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ जोड़ी बनाएंगे, जबकि भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना के जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो होंगे। भांबरी और वीनस को 14वीं वरीयता मिली है।


2232443091

### मेदवेदेव पर 42500 डॉलर जुर्माना

टूर्नामेंट रैफरी जैक गार्नर ने खेल भावना के विपरीत आचरण पर दानिल मेदवेदेव पर 30000 डॉलर और रैकेट तोड़ने पर 12500 डॉलर जुर्माना लगाया। मैच खत्म होने के बाद मेदवेदेव ने रैकेट तोड़ दिया था। मेदवेदेव उस समय नाराज हो गए जब चेयर अंपायर ने फोटोग्राफर द्वारा बाधा पहुंचाए जाने के बाद विरोधी खिलाड़ी बेंजामिन बोंजी को पहले सर्विस की अनुमति दे दी।

### कड़ी मशक्कत के बाद मिली जीत

विश्व नंबर एक सबालेंका ने गैर-वरीयता प्राप्त पोलिना कुडेरमेतोवा को 7-6(4), 6-2 से हराया। पहले सेट में जीत के लिए सबालेंका को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन दूसरा सेट उन्होंने आसानी से जीता। दूसरे सेट में कुडेरमेतोवा ने घुटने की चोट के इलाज के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया था। सबालेंका अगर फाइनल में पहुंचती हैं और खिताब जीतने में सफल रहती हैं, तो सेरेना विलियम्स के बाद दूसरी खिलाड़ी बनेंगी। सेरेना ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन बार यूएस ओपन महिला एकल खिताब जीता था। सबालेंका का अगला मुकाबला 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज से होगा, जिन्होंने फ्रांस की एल्सा जैक्वेमोट को 6-2, 3-6, 6-2 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में दूसरे दौर के मुकाबले में गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी इवा जोविक को 6-3, 6-3 से हराया। पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाई। लेकिन, जोविक ने वापसी करते हुए तीन बार ब्रेक पॉइंट हासिल किए, लेकिन वे इसे भुना नहीं पाईं। दो गेम बाद जोविक को दो और ब्रेक पॉइंट मिले, लेकिन वह इसका फायदा भी नहीं उठा सकीं। पाओलिनी ने सेट 6-3 से अपने नाम किया। दूसरा सेट भी पाओलिनी ने 6-3 से अपने नाम किया। विश्व की आठवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी का सामना तीसरे दौरे में 32वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी मैककार्टनी केसलर से होगा।

# एशिया कप आज से : भारत की नजरें विश्व कप में जगह बनाने पर

## भारत बनाम चीन मैच दोपहर तीन बजे से, प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स पर



जेएनएन, राजगीर

तीन बार की चैंपियन भारतीय टीम पिछले कुछ अर्से के खराब फॉर्म को भुलाकर पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के इरादे से उतरेगी, जिसे शुक्रवार को पहले मैच में चीन से खेलना है। कजाखस्तान तीन दशक में पहली बार एशिया कप खेल रही है, जिसने ओमान की जगह ली है, जबकि पाकिस्तान की जगह बांग्लादेश खेल रहा है। अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के आपरेशन सिंदूर के मद्देनजर पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों से नाम वापस ले लिया। पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया पूल-बी में है। हर पूल की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी, जबकि फाइनल सात सितंबर को होगा। यह टूर्नामेंट अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने का भारत के पास सर्वश्रेष्ठ और आखिरी मौका है। भारत ने पहला मौका गंवा दिया, जब यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन के बाद वह एफआईएच प्रो लीग में सातवें स्थान पर खिसक गया। भारत ने आठ में से सिर्फ एक मैच जीता और सात मैच लगातार हारे, जिससे कोच क्रेग फुल्टोन को एशिया कप में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारनी पड़ी है। इस टूर्नामेंट में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम डिफेंस में कोई कोताही नहीं बरत सकती।

**पूल-एः** भारत, चीन, जापान, कजाखस्तान

**पूल-बी :** दक्षिण कोरिया, मलेशिया, बांग्लादेश, चीनी ताइपे

**भारतीय टीम : गोलकीपरः** सूरज करकेरा, कृशन बी पाठक, **डिफेंडरः** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह, **मिडफील्डरः** मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह, **फॉरवर्डः** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह।

**चीन :** चेन चोंगकोंग (कप्तान), ओ शू, चेन किजुन, गाओ जीशेंग, चेन चेंगफू, मेंग युआनफेंग, ली पेंगफेइ, लू युआंलिन, मेंग दिलहाओ, शू जीबिन, दू शिंहाओ, झांग शियाओजिया, ओ शुझू, मेंग नान, लिन चांगलियांग, गुओ शियाओलोंग, वांग वेइहाओ, वांग केइयू, ओ यांग, चेन बेनहाइ।

### चीन को हलके में नहीं लेगा भारत

भारत को अपना पहला मैच चीन से खेलना है, जो विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर है, लेकिन उसे हलके में नहीं लिया जा सकता। चीन की टीम जवाबी हमलों में माहिर है और 2009 में मलेशिया में हुए एशिया कप में तीसरे स्थान पर रही थी। चीन अभी तक सिर्फ एक बार 2008 में मेजबान होने के नाते ओलंपिक खेला था, लेकिन 11वें स्थान पर रहा था। वहीं 2018 विश्व कप में चीन की टीम 10वें स्थान पर रही थी। चीन की टीम में अधिकांश खिलाड़ी मंगोलिया के हैं, जो बरसों से हॉकी से मिलता जुलता बेइकू खेलते आ रहे हैं। पहले दिन अन्य मैचों में मलेशिया का सामना बांग्लादेश से और दक्षिण कोरिया की टीम चीनी ताइपे से होगी। इसके बाद जापान और कजाखस्तान का मुकाबला होगा।

## मैदान से हटकर

### पृथ्वी शॉ ने आकृति अग्रवाल संग की गणेश चतुर्थी की पूजा



देश भर में इस समय गणेश उत्सव की धूम है। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा खिलाड़ी भी सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं। अनिल कुंबले, सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा और रिषभ पंत जैसे दिग्गजों ने गणपति की स्थापना के साथ-साथ प्रशंसकों को बधाई दी। इनमें से सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाला पोस्ट पृथ्वी शॉ का था। भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज शॉ ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आकृति अग्रवाल के साथ गणेश चतुर्थी मनाई। शॉ अक्सर ही चर्चा में बने रहते हैं। इस बार वो भगवान की पूजा करने के बाद तस्वीर पोस्ट कर चर्चा में हैं। उन्होंने ने गणेश चतुर्थी पर भगवान की पूजा करते हुए तीन तस्वीरें पोस्ट कीं। इसमें वो सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आकृति अग्रवाल के साथ नजर आए। दोनों भगवान गणेश की मूर्ति के सामने खड़े होकर पोज देते दिखे। फैंस ने इन तस्वीरों पर कमेंट किए हैं। 19 अगस्त को पृथ्वी ने महाराष्ट्र के लिए अपने डेब्यू में छत्तीसगढ़ के खिलाफ चेन्नई में बुची बाबू इनविटेशनल टूर्नामेंट मैच में शानदार शतक लगाया। पृथ्वी शॉ ने 141 गेंदों में 111 रन बनाए। उन्होंने इस साल की शुरुआत में महाराष्ट्र में शामिल होने का फैसला लिया था। जब उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर चिंताएं थीं। (जेएनएन)

# दानिश दोहरे शतक के करीब, मप्र के रजत का सैकड़ा, मध्य क्षेत्र बड़े स्कोर की ओर

## दलीप ट्रॉफी : पहले दिन मध्य क्षेत्र के उत्तर पूर्व क्षेत्र के खिलाफ 432/2 रन

जेएनएन, बेंगलुरु

विदर्भ के रणजी ट्रॉफी नायक दानिश मालेवार और अनुभवी रजत पाटीदार ने शतक जमाकर गुरुवार को उत्तर पूर्व क्षेत्र के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी, जिससे मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन बारिश के कारण खेल रोके जाने से पहले 77 ओवर में दो विकेट पर 432 रन बना लिए। पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी फाइनल में शतक लगाने वाले 21 साल के मालेवार ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दिन का खेल समाप्त होने के समय वह 198 रन बनाकर खेल रहे थे। आरसीबी के आईपीएल विजेता कप्तान पाटीदार ने 96 गेंदों पर 125 रन की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल (नाबाद 60) को पेट में गेंद लगने के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा। मालेवार का प्रथम श्रेणी में तीसरा और पाटीदार का 14वां शतक है। पाटीदार तेज गेंदबाज फीरोइजम जोतिन की गेंद पर स्वीप करने के प्रयास में डीप स्क्वायर लेग बाउंड्री पर अंकुर मलिक को कैच देकर पवेलियन लौटे। मालेवार और उनके रणजी साथी यश राठौड़ (नाबाद 32) ने तीसरे विकेट के लिए 85 रन की अटूट साझेदारी की।



### जुरेल और ईश्वरन बाहर

ईस्ट जोन के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बुखार के कारण बाहर हो गए हैं। ऑलराउंडर रियान पराग ईस्ट जोन की कप्तानी कर रहे हैं। वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल, जिन्हें सेंट्रल जोन का कप्तान बनाया गया था, वह भी चोट की वजह से बाहर हो गए हैं। जुरेल की जगह अब रजत टीम की कमान संभाल रहे हैं।

### मोहम्मद शमी की शानदार वापसी

सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के प्रभावशाली प्रदर्शन और स्पिनर मनीषी की धारदार गेंदबाजी की बदौलत पूर्वी क्षेत्र ने पहले दिन स्टंप तक उत्तर क्षेत्र को छह विकेट पर 308 रन ही बनाने दिए। आयुष बडोनी (63) ने शानदार पारी खेली। लेकिन पूरा फोकस शमी पर था, जो नवंबर 2024 के बाद से पहला प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे थे। वह पहले दो स्पैल में थोड़ी लय में नहीं दिखे। उत्तर के सलामी बल्लेबाज और कप्तान अंकित कुमार तथा शुभम खजूरिया ने उनका डटकर सामना किया। लेकिन लंच के ठीक बाद उनके तीसरे स्पैल (4-2-9-0) में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। वह ऑफ स्टंप के बाहर बल्लेबाजों की परीक्षा ले रहे थे। बडोनी और निशांत सिंधु के पैड पर कुछ गेंदें लगीं। 34 साल के शमी चौथे स्पैल (5-0-26-1) में दिन का अपना पहला विकेट ले सकते थे, लेकिन कुशाग्र ने 27 के निजी स्कोर पर कन्हैया वधावन (37) का कैच टपका दिया, लेकिन शमी को जल्द ही सफलता मिली जब साहिल लोत्रा को विकेट के पीछे कैच करा दिया। उन्होंने दिन में 17 ओवर (55 रन देकर 1 विकेट) में संतोषजनक प्रदर्शन किया। खजूरिया (26), अंकित (30), यश ढुल (39) और निशांत (47)बड़ी पारी में नहीं बदल सके।

# फिट हसरंगा एशिया कप टीम में शामिल

**कोलंबो, जेएनएन।** श्रीलंका ने एशिया कप के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में लेग स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को चुना गया है। हसरंगा को बांग्लादेश के खिलाफ पिछली सीरीज के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज से बाहर रखा गया था, लेकिन उम्मीद है कि वह यूएई में होने वाली प्रतियोगिता के लिए फिट हो जाएंगे। हसरंगा की वापसी का मतलब है कि एशिया कप के लिए जाने वाली टीम में चार बदलाव हुए हैं, जिसमें अविष्का फर्नांडो, दिनेश चांदीमल, जेफरी वेंडरसे और ईशान मलिंगा शामिल नहीं हैं।



**श्रीलंका टीमः** चरित असलंका (कप्तान), पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कमिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, दुनित वेल्लागे, चमिका करुणारत्ने, महीश तीक्षना, दुशमंथा चमीरा, बिनुरा फर्नोंडो, नुवान तुषारा, मतिशा पथिराना।

# एशिया कपः भारतीय खिलाड़ी चार सितंबर को दुबई में टीम से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सूर्यकुमार यादव की अगुआई में 15 सदस्यीय भारतीय टीम नौ सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए चार सितंबर को दुबई में एकत्रित होगी। आमतौर पर निर्धारित परंपरा से हटकर खिलाड़ी अपने-अपने स्थानों से सीधे दुबई पहुंच कर वहां टीम से जुड़ेंगे। इससे पहले अमूमन टीम रवाना होने से पहले मुंबई में एकत्रित होती थी। यह निर्णय व्यवस्था तथा खिलाड़ियों की यात्रा सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी खिलाड़ी चार सितंबर की शाम तक दुबई पहुंच जाएंगे और पहला नेट सत्र पांच सितंबर को आईसीसी अकादमी में आयोजित किया जाएगा। लॉजिस्टिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को अपने-अपने शहरों से सीधे दुबई पहुंचने के लिए कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि जाहिर है टीम के कुछ



सदस्य मुंबई से रवाना होंगे, लेकिन कुछ अन्य सदस्यों का मानना है कि पहले मुंबई पहुंचकर दुबई के लिए उड़ान भरना समझ से समझ से परे है। वैसे भी दुबई पहुंचने में अन्य अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की तुलना में कम समय लगता है। भारत टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 10 सितंबर को यूएई से भिड़ेगा और उसके बाद 14 सितंबर को दुबई में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। सुपर फोर चरण से पहले उसका तीसरा ग्रुप मैच 19 सितंबर को ओमान के खिलाफ होगा

# विश्व चैंपियनशिपः सिंधू और ध्रुव-तनिषा की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस, जेएनएन।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की वांग झी यी को 21-19, 21-15 से हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बासेल में 2019 में विश्व खिताब जीतने वाली दुनिया की 15वीं रैंकिंग की सिंधू को प्री-क्वार्टर फाइनल में जीत हासिल करने के लिए 48 मिनट का समय लगा। इससे उन्होंने चीनी खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 3-2 कर लिया। इस 30 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का सामना क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की विश्व की नौवें नंबर की खिलाड़ी पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। इंडोनेशिया की खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में सुदीरमन कप में सिंधू को सीधे गेम में हराया था, हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में एशियाई खेलों के दूसरे दौर के मुकाबले में जीत हासिल की थी। भारत के ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने भी हांगकांग की विश्व में पांचवें नंबर की जोड़ी तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट को 63 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21,



21-12, 21-15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं एचएस प्रणय बड़ा उलटफेर करने के करीब पहुंचकर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से हारकर बाहर हो गए। दो साल पहले विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके प्रणय को डेढ घंटे तक चले मुकाबले में 8-21, 21-17, 21-23 से पराजय झेलनी पड़ी।

# आर अश्विन एक अलग कहानी लिख रहेः चोपड़ा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल से संन्यास ले लिया है। ब्रिटिश मीडिया में चर्चा है कि वह द हंड्रेड क्रिकेट लीग के अगले सीजन में दिख सकते हैं। इस पर पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने उनकी तारीफ करते हुए कहा है कि यह अभूतपूर्व कदम होगा और ये दूसरे भारतीय खिलाड़ियों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकता है। चोपड़ा ने कहा, अश्विन ने आईपीएल को भी अलविदा कह दिया है और अब वह कह रहे हैं कि वह अब बाहर की अन्य लीग में खेलने के लिए जाएंगे। उनका आईपीएल करियर शानदार रहा है, लेकिन हर अच्छी कहानी का एक अंत होता है, और उनकी कहानी यहां खत्म हुई। क्या इसका मतलब यह है कि दूसरे भारतीय खिलाड़ी भी दूसरे लीग में खेलने के लिए जाएंगे? चोपड़ा ने साथ में चाहकर भी आईपीएल नहीं छोड़ पाने की भारतीय क्रिकेटरों की मजबूरी और चुनौतियों का भी जिक्र किया।

## खेल एक नजर

### माइकल क्लार्क को स्किन कैंसर, हुई छठी सर्जरी

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क की स्किन कैंसर की छठी सर्जरी हुई है। उनकी यह सर्जरी नाक से एक घाव को हटाने के लिए हुई है। विश्व कप 2015 विजेता कप्तान 44 वर्षीय क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन के बाद की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें लोगों से नियमित रूप से त्वचा की जांच को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया, विशेषकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जहां सूर्य की किरणों का संपर्क अधिक होता है। क्लार्क ने इंस्टाग्राम पर लिखा, त्वचा कैंसर वास्तविक है! खासकर ऑस्ट्रेलिया में। आज मेरी नाक से एक और घाव काट दिया गया। अपनी त्वचा की जांच करवाने के लिए एक दोस्ताना रिमाइंडर। रोकथाम इलाज से बेहतर है, लेकिन मेरे मामले में, नियमित जांच और जल्दी पता लगाना महत्वपूर्ण है। क्लार्क को पहली बार 2006 में उनके खेल करियर के दौरान त्वचा कैंसर का पता चला था और तब से वह कई बार सर्जरी करा चुके हैं। 2019 में उनके माथे सहित तीन घावों को हटाया गया था। वर्ष 2023 में उनके सीने से बेसल सेल कार्सिनोमा हटाए जाने के बाद उन्हें 27 टांके लगाने पड़े, जिसके बाद उन्होंने जागरूकता फैलाने के लिए ऑस्ट्रेलियाई त्वचा कैंसर फाउंडेशन के साथ साझेदारी की।



## सिटी स्पोर्ट्स

# फिट इंडिया शपथ से शुरुआत, मध्यप्रदेश हॉकी व रेलवे के बीच मैच, संडे ऑन साइकिल से समापन

### राष्ट्रीय खेल दिवस आज तीन दिन होंगी प्रतियोगिताएं

**भोपाल, खेप्र।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज शुक्रवार से तीन दिवसीय खेल एवं फिटनेस कार्यक्रम होंगे। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष तीन दिन खेल महोत्सव चलेगा। इसकी शुरुआत टीटी नगर स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित एवं फिट इंडिया शपथ के साथ होगी। दिन में मप्र हॉकी और रेलवे के बीच एक मैच होगा। तीसरे दिन समापन संडे ऑन साइकिल के साथ होगा। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को टीटी नगर स्टेडियम के मेजर ध्यानचंद हॉल में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम को लेकर उच्च स्तरीय बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 313 ब्लॉक्स में विविध खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।



### हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स और बैडमिंटन गेम होंगे

29 अगस्त को सुबह 7:30 बजे टीटी नगर स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर फिट इंडिया शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद 'एक घंटा खेल के मैदान में' अभियान के अंतर्गत योग, फुटबॉल, एथलेटिक्स, जूडो, बैडमिंटन और बॉक्सिंग जैसे खेलों का आयोजन होगा। शाम 4 बजे मप्र हॉकी अकादमी परिसर में एमपी हॉकी बनाम रेलवे के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। दूसरे दिन सेमिनार और एंटी-डोपिंग जागरूकता कार्यक्रम होगा। इसमें मोटिवेशनल स्पीकर एवं पूर्व क्रिकेटर मदनलाल शर्मा, स्पोर्ट्स इंजरी डॉक्टर मनोज नागर, मनोविज्ञान डॉ. संजना किरन (हाइपरफॉर्मेन्स स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट) वक्तव्य देंगे। टीटी नगर स्टेडियम में सरदारपुर और विचारपुर की महिला टीम के बीच फुटबॉल मैच होगा। अंतिम दिन सुबह 8:30 बजे संडे ऑन साइकिल (5 किमी रूट, राजा भोज प्रतिमा, बड़ा तालाब से वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी) होगी।

# भोपाल के कमल चावला ने रजत जीता एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई

**भोपाल, खेप्र।** वर्ल्ड 6 रेड स्नूकर चैंपियन भोपाल के कमल चावला ने पहली हे बॉल पूल नेशनल चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता। यह चैंपियनशिप दिल्ली में आयोजित की गई। शहर के कमल का नेशनल लेवल पर यह 16वां पदक है। वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 15 पदक देश के लिए जीत चुके हैं। खिताबी मुकाबले में उन्हें दिल्ली के संदीप गुलाटी से 7-6 से शिकस्त मिली। कमल ने रजत पदक अर्जित कर 4 अक्टूबर से जॉर्डन में खेली जाने वाली एशियन हे बॉल चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया। स्पर्धा में भोपाल के उजैर खान और प्रियंक जायसवाल प्री क्वार्टर फाइनल तथा पीयूष कुशवाहा, अनुराग गिरी और संदीप यादव नॉक आउट राउंड तक पहुंचे थे। बिलिड्र्स व स्नूकर फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह पहली हे बॉल नेशनल पूल चैंपियनशिप थी, जिसका उद्देश्य हे बॉल खेल को देश में लोकप्रिय बनाना है। उम्मीद की जा रही है की हे बॉल खेल ओलंपिक खेल में शामिल होगा। कमल, भारतीय रेलवे में कार्यरत हैं और डीआरएम कार्यालय में पदस्थ हैं।



## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**सतना।** गणेश उत्सव, गणेश विसर्जन, मिलाद उन-नवी एवं दशहरा तथा अन्य आगामी त्यौहारों के संबंध में जिले में शांति एवं सद्भावना बनाए रखने के उद्देश्य से 29 अगस्त 2025 को सायं 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस एवं थाना प्रभारी को अपने-अपने अनुभाग की शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये है।

## दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के कार्यक्रम आज

**सतना।** राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रीय खेल दिवस फिट इंडिया के तहत दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सतना में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 अगस्त को प्रातः 7.15 बजे दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स सतना में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, फिट इंडिया शपथ एवं फुटबाल, रस्साकशी मनोरंजन खेल का आयोजन किया जायेगा।

# 5 क्वि. महुआ लाहन जब्त, अवैध शराब निर्माण के ठिकाने पर पुलिस का प्रहार

जागरण, सतना

अवैध शराब बनाने वाले ठिकाने पर पुलिस ने प्रहार करते हुये 5 क्वि. महुआ लाहन सहित कच्ची शराब बनाने में प्रयोग की जाने वाली सामग्री को नष्ट कराया है। यह कार्यवाही मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश एवं एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी द्वारा की गई है।



### ये है विवरण

अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के क्रम मे सूचना संकलन के दौरान हरदुआ कोठार मे हाथ भट्टी की महुआ शराब बनाने के लिये महुआ लाहन गलाने की भट्टी बड़े पैमाने पर लगाने की सूचना प्राप्त होने पर वरिष्ठ अधिकारियो को सूचित किया गया जिस पर एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा के नेतृत्व मे टीम गठित कर उक्त स्थान पर एकाएक दबिस दी गई। मौके पर महुआ लाहन गलाने के लिये महुआ, प्लास्टिक के डिब्बे करीबन 20 नग 05 छोटे.बड़े ड्रम मिले । जिससे यह स्पष्ट था कि बड़े पैमाने पर अवैध शराब निर्माण का कार्य किया जाकर इसकी बिक्री की जानी थी। लिहाजा उक्त महुआ लाहन व प्लास्टिक के डिब्बे जिसमे फुले हुये महुआ रखा था को नष्ट किया गया एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी रामनगर को निर्देश दिये गये कि इस प्रकार की अवैध शराब निर्माण की गतिविधियो पर अपनी पैनी नजर बनाये रखे और कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की गतिविधियों मे संलिप्त होना पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करे। कार्यवाही में कुल 20 हजार रूपये कीमत का महुआ लाहन नष्ट कराया है।

### आखिर क्या कर रहा आबकारी महकमा

एक तरफ आम जनमानस की सुरक्षा का दायित्व सम्हालने के बाद भी पुलिस द्वारा अवैध शराब बनाने के ठिकाने पर बडी कार्यवाही कर भारी मात्रा में महुआ लाहन नष्ट कराया गया है मगर आबकारी विभाग का अमला न जाने इन दिनो क्या कर रहा है। लम्बे समय से आबकारी विभाग द्वारा इस तरह की कोई कार्यवाही किये जाने की बात सामने नही आई।

# लापरवाही करने वालों के विरुद्ध करो कार्यवाही

### अमरपाटन जनपद क्षेत्र की दो पंचायतों का भ्रमण कर जिला पंचायत सीईओ ने देखे निर्माण





**जागरण, सतना।** जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने गुरूवार को जनपद पंचायत अमरपाटन के अंतर्गत दो ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया एवं वहां हो रहे निर्माण कार्यो को देखा है। जिला पंचायत सीईओ ने जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुये कहा है कि कार्य में यदि कोई लापरवाही करता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही करो। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत ककरा , मढी वीरदत्त पंचायत में चल रहे कार्यो का अवलोकन किया है। उन्होने सरपंच सचिवों को गुणवत्ता युक्त और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### सचिव व जीआरएस की ली बैठक

जनपद पंचायत अमरपाटन में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन आईएएस द्वारा ग्राम पंचायतों के सचिव,ग्राम रोजगार सहायकों की बैठक ली गईं जिसमें अपूर्ण अप्रारंभ निर्माण कार्य आवास व अन्य कार्यों में तीव्र गति से प्रगति लाने के संबंध में समीक्षा बैठक 3 बजे से जनपद पंचायत के सभाकक्ष में की गई जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना में जारी प्रथम द्वितीय तृतीय किस्त अनुसार समय सीमा में मकानों को पूर्ण कराने साथ ही तकनीकी अमले को निर्देश दिए गए कि आप सतत मॉनिटरिंग करे तथा सीईओ जनपद पंचायत सतत प्रगति से मुझे अवगत कराए और लापरवाही करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करेएतथा एक बगिया मां के नाम के कार्य की समीक्षा एन आर एल एम स्टॉफ से किया गया जो कि सिपरी से स्वीकृत कार्यों के तत्काल वर्क कोड जनरेट करने जिओ टैग करने तकनीकी एवं प्रशासकीय कराते हुए मस्टर जारी कराते हुए कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। एक सप्ताह में 100 हितग्राहियों का जिनका रजिस्ट्रेशन हो चुका है उन पर आवश्यक कार्यवाही कर कार्य कराने हेतु भी निर्देश दिए गए है ।तथा 15 वे वित्त अंतर्गत उपलब्ध राशि को किन कार्यों में व्यय किया जाना है ।इस पर भी बृहद चर्चा की गई ।चर्चा के दौरान शासकीय जमीन उपलब्ध होने पर पार्क बनाने व बड़ी चौड़ी ढकी हुई नाली बनाने जैसे कार्यों को लिए जाने पर चर्चा की गई ।बैठक उपरांत दो ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया गया ।ग्राम पंचायत ककरा में अटल पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया । जिसमें साफ सुथरा रखने व गुणवत्ता युक्त सामग्री का उपयोग कर समय सीमा में कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश सरपंच को दिए गए ।साथ उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री संजना जैन पें सीईओ जनपद पंचायत वेदमणि मिश्रा जनपद पंचायत एन आर एल एम स्टॉफ मनरेगा स्टॉफ ग्राम पंचायत के सचिवए ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। भ्रमण पर पहुची जिला पंचायत सीईओ से वहां खिलाडियों ने बाउड्रीवाल बनवाने की मांग की है। उन्होने ककरा में जनसुनवाई भी की।

# गांजा का परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सतना।** गांजा का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर पुलिस ने दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी द्वारा की गई है पकडे गये आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने दो किलो 330 ग्राम गांजा जप्त किया है।





### ये है विवरण

पुलिस ने बताया कि 28 अगस्त की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाइक क्रमांक एमपी 19 एमक्यू 3416 से दो व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा लेकर बिक्री हेतु सरकारी अस्पताल के पीछे वाले रास्ते से जाने वाले है । उक्त सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी रामनगर निरी0 विजय त्रिपाठी के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा मुखबिर के बताये हुये स्थान सरकारी अस्पताल के पीछे वाले रास्ते मे पहुंचकर छिपकर मोटर सायकल एमपी 19 एमक्यू 3416 का इतंजार करने लगे तभी उक्त नंबर की मोटर सायकल आती दिखी जिसे रोककर संदेही से नाम पता पूछने पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम कुलदीप पटेल निवासी ग्राम बम्हनाड़ी एवं पीछे बैठे व्यक्ति मे अपना नाम मनीष पटेल निवासी बरदहा थाना रामनगर का होना बताये। मोटर सायकल के बीच मे लिये सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी की तलाशी लेने पर कुल 02 किलो 330 ग्राम अबैध मादक पदार्थ गाजा होना पाया गया। जिसके संबंध मे पुलिस द्वारा वैधानिक प्रावधानो के तहत मादक पदार्थ गांजा एवं परिवहन मे प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

गांजा का परिवहन करते पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी कुलदीप पटेल पिता गंगादीन पटेल उम्र 24 साल निवासी ग्राम बम्हनाड़ी, मनीष पटेल पिता रामनरेश पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी बरदहा थाना रामनगर को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 20 हजार रूपये का गांजा और 70 हजार रूपये कीमत की बाइक जप्त की गई है।

## गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्वच्छता शपथ एवं जनजागरूकता संदेश

**जागरण, सतना।** गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर नगर पालिक निगम की टीम द्वारा शहर के विभिन्न पंडालों में स्वच्छता शपथ दिलाई गई। मुनादी के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया गया। लोगों को यह समझाया गया कि त्योहारों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें प्लास्टिक का प्रयोग न करें तथा पूजादृसामग्री को नालियों अथवा जल स्रोतों में न डालें। पंडाल समितियों एवं श्रद्धालुओं को जिम्मेदारीपूर्वक कचरे का पृथक्करण करने एवं निर्धारित स्थल पर ही कचरा डालने हेतु प्रेरित किया गया। उपस्थित नागरिकों ने शपथ ली कि वे अपने आसदृपास स्वच्छता बनाए रखेंगे तथा श्क्लीन सिटी दृ ग्रीन सिटीश् अभियान में सक्रिय योगदान देंगे।

# सहकारी समितियों में किया जा रहा खाद का वितरण



**जागरण, सतना।** जिले भर में सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं द्वारा खाद का लगातार वितरण किया जा रहा है। निजी विक्रेताओं और सहकारी समितियों को आवंटित खाद राजस्व अधिकारियों की निगरानी में वितरित की जा रही है। खाद का लगातार वितरण जारी रहेगा। गुरूवार को बिरला रोड आईटीआई, एमपी एग्रो एवं उचेहरा में खाद का वितरण किया गया। इसी प्रकार मैहर जिले की उर्वरक वितरण केन्द्र कटिया एवं रामनगर तहसील की देवराजनगर में खाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें



**जागरण, सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com